इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, विरासत का नायाब तोहफा हैं विंटेज कारें व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

फाल्गुन कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा विक्रम संवत 2080

अमृत विचार

वर्ष 4, अंक 8, पृष्ठ 16+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

आज का मौसम 27.0° अधिकतम तापमान 13.0° न्यूनतम तापमान आसमान में आंशिक बादल, धूप खिली रहेगी। सूर्योदय 06:37 सूर्यास्त 06:07

हल्द्वानी, रविवार, 25 फरवरी 2024

टेस्ट में 600 रन बनाने वाले यशस्वी 5वें भारतीय...13

Smiles of Success

JEE Main 2024 (Session -1) Champions

JEE (Main) 2024 23 STUDENTS QUALIFIED FOR JEE (Adv.) OUT OF 27 STUDENTS

उत्तर प्रदेश में नंबर 1 बनाने लिए, आपके इस अटूट विश्वास के लिए हम रात दिन तत्पर हैं, आपके लाढ़ले के लिए

1 RANK U.P. West — 99.92 %ile — KAPISH GUPTA, Class X-XII & XIII Pass (4 Years Program)

2 RANK U.P. West — 99.92 %ile — ABHIRAJ BHARANGAR, Class IX-XII (4 Years Program)

3 RANK U.P. West — 99.87 %ile — AARAV, Class-XII & XII Pass (2 Years Program)

21 PROTONians Proved their Excellence in JEE Advanced 2022–23 by Securing Positions in IITs



SANKALP SHARMA	ADITYA AGARWAL	AMEEN AAZAM	AYUSH SINGH	RUDRA SHARMA	SAHITYA
99.66%ile	99.69%ile	99.75%ile	99.84%ile	99.66%ile	99.21%ile
IIT ROORKEE [Engg. Physics] JEE(Adv)'22 AIR-4324	IIT DELHI [Engg. Physics] JEE(Adv)'22 AIR-2925	IIT HYDERABAD [Electrical Engg.] JEE(Adv)'23 AIR-1742	IIT DELHI [Computer Science] JEE(Adv)'23 AIR 44 (SC) AIR-2252	IIT ROORKEE	IIT BHU [Ceramic Engineering] JEE(Adv)'23 AIR-2193 (GEN-EWS)



SHRESTH SRIVASTAVA	MUDIT SOMANI	ROHAN DAGAR	ANUJ GAUR	MAYANK SINGH	DHRUV AGARWAL	MEHUL KUMAR
JEE(Adv)'23 AIR 15164	IIT PALAKKAD [Computer Science] JEE(Adv)'22 AIR 5459 (Gen)	IIT (ISM) DHANBAD [Computer Science] JEE(Adv)'22 AIR 6710	IIT KANPUR [Aerospace Engg.] JEE(Adv)'22 AIR 842 (EWS) AIR-CRL 6761	IIT DELHI [Mathematics & Computing] JEE(Adv)'22 AIR 180 (SC) AIR-CRL 7495	IIT ROPAR [Mech. Engineering] JEE(Adv)'22 AIR 8184	IIT ROORKEE [Engineering Physics] JEE(Adv)'23 AIR 9019
JEE(Main)'24 98.63%ile	JEE(Main)'22 98.71%ile	JEE(Main)'22 98.96%ile	JEE(Main)'22 98.64%ile	JEE(Main)'22 98.86%ile	JEE(Main)'22 98.68%ile	JEE(Main)'23 98.89%ile

PRATYUSH	KHUSHAL YADAV	TEJAS DIWAKAR	PRATHAM SINGH	SUNNY BHARTI	SHUBHAM KUMAR
IIT GOA [Electrical Engineering] JEE(Adv)'22 AIR 7498	IIT PATNA [Engg. Physics] JEE(Adv)'22 AIR 4908 (OBC)	IIT BHU [Computer Science] JEE(Adv)'22 AIR 265 (SC) AIR-CRL 9965	IIT ROORKEE [Civil Engineering] JEE(Adv)'23 AIR 1565 (SC)	IIT ROPAR [Mech. Engineering] JEE(Adv)'22 AIR 1791 (SC)	IIT JAMMU [Civil Engineering] JEE(Adv)'22 AIR 2558 (SC)
JEE(Main)'22 97.51%ile	JEE(Main)'22 97.58%ile				

11 PROTONians Proved their Excellence in NEET (UG) by Securing Positions in MBBS

616/720	618/720	625/720	640/720	650/720	661/720	606/720	588/720	579/720	545/720	480/720
GMC, SHAHJAHANPUR	KCGMC, KARNAL	UPUMS, SAIFAI	GMC, NAGPUR	GIMS, NOIDA	AFMC, PUNE		KMC, MANIPAL	AIIMS, HYDERABAD		MALDA MEDICAL COLLEGE
RIMJHIM VERMA	SHREYA VERMA	JITIKA PURI	VARSHA SHARMA	KARANDEEP SINGH	ABHAY SINGH	VANSH BHIMRAJKA	ARPITA GILL	MOHNISH SEN	SHALINI SINGH	PURNIMA SINGH
NEET(UG)'22 | XII Pass	NEET(UG)'23 | XII Pass	NEET(UG)'22 | XII Pass	NEET(UG)'22 | XI-XII	NEET(UG)'22 | XI-XII	NEET(UG)'21 | XII Pass	NEET(UG)'23 | XII Pass	NEET(UG)'21 | XII Pass	NEET(UG)'21 | XII Pass	NEET(UG)'23 | XII Pass	NEET(UG)'21 | XII Pass

11 PROTONians Proved their Excellence in JEE Main 2002-23 by Securing Positions in MNIT & IIITs

YASH AWASTHI	ABHINEET AGARWAL	KSHITIJ PANDAY	SAHIL SHARMA	NANDNI SHARMA	ANSH AGARWAL	KANISHKA CHAUDHARY	SOMYA AGARWAL	SANIDHYA VAISHNAV	DHAIRYA JAIN	SHREYA CHADDHA
NIT Jamshedpur [Electrical Engineering] JEE(Main)'22 98.41%ile Enrolled in XII Pass	MNNIT Allahabad [Mech. Engineering] JEE(Main)'22 98.34%ile Enrolled in XI & XII	DTU [Electrical Engineering] JEE(Main)'22 98.38%ile Enrolled in XII Pass	IIIT Lucknow [Computer Science] JEE(Main)'22 98.52%ile Enrolled in XII Pass	IIIT Surat [Computer Science] JEE(Main)'22 94.65%ile Enrolled in XI & XII	IIIT Surat [Electrical Engineering] JEE(Main)'22 95.88%ile Enrolled in XI & XII	IGTU DELHI [Computer Science] JEE(Main)'23 96.79%ile Enrolled in XI to XII	NIT BANGALORE [Computer Science] JEE(Main)'23 98.48%ile Enrolled in XI to XII	IIIT NAGPUR [Electrical Engineering] JEE(Main)'23 96.47%ile Enrolled in XII Pass	MKU DELHI [Electrical Engineering] JEE(Main)'23 95.11%ile Enrolled in XI to XII	GGSIPU DELHI [ML & Artificial Intelligence] JEE(Main)'23 94.80%ile Enrolled in XI to XII & XII Pass

21 IITians ✓ 11 NITians+IITians ✓ 28 JEE (Adv) ✓ 110 JEE (Main) ✓ 16 Central & Deemed Universities ✓ 1 AIIMS ✓ 1 AFMC ✓ 11 MBBS Govt.Medical College ✓ 7 600+ Marks in NEET ✓ 16 500+ Marks in NEET ✓ 2 100%ile in CUET 2022 ✓ 4 NDA ✓ 8 KVPY ✓ 4 NTSE ✓ 3 Indian Olympiad

कोटा, दिल्ली का अद्भुत संगम PROTON! India's Top faculties now in Moradabad

BIOLOGY	BIOLOGY	MATHEMATICS	MATHEMATICS	PHYSICS	PHYSICS	PHYSICS	CHEMISTRY	CHEMISTRY	CHEMISTRY
DR. A.K. SINGH [AKS Sir]	KUNAL SHARMA [KS Sir]	SUMIT KUMAR [SK Sir]	CHANDRA PRAKASH [CP Sir]	ROHIT RAJPUT [RR Sir]	VINOD KR SINGH [VK Sir]	CHIRAG SANGHI [CHS Sir]	S. K. RAJPUT [SKR Sir]	SANJEEV KUMAR [SK Sir]	DR. PARAS ARORA [PRS Sir]
IIT BHU Alumnus	JNU Alumnus	MNIT ALLAHABAD Alumnus	IIT BHU Alumnus	IIT Delhi Alumnus	IIT Kharagpur Alumnus	IIT Roorkee Alumnus	IIT Roorkee Alumnus	NIT Raipur Alumnus	IIT-H & IIT Roorkee Alumnus
Senior Faculty	Senior Faculty	Senior Faculty	Senior Faculty	Senior Faculty	Senior Faculty	Senior Faculty	Senior Faculty	Senior Faculty	Senior Faculty
10 Years Experience	12 Years Experience	5 Years Experience	15 Years Experience	10 Years Experience	10 Years Experience	8 Years Experience	10 Years Experience	8 Years Experience	10 Years Experience

ADMISSION ANNOUNCEMENT (SESSION 2024-25)

Class Starting Date for X to XI moving students
Enthusiastic Course (Phase - I : 2 Years Classroom Program)
JEE (Main + Adv) : 28th March, 04th & 18th April' 24
NEET (UG) : 28th March, 04th & 18th April' 24
Admission Mode : PRO-SAT / Direct

Class Starting Date for XII & XII Passed students
Leader Course (Phase - I : 1 Year Classroom Program)
JEE (Main + Adv) : 28th March, 25th April', 02nd & 30th May' 24
NEET (UG) : 28th March, 25th April', 02nd & 30th May' 24

Class Starting Date for IX & X moving students
Nurture Course (Phase - I : 1 to 4 Years Classroom Program)
NTSE/NSEJS/IOQ /Board: 28th Mar, 04th ,18th April & 02nd May' 24
Admission Mode : PRO-SAT / Direct

PROTON EDUCATION CENTRE OF EXCELLENCE

The Premier Institute for IIT-JEE | NEET | OLYMPIADS

6 Year OF EXCELLENCE Since 2019

"Our each step is committed towards nurturing your child's talent"

RP RATHORE
FOUNDER

Above KFC, Pili Kothi Chauraha, Civil Lines, Moradabad | 7302826555 | 9997710555 | theprotonedu | https://theprotonedu.com

पिछले वर्ष की तुलना में 4135 परीक्षार्थी हुए कम, 16 मार्च को समाप्त होंगी परीक्षाएं

उत्तराखंड बोर्ड की परीक्षाएं 27 फरवरी से

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद बोर्ड की इस बार 10वीं और 12वीं की परीक्षा 27 फरवरी से शुरू हो रही हैं, जो कि 16 मार्च को समाप्त होंगी।

सचिव नीता तिवारी ने बताया कि बोर्ड द्वारा इस बार 162 संवेदनशील के साथ ही अतिसंवेदनशील परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इसमें 156 संवेदनशील जबकि 6 अतिसंवेदनशील केंद्र बनाए गए हैं। इस बार 10 वीं कक्षा में 113281 परीक्षार्थी रेगुलर शामिल होंगे। जबकि 2325 प्राइवेट परीक्षार्थी शामिल होंगे। 10वीं में इस बार कुल 115606 परीक्षार्थी शामिल होंगे। 12वीं कक्षा में संस्थागत परीक्षार्थी 90351 जबकि प्राइवेट परीक्षार्थी 4397 होंगे। इंटरमीडिएट में कुल 94748 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। वहीं 10वी और 12 वी में कुल 210354 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

27 फरवरी को दसवीं का हिंदुस्तानी संगीत, जबकि 12वीं का हिंदी कृषि का पेपर होगा। विद्यालयी परिषद ने परीक्षाओं को लेकर अपनी सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद का मुख्यालय

अटल उत्कृष्ट विद्यालयों में होगी 28 फरवरी से गृह परीक्षा

भीमताल : अटल उत्कृष्ट विद्यालय समिति से जुड़े लगभग 60 विद्यालयों में 28 फरवरी से गृह परीक्षा होगी। इस बार परीक्षा सीबीएसई बोर्ड के समानांतर रखी गई है। गृह परीक्षा को बोर्ड परीक्षा के मध्य निर्धारित अंतरालों में रखी गई है। इससे विद्यालय सभी बच्चों के लिए खुले रहेंगे। इससे पूर्व बोर्ड परीक्षा के दौरान 10 व 12 के अतिरिक्त अन्य कक्षाओं के छात्रों के लिए विद्यालय बंद रहते थे। अटल उत्कृष्ट समिति के सचिव आशुतोष साह ने बताया कि सीबीएसई के अन्य विद्यालयों व समिति की तरह इस योजना को कार्यान्वित किया गया है। अन्यथा विद्यालयों को अपने स्तर से ही परीक्षा करानी पड़ती थी, जिससे विद्यालयों पर अधिक आर्थिक बोझ पड़ता था। इस व्यवस्था के साथ उत्तरकाशी, देहरादून, चमोली, पौड़ी, अल्मोड़ा, बागेश्वर, चम्पावत, ऊधम सिंह नगर व नैनीताल जनपद के विद्यालय जुड़े हैं।

लेक सिटी वेलफेयर की महिला होली 17 मार्च को

नैनीताल। लेक सिटी वेलफेयर क्लब की ओर से इस बार महिला होली महोत्सव को धूमधाम से मनाने का फैसला लिया है। लेक सिटी वेल्फेयर क्लब की बैठक अध्यक्ष मीनू बुधलाकोटी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि महिला होली का आयोजन 17 मार्च को करेंगे। यह आयोजन शहर के मल्लीताल स्थित सेवा समिति हाल सभागार में होगा।

इसके लिए दीपा पांडे को संयोजक, हेमा भट्ट, रानी शाह, जीवंती भट्ट, अमिता शाह को सह संयोजक नियुक्त किया गया है। इस दौरान ज्योति ढोडियाल, प्रेमा अधिकारी, आभास शाह, विनीता पांडे, नीरू शाह, कंचन जोशी, रेखा जोशी ,सोनू सह, मधुमिता, कविता त्रिपाठी, गीता शाह, आशा पांडे, पल्लवी, मीनाक्षी कीर्ति, दीपा रौतेला, खष्टी बिष्ट आदि मौजूद रहे।

बुनियादी साक्षरता को समझना जरूरी

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : प्रारंभिक स्तर पर बच्चों में भाषा एवं गणित की दक्षताओं को आसानी से एवं प्रभावी रूप में विकसित करने के लिए शिक्षकों को बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान की अवधारणा से परिचित होना होगा। यह बात खंड शिक्षा अधिकारी तारा सिंह ने कही।

राजकीय इंटर कॉलेज रामनगर के सभागार में निपुण भारत के अंतर्गत आयोजित इस एक दिवसीय कार्यशाला में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के विशेषज्ञों ने प्रतिभाग किया।

समग्र शिक्षा के ब्लॉक समन्वयक मनोज तिवारी के संचालन में आयोजित इस कार्यशाला में बुनियादी साक्षरता एवं संख्याज्ञान (एफएलएन) पर प्रोजेक्टर एवं समूह चर्चा आदि के माध्यम से कार्य किया गया।

कार्यशाला में प्रधानाचार्य बलवंत सिंह मनराल, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की दीपा रानी, निशीकांत कुमार, भास्कर उप्रेती, नंदराम, मनोज कश्मीरा, शंकर पांडे, सुरेश चौधरी, दीपक सिंह, मनोज सिंह, सुभाष गोला, ताहिर हुसैन, अनूप शाह, मनोज कुमार, सुरभि तिवारी आदि ने प्रतिभाग किया।

कार्यशाला के दौरान मौजूद शिक्षा अधिकारी। ● अमृत विचार

फार्मेसी अनुसंधान में उभरते अवसरों की जानकारी दी

भेषज विज्ञान विभाग में डॉ. सौम्या पंत।

भीमताल : कुमाऊं विश्वविद्यालय के भेषज विज्ञान विभाग भीमताल व प्लेसमेंट और काउंसलिंग सेल कुमाऊं विश्वविद्यालय के तत्वावधान में सर जेसी बोस तकनीकी परिसर भीमताल में अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता अमेरिका स्थित पैथ क्लिनिकल डेवलपमेंट की उपाध्यक्ष एवं पूर्व छात्रा डॉ. सौम्या पंत थीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सौम्या पंत, काउंसलिंग सेल के निदेशक डॉ. दिव्या उपाध्याय, परिसर निदेशक डॉ. एलके सिंह आदि ने दीप प्रज्जवलन करके किया। डॉ. सौम्या पंत ने फार्मेसी अनुसंधान एवं विकास में उभरते अवसरों व चुनौतियों के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन कोमल चंद्र ने किया।

युवराज 11 और मां भगवती क्रिकेट क्लब ने मैच जीते

भीमताल : मिनी स्टेडियम मल्लीताल में सिक्स एएम के तत्वावधान में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में पहला मैच कुमाऊं क्रिकेट अकादमी और युवराज 11 के मध्य खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए युवराज 11 ने 4 विकेट पर 204 रन बनाए। जवाब में उतरी कुमाऊं क्रिकेट अकादमी की टीम दो विकेट के नुकसान पर मात्र 142 रन ही बना पाई। दूसरा मैच मां भगवती क्रिकेट क्लब और सीसी मुक्तेश्वर के मध्य खेला गया। इसमें मां भगवती क्रिकेट क्लब ने पांच विकेट पर 196 रन बनाकर मैच जीत लिया।

शिवरात्रि मेले को लेकर बनाई गई रणनीति

छोटा कैलाश में 7 मार्च को होगा तीन दिवसीय मेले का उद्घाटन, चोटी तक की जाएगी बिजली की व्यवस्था

- 15 पर्यावरण मित्रों को मेले में लगाया जाएगा
- इस बार स्वास्थ्य शिविर भी लगाने पर सहमति बनी

संवाददाता भीमताल

अमृत विचार : विकास भवन सभागार में जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया की अध्यक्षता में पिनरौ ग्राम सभा में स्थित छोटा कैलाश में तीन दिवसीय शिवरात्रि मेले को लेकर अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की बैठक हुई।

इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने इस वर्ष और भव्यता के साथ शिवरात्रि मेले के आयोजन की मांग उठाई गई।

तय किया गया कि 7 से 9 मार्च तक मेले स्थल में पुलिस तैनात रहेगी। 7 मार्च को मेले का उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया करेंगी। वहीं सचल शौचालय, विद्युत व्यवस्था और पेयजल व्यवस्था संबंधित विभाग करेंगे। आदि कैलाश विकास समिति कार्य में सहयोग के साथ साथ चोटी में पेयजल उपलब्ध कराएगी।

निर्णय लिया गया कि चोटी तक विद्युत व्यवस्था का प्रबंध किया जाएगा। जिला परियोजना अधिकारी उरेडा ने 6 लाइट लगाए जाने की बात कही।

15 पर्यावरण मित्र मेले स्थल में लगाए जाएंगे। तय किया गया कि मेले स्थल में भटेलिया, मंदिर स्थल और बीच बाजार जहां दुकानें लगती हैं वहां पर स्वास्थ्य शिविर लगाए जाने पर सहमति बनी।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी अशोक पांडे, उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार, अपर मुख्य अधिकारी कमलेश बिष्ट आदि मौजूद रहे।

विकास भवन में शिवरात्रि मेले को लेकर बैठक करते अधिकारी। ● अमृत विचार

पुलिस की पर्याप्त व्यवस्था, पार्किंग और डेंजर जोन में सुरक्षात्मक कार्य करने के साथ-साथ वहां सुरक्षा की व्यवस्था की मांग को प्रमुखता रखा।

-अनिल चनौतिया, जिला पंचायत सदस्य

मेले के दौरान कोई अव्यवस्था न हो। रास्तों की मरम्मत हो जाए। सुरक्षा के जितने कार्य मार्ग में होने हैं वह मेले से पूर्व हो जाने की मांग को रखा गया।

-त्रिलोचन पलडिया, कोषाध्यक्ष मंदिर समिति

मेले में स्वच्छता, पथ प्रकाश व्यवस्था के साथ-साथ पानी की समस्या को प्रमुखता से रखा और सचल शौचालयों की संख्या बढ़ाने की मांग की।

-उमेश पलडिया, अध्यक्ष आदि कैलाश विकास समिति

बैठक में नहीं बुलाने पर धरने पर बैठे ब्लॉक प्रमुख

संवाददाता भीमताल

अमृत विचार : शिवरात्रि मेले की तैयारी को लेकर विकास भवन में आयोजित बैठक में ब्लॉक प्रमुख को नहीं बुलाए जाने पर खासा हंगामा हो गया।

मंदिर समिति अध्यक्ष, ग्राम पंचायत के प्रधान व क्षेत्र के स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा को लेकर जनप्रतिनिधियों ने जिला पंचायत प्रशासन के खिलाफ धरना दिया। जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से मुख्य विकास अधिकारी को ज्ञापन दिया। ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि जिला पंचायत प्रशासन को मंदिर समिति के अध्यक्ष व स्थानीय जनप्रतिनिधियों को विश्वास में लेकर मेले की तैयारी करनी चाहिए।

धार्मिक स्थलों पर राजनीति किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस धरने को पूर्व सांसद महेंद पाल भी समर्थन देने पहुंचे। इस दौरान प्रधान हेमा आर्य, नितेश बिष्ट, तारा पलड़िया, राधा कुल्याल, लता पलड़िया, नीतेश बिष्ट, नवीन पलड़िया, डीके शर्मा, ललित मोहन, गणेश जोशी, इंदर मेहता, पूरन भट्ट, लक्ष्मण गंगोला मौजूद रहे।

विकास भवन में धरने पर बैठे ब्लॉक प्रमुख और ग्रामीण जनप्रतिनिधि। ● अमृत विचार

विधायक ने किया रिंग रोड पुनर्निर्माण का भूमिपूजन

भूमि पूजन करते विधायक दीवान सिंह बिष्ट। ● अमृत विचार

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : विद्यायक दीवान सिंह बिष्ट ने राज्य योजना के तहत स्वीकृत रिंग रोड रोड के हाथीडंगर से मालधन ढेला नदी तक मार्ग का पुनर्निर्माण का शिलान्यास किया।

विधायक बिष्ट ने बताया कि इस मार्ग की लंबाई 3.10 किमी है। इसके पुनर्निर्माण की लागत 192.21 लाख का आएगी। इस दौरान पूर्व राज्यमंत्री हरीश दफोटी, सांसद प्रतिनिधि इन्दर रावत, मालधन मंडल अध्यक्ष दीपा भारती, प्रधान प्रतिनिधि मुकेश रावत, विजय खुल्वे, मनमोहन बिष्ट, जितेश टम्टा, शंकर सिंह रावत, हरिओम सिंह, हरीश जोशी आदि उपस्थित रहे।

अवैध खनन में लिप्त डंपर पकड़ा

रामनगर। कोसी नदी के कठियापुल गेट से अवैध खनन की शिकायत मिलने पर पीरुमदारा पुलिस एक डंपर को खींचकर चौकी ले आई। पुलिस के पहुंचने से पहले चालक फरार हो गया। पकड़ा गया डंपर कुंडा, ऊधम सिंह नगर निवासी का बताया जा रहा है । प्रभारी उप निरीक्षक राजेश जोशी ने कहा, आरोपी के खिलाफ कार्रवाई होगी।

पाठकों हेतु सूचना

प्रिय पाठको,

हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

हल्द्वानी कार्यालय — 7830460114, 9412987555
काशीपुर कार्यालय — 8218100208
रूद्रपुर कार्यालय — 9837804094, 8476843488

शिकायतों का निवारण

सम्मेलन में मौजूद पूर्व सैनिक व अन्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : पूर्व सैनिकों का सम्मेलन स्टेशन मुख्यालय हेमपुर में किया गया। इस सम्मेलन का आयोजन पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और विधवाओं को बंगाल इंजीनियर्स ग्रुप, गढ़वाल राइफल्स और कुमाऊं रेजिमेंट के अभिलेख कार्यालयों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ भारतीय स्टेट बैंक और पंजाब नेशनल बैंक के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत करने का अवसर प्रदान करके उनकी शिकायतों के निवारण किया गया। इसके अलावा निःशुल्क चिकित्सा जांच भी की गई। मेजर जनरल आर प्रेम राज, एसएम, वीएसएम, जीओसी, उत्तराखंड उपक्षेत्र की ओर से हेमपुर सैन्य स्टेशन के स्टेशन कमांडर ब्रिगेडियर देवेंद्र कुमार ने राष्ट्र के प्रति उनकी निस्वार्थ सेवा के लिए पूर्व सैनिकों , वीर नारियों और विधवाओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

मातृत्व की वजह से किसी को रोजगार से वंचित नहीं कर सकते : हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, नैनीताल : हाईकोर्ट ने एक मामले में कहा कि मातृत्व प्रकृति की ओर से एक महिला के लिए महान आशीर्वादों में से एक है। इस कारण से उसे सार्वजनिक रोजगार से वंचित नहीं किया जा सकता है। हाईकोर्ट ने बीडी पांडे जिला अस्पताल नैनीताल की मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के उस आदेश को रद कर दिया है, जिसमें एक गर्भवती महिला को नियुक्ति देने से इंकार कर दिया गया था। हाईकोर्ट ने चिकित्सा स्वास्थ्य और परिवार कल्याण के महानिदेशक को निर्देश दिया कि वह याचिकाकर्ता की नियुक्ति सुनिश्चित करवाएं। याचिकाकर्ता मिशा उपाध्याय ने याचिका दायर कर कहा था कि बीडी पांडे अस्पताल प्रबंधन ने 13 माह की गर्भवती होने की वजह से उसे नर्सिंग अधिकारी के रूप में शामिल करने से इंकार कर दिया जबकि 23 जनवरी को डीजी हेल्थ की ओर से उन्हें नियुक्ति पत्र जारी किया गया था।

संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण की मांग

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : उच्च न्यायालय की ओर से संविदा पर कार्यरत कर्मियों को नियमितीकरण के आदेश जारी होने के बाद शनिवार को देवभूमि उत्तराखंड सफ़ाई संघ की ओर से अधिशासी अधिकारी राहुल आनंद को ज्ञापन सौंपा गया। संघ की ओर से कहा गया कि नगरपालिका में 2008 से बहुत से कर्मचारी संविदा पर कार्यरत हैं। उन्हें उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार नियमित किया जाए। इस दौरान संघ के अध्यक्ष धर्मेश प्रसाद, उपाध्यक्ष रवि कुमार, संजय कुमार मौजूद रहे।

अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपते लोग। ● अमृत विचार

रामनगर में हाइकोर्ट को स्थापित करने का सुझाव

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं की बैठक में हाईकोर्ट को रामनगर स्थित आमपोखरा में स्थानांतरित किए जाने का सुझाव दिया गया। कहा गया कि आम पोखरा में राजस्व विभाग की पर्याप्त भूमि है जो कुमाऊं और गढ़वाल उत्तराखंड का प्रवेश द्वार भी है। सभी अधिवक्ताओं ने इस संदर्भ में जल्द ही मुख्यमंत्री से मिलने की बात कही। इस दौरान रामनगर बार के मुख्य चुनाव अधिकारी जगदीश मासीवाल, पीएस बोहरा, गणेश कुमार गगन, ललित मोहन, सुरेश चंद्र नैनवाल, जगतपाल सिंह रावत, दीवानगिरी, अरुण रौतेला, रवि तिवारी आदि उपस्थित थे।

बैठक करते रामनगर के अधिवक्ता। ● अमृत विचार

ई-नाम का लाभ लें किसान

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : सावल्दे पश्चिम गांव में मंडी समिति की ओर से आयोजित कृषक गोष्ठी में मंडी सचिव सहील अहमद ने कहा कि कृषि उत्पादन मंडी समिति में किसान अपनी उपज को लाएं, उसे हर स्थान के खरीदार मिल जाएंगे।

कृषक गोष्ठी में मंडी सचिव ने किसानों को मंडी समिति की कल्याणकारी योजनाओं से भी अवगत कराया। बताया कि किसान अपनी उपज को ई राष्ट्रीय कृषि बाजार (ई-नाम) के माध्यम से बेचें। इसके अंतर्गत किसान अपनी फसल को ई नीलामी के माध्यम से देश में कहीं भी बेच सकता है। इसके जरिये किसान को उसकी उपज का मूल्य 24 घंटे के भीतर प्राप्त हो जाता है।

उन्होंने बताया कि मंडी समिति द्वारा लैब में किसान की फसल की गुणवत्ता की निशुल्क जांच की जाती है और उच्च क्वालिटी के उत्पादों को अन्य मंडी में बेचने में आसानी होती है। उस दौरान मंडी निरीक्षक बच्चे लाल दुबे, मंडी सहायक सुरेंद्र सिंह, लैब टेक्नीशियन ललित पंत, सोहनलाल, भैरव कुमार, पंकज बिष्ट, महेंद्र सिंह, मालती देवी, चन्द्रा देवी, दीवान सिंह, शमशेर, विनोद कुमार, प्रमोद जोशी, मिथलेश कुमार आनंद सिंह मौजूद रहे।

किसानों को मंडी बाजार के बारे में बताते मंडी सचिव। ● अमृत विचार

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
विशाल चिकित्सा शिविर
हड्डी रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | बाल रोग विभाग
शैल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग | चेस्ट एवं टी.बी विभाग
यह सुविधा 15 फरवरी 2024 से 26 फरवरी 2024 तक
समस्त रोगों के इलाज की उच्च स्तरीय सुविधाएं
रजिस्ट्रेशन शुल्क मात्र 20/- रूपये
डॉक्टर द्वारा परमार्श मुफ्त
भर्ती एवं पलंग मुफ्त
मुफ्त सामान्य ऑपरेशन
भर्ती मरीजों की मुफ्त जाँचें
नार्मल व सिजेरियन डिलीवरी मुफ्त
भर्ती मरीजों का एक्स-रे मुफ्त
भर्ती मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मुफ्त
ब्रेन एमआरआई 1500/- में स्पाईन एमआरआई 2000/- में हेड सीटी 800/- में
फाईलेरिया अभियान के अन्तर्गत फाईलेरिया की दवाई रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में कमरा नं. 1167 में मुफ्त में मिलेगी।
भर्ती मरीजों की दवाईयाँ भारी छूट पर
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनलमेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4. सी.ए.आर.आई. (CARI)
5. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS)
6. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
7. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
8. बी.एस.एन.एल.
इम्पैनलमेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
*T&C Apply
हैल्पलाइन नं. 9520876126, 9045372695, 8171925965
इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देख-रेख में
एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

फाल्गुन कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा विक्रम संवत 2080

अमृत विचार

वर्ष 4, अंक 8, पृष्ठ 16+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, विरासत का नायाब तोहफा हैं विंटेज कारें व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

दक्षिण भारतीय फिल्मों में डेब्यू करेंगी जाह्नवी...13

www.amritvichar.com

आज का मौसम | 27.0° अधिकतम तापमान | 13.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में आंशिक बादल, धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 06:37 | सूर्यास्त 06:07 | हल्द्वानी, रविवार, 25 फरवरी 2024

यात्री बसों, भारी वाहनों में भी लगानी होगी सीट बेल्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

- आईआरएफ का राजमार्ग मंत्रालय से अनिवार्य करने का अनुरोध

सड़क सुरक्षा के वैश्विक निकाय इंटरनेशनल रोड फेडरेशन (आईआरएफ) ने सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) से सड़क दुर्घटनाओं में हताहतों और घायलों को कम करने के लिए यात्री बसों और स्कूल बसों सहित सभी भारी वाहनों में सीट बेल्ट का उपयोग अनिवार्य करने का आग्रह किया है।

आईआरएफ के मानद अध्यक्ष केके कपिला ने मंत्रालय को लिखे पत्र में कहा कि बसों में सीट बेल्ट उपलब्ध कराने की तत्काल जरूरत है, जिसे अनिवार्य बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि दिल दहला देने वाली यात्री बस दुर्घटनाएं हुई हैं जिनमें निर्दोष लोगों की जान चली गई। उनमें से कई लोग बच गए होते, अगर उन्होंने सीट बेल्ट लगा रखी होती। कपिला ने बताया कि 2021 के आंकड़ों के अनुसार, अमेरिका में बस हादसों में केवल 14 व्यक्तियों की जान गई। 2022 में चीन में 215 मौतें हुईं। उन्होंने बताया कि विकासशील और विकसित दोनों देशों ने बसों जैसे सार्वजनिक परिवहन के लिए कड़े सुरक्षा मानकों को अपनाकर उल्लेखनीय परिणाम हासिल किए हैं।

उप्र पुलिस में 60,244 पदों के लिए 17-18 फरवरी को हुई परीक्षा में 48 लाख अभ्यर्थी हुए थे शामिल

सिपाही भर्ती परीक्षा निरस्त, छह माह बाद फिर से होगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पेपर लीक होने के प्रकरण की एसटीएफ करेगी जांच
- अभ्यर्थियों को मिलेगी रोडवेज बस में मुफ्त यात्रा सुविधा

अमृत विचार : पेपर लीक होने की खबरों के बीच शासन ने उप्र पुलिस में सिपाही के 60,244 पदों के लिए हुई परीक्षा-2023 को निरस्त कर दिया है। 17 व 18 फरवरी को आयोजित इस परीक्षा में 48 लाख अभ्यर्थी शामिल हुए थे। परीक्षा के संबंध में जारी एसटीएफ की जांच और अब तक की कार्रवाई की समीक्षा करते हुए शनिवार को मुख्यमंत्री के निर्देश पर यह फैसला किया गया। मुख्यमंत्री ने अगले छह माह के भीतर दोबारा परीक्षा आयोजित करने के निर्देश देते हुए कहा कि युवाओं की मेहनत से खिलवाड़ और परीक्षा की शुचिता से समझौता स्वीकार नहीं किया जा सकता। ऐसे अराजकतत्वों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई होनी तय है।

शासन ने पुलिस भर्ती बोर्ड को यह निर्देश दिए हैं कि जिस भी स्तर पर लापरवाही बरती गई है, उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराकर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। शासन ने प्रकरण की जांच एसटीएफ से कराए जाने का फैसला किया है। दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों अथवा संस्थाओं के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई किए जाने के भी निर्देश दिए गए हैं। शासन ने छह माह में पुनः परीक्षा आयोजित करने तथा उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों से अभ्यर्थियों को निःशुल्क सुविधा उपलब्ध करवाने के भी निर्देश दिए हैं।

आरओ/एआरओ परीक्षा की शिकायतों की होगी जांच

- मुख्यमंत्री के निर्देश पर शासन ने 27 फरवरी तक मांगे साक्ष्य

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उप्र. लोक सेवा आयोग द्वारा बीते 11 फरवरी को आयोजित की गई समीक्षा अधिकारी/ सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा - 2023 से जुड़ी शिकायतों की जांच कराने का निर्णय लिया है।

इस संबंध में अपर मुख्य सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक डॉ देवेश चतुर्वेदी ने आदेश भी जारी कर दिया है। आदेश के मुताबिक बीते 11 फरवरी को आयोजित की गई समीक्षा अधिकारी/ सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा - 2023 के संबंध में शासन को संज्ञान में लाए गए तथ्यों एवं शिकायतों के दृष्टिगत परीक्षा की शुचिता व पारदर्शिता के उद्देश्य में यह निर्णय लिया गया है कि परीक्षा के संबंध में प्राप्त शिकायतों का शासन स्तर पर परीक्षण किया जाए। आदेश में कहा गया है कि इस परीक्षा के संबंध में किसी भी प्रकार की शिकायत अथवा इसकी शुचिता को प्रभावित करने वाले तथ्यों को संज्ञान में लाना चाहें तो वह अपना नाम तथा पूरा पता तथा साक्ष्यों सहित कार्मिक व नियुक्ति विभाग के ई-मेल आई.डी. secyappoint@nic.in पर 27 फरवरी तक उपलब्ध करा सकते हैं।

कासगंज में अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली तालाब में पलटी, 23 की जान गई

मृतकों में 13 महिलाएं और 9 बच्चे, ट्राली के पहिए की बैरिंग टूटने से हुई दुर्घटना

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

अमृत विचार : कासगंज में गंगा स्नान के लिए जा रहे श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली बैरिंग टूटने से अनियंत्रित होकर तालाब में गिर गई। हादसे में 23 लोगों की मौत हो गई जबकि 20 से अधिक घायल हैं। कमिश्नर, आईजी, डीएम, एसपी, राजस्व मंत्री ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना।

एटा जिले के थाना जैथरा क्षेत्र के गांव नगला कसा निवासी गौरव के छह माह के बेटे का मुंडन होना था। शनिवार को माघ पूर्णिमा पर बच्चे के मुंडन संस्कार को लेकर गौरव के परिवार में भारी उत्साह था। परिजनों, रिश्तेदारों के अलावा गांव के लोगों के साथ आसपास के गांव खिड़िया, रोरी, बरार के भी कुछ ग्रामीण ट्रैक्टर ट्रॉली से गंगा घाट कादरगंज जा रहे थे। ट्रैक्टर गौरव ही चला रहे थे। पटियाली कोतवाली क्षेत्र के गांव ककराला के समीप पहुंचे कि अचानक ट्रॉली के पहिए का बैरिंग टूटने से ट्रॉली अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर-ट्रॉली तालाब में पलट गई और श्रद्धालु पानी में डूब गए। आसपास के ग्रामीणों ने सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची इससे पहले ही ग्रामीण ट्रॉली को सीधा करने का प्रयास करने लगे। बड़ी संख्या में जुटे ग्रामीणों ने ट्रॉली को हटाया फिर डूबे लोगों को बाहर निकालना शुरू किया। पुलिस भी मदद में जुट गई। लोगों को बाहर निकालकर अस्पताल भेजा गया जहां एक-एक कर कई लोगों को मृत घोषित कर दिया गया। दोपहर बाद तक मृतकों की संख्या 23 पहुंच गई। मृतकों में 13 महिलाएं, 9 बच्चे हैं।

घटना की जानकारी मिलते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण एवं राजस्व राज्य मंत्री अनूप प्रधान को एटा के गांव कसा एवं कासगंज के गांव ककराला पहुंचने के निर्देश दिए। कमिश्नर रविंद्र कुमार, आईजी शलभ माथुर, डीएम सुधा वर्मा, एसपी अपर्णा रजत कौशिक भी मौके पर पहुंचे। सांसद राजवीर सिंह के अलावा विधायकों ने भी मौके पर और अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना। घटना में 20 से अधिक लोग घायल बताए गए हैं, जिनका उपचार चल रहा है।

तालाब में डूबे लोगों को जेसीबी से बाहर निकालती पुलिस और ग्रामीण।

- एटा के गांव नगला कसा से स्नान मुंडन के लिए जा रहे थे गंगा घाट

घटना दुखद है। शाम तक 23 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। घायलों का उपचार कराया जा रहा है। एटा और कासगंज जिला प्रशासन पीड़ित परिवारों की मदद के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। घटनास्थल का निरीक्षण किया और ग्रामीणों से पूरी जानकारी ली है। घायलों के इलाज के लिए हर पल नजर रखी जा रही है।
–**रविंद्र कुमार**, मंडलायुक्त अलीगढ़।

बनभूलपुरा हिंसा का मास्टर माइंड अब्दुल मलिक दिल्ली से गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- मलिक को लेकर शनिवार की शाम हल्द्वानी पहुंची पुलिस, बेटा और पत्नी अभी भी फरार

- पुलिस गहन पूछताछ के लिए अब मलिक को रिमांड पर लेने की तैयारी में जुटी

अमृत विचार : पुलिस ने बनभूलपुरा हिंसा के मास्टर माइंड अब्दुल मलिक को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। बीती 8 फरवरी को हुई हिंसा के बाद से वह फरार चल रहा था। पुलिस मलिक को लेकर शनिवार की शाम हल्द्वानी पहुंची, देर रात मेडिकल कराने के बाद रिमांड मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। मलिक की पत्नी सोफिया और बेटे अब्दुल मोईद की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा ने शनिवार को पुलिस बहुद्देश्यीय भवन में हुई प्रेस वार्ता में बताया कि बनभूलपुरा बवाल के मास्टर माइंड अब्दुल मलिक निवासी लाइन नंबर-8 आजाद नगर की गिरफ्तारी के लिए एसओजी समेत छह टीमें लगी हुई थीं। टीमें दिल्ली, हरियाणा, उप्र, गुजरात, बिहार, महाराष्ट्र में तलाश कर रही थीं। शनिवार को एसओजी व पुलिस की संयुक्त टीम ने मलिक को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया, जिसे लेकर टीम देर शाम हल्द्वानी पहुंची। पूछताछ के बाद देर रात उसका मेडिकल हुआ फिर रिमांड मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया, जहां से उसे 14 दिनों के लिए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। अब्दुल मलिक की पत्नी सोफिया मलिक और बेटा अब्दुल मोईद अभी भी फरार चल रहे हैं। एसएसपी ने बताया कि अब्दुल मलिक से पूछताछ के लिए जल्द ही उसे पुलिस रिमांड पर लेने के प्रयास किए जाएंगे। मालूम हो कि बीती 8 फरवरी को बनभूलपुरा में अतिक्रमित भूमि पर अवैध बनाए गए मदरसा व नमाज स्थल को ढहाने गई नगर निगम, प्रशासन व पुलिस की संयुक्त टीम पर उपद्रवियों ने पथराव व आगजनी कर दी थी। बनभूलपुरा पुलिस थाना भी फूंक दिया था। इस उपद्रव में बड़ी संख्या में नगर निगम, पुलिस, मीडिया कर्मी भी घायल हो गए थे, 5 लोगों की मौत हुई थी। उपद्रव को शांत कराने के लिए बनभूलपुरा समेत समूचे हल्द्वानी में कर्फ्यू लगाना पड़ा था।

तीन अन्य आरोपी भी किए गए गिरफ्तार

पुलिस ने बताया कि अब्दुल मलिक के अलावा बनभूलपुरा कांड के तीन अन्य आरोपी भी गिरफ्तार किए गए हैं। इनमें मो. फुरकान, सालिम और दद्दू शामिल हैं। तीनों बनभूलपुरा के रहने वाले हैं। बनभूलपुरा कांड में अब तक कुल 82 उपद्रवियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। अब केवल अब्दुल मोईद ही नामजद आरोपी बचा है, जो अभी फरार चल रहा है।

एक नजर

आतंकवाद मामले में चार के घर किए गए कुर्क

श्रीनगर। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने मादक पदार्थों की बिक्री से अर्जित आय से आतंकी गतिविधियों के वित्त पोषण के मामले में जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में शनिवार को चार आरोपियों के आवास कुर्क किए। एनआईए ने एक बयान में कहा कि यह मामला मादक पदार्थों से अर्जित धन का इस्तेमाल जम्मू कश्मीर के हंदवारा-कुपवाड़ा क्षेत्र में आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा और हिज्बुल मुजाहिदीन द्वारा आतंकी गतिविधियों का वित्त पोषण करने के लिए किए जाने से संबद्ध है।

पीएम ने मंत्रियों से मांगी 100 दिन की कार्य योजना

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने कैबिनेट मंत्रियों से ऐसी योजना तैयार करने और उसे तीन मार्च को मंत्रिपरिषद की बैठक में पेश करने को कहा है, जिसका क्रियान्वयन व आकलन किया जा सके तथा वह स्पष्ट रूप से परिभाषित हो। सरकारी सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि मोदी ने 21 फरवरी को अपने मंत्रिमंडल के सहकर्मियों को अगले 100 दिनों के लिए एक कार्य योजना तैयार करने को कहा था।

डीयू में छात्रों को प्रदान की गई मां के नाम वाली डिग्री

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने शनिवार को अपने 100वें वार्षिक दीक्षांत समारोह में एक लाख से अधिक विद्यार्थियों को विशेष प्रकार के डिग्री प्रमाणपत्र प्रदान किए, जिन पर उनकी मां का नाम लिखा हुआ था। डीयू के दीक्षांत समारोह में प्रदान किए गए ये प्रमाणपत्र 'करेंसी जैसी' सुरक्षा विशेषताओं से लैस हैं। छात्रों ने कहा कि नई डिग्री में जोड़ी गई सुरक्षा विशेषता उठाया गया एक बहुत अच्छा कदम है।

श्री कृष्ण जन्मभूमि के पक्षकार को बम से उड़ाने की धमकी

फतेहपुर। श्री कृष्ण जन्मभूमि के मुकदमे की पैरवी से लौट रहे पक्षकार को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। धमकी व्हाट्सएप कॉल के जरिये दी गई। फोन करने वाले ने खुद को पाकिस्तान के आतंकी संगठन का बताया है। वृंदावन श्रीमठ माहेश्वरी धाम मां शाकुंभरी पीठाधीश्वर निवासी भृगुवंशी आशुतोष पांडेय ने बताया कि वह मथुरा के कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट के अध्यक्ष हैं। इलाहाबाद हाईकोर्ट में विचाराधीन श्रीकृष्ण जन्मभूमि बनाम शाही मस्जिद ईदगाह वाद के मुख्यवादी और पक्षकार हैं। वे शुक्रवार को मुकदमे की सुनवाई में हाईकोर्ट गए थे। वहां से शाम को मथुरा जा रहे थे। शाम आठ बजे उनके मोबाइल पर व्हाट्सएप कॉल आई। फोन करने वाले ने मुकदमा वापस न लेने पर बम से उड़ाने की धमकी दी। एसएसआई संतोष कुमार ने बताया तहरीर की जांच की जा रही है। एएसपी विजय शंकर मिश्र ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर सर्विलांस के माध्यम से जांच कराई जा रही है।

जुलाई से प्रभावी होंगे नए आपराधिक कानून

नई दिल्ली, एजेंसी



अधिसूचना जारी

- आईपीसी, सीआरपीसी व साक्ष्य अधिनियम की लेंगे जगह
- हिट एंड रन मामलों के प्रावधान तत्काल प्रभावी नहीं होंगे

देश में आपराधिक न्याय प्रणाली को पूरी तरह से बदलने के लिए अधिसूचित किए गए तीन नए कानून - भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम - एक जुलाई से लागू होंगे। हालांकि, 'हिंट एंड रन' से जुड़े मामलों से संबंधित प्रावधान तत्काल प्रभावी नहीं होंगे। तीनों कानूनों को पिछले साल 21 दिसंबर को संसद की मंजूरी मिल गई और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 25 दिसंबर को इन कानून को अपनी सहमति दे दी। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा जारी तीन अधिसूचनाओं के अनुसार, नए कानूनों के प्रावधान एक जुलाई से लागू होंगे। ये कानून औपनिवेशिक युग के भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और 1872 के भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह लेंगे।

तीनों कानूनों का उद्देश्य विभिन्न अपराधों को परिभाषित करके उनके लिए सजा तय करके देश में आपराधिक न्याय प्रणाली को पूरी तरह से बदलना है। वहीं, सरकार ने वाहन चालक द्वारा हिट एंड रन के मामलों से संबंधित प्रावधान को लागू नहीं करने का निर्णय लिया है, जैसा कि ट्रक चालकों से वादा किया गया था। ट्रक चालकों ने इन प्रावधानों का विरोध किया था। एक अधिसूचना में कहा गया कि भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 1 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केंद्र सरकार एक जुलाई, 2024 को उस तारीख के रूप में निर्दिष्ट करती है, जिस दिन धारा 106 की उपधारा (2) के प्रावधान को छोड़कर उपरोक्त संहिता के प्रावधान लागू होंगे। कानून के प्रावधान सामने आने के बाद ट्रक चालकों ने धारा 106 (2) के प्रावधान का विरोध किया था। इसमें उन लोगों को 10 साल की सजा और जुर्माने का प्रावधान है, जो तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाकर किसी व्यक्ति की मौत का कारण बनते हैं और घटना के बारे में पुलिस को सूचना दिए बिना भाग जाते हैं।

अब 'पैलेस ऑन व्हील्स' में भी हो सकेंगी 'डेस्टिनेशन वेडिंग'

- राजस्थान सरकार ने दी मंजूरी

जयपुर। दुनिया की सबसे खूबसूरत और शानदार ट्रेनों में शामिल 'पैलेस ऑन व्हील्स' में जल्द ही कारपोरेट बैठकें की जा सकेंगी और शादी ब्याह की फोटोग्राफी करवाई जा सकेगी। राजस्थान सरकार ने इसके लिए सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। इसके तहत 'डेस्टिनेशन वेडिंग' एवं 'वेडिंग फोटोग्राफी' जैसे कार्यक्रमों को और अधिक यादगार बनाने की चाह रखने वाले लोग इस खूबसूरत ट्रेन का इस्तेमाल कर सकेंगे। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा कि सोच यही है कि राजस्थान को पर्यटन का केंद्र बिंदु बनाया जाए।

दिल्ली में आप चार सीटों पर तीन पर कांग्रेस लड़ेगी

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली, गुजरात, गोवा, हरियाणा में बनी सीटों के बंटवारे पर सहमति
- पंजाब की 13 लोकसभा सीटों पर अलग चुनाव लड़ने का फैसला

कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए शनिवार को दिल्ली, गुजरात, गोवा और हरियाणा में सीट बंटवारे की घोषणा की जिसके तहत राष्ट्रीय राजधानी में आप चार और कांग्रेस तीन सीट पर चुनाव लड़ेगी।

आम आदमी पार्टी गुजरात की भरूच और भावनगर सीट तथा हरियाणा की कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट पर भी चुनाव लड़ेगी। पंजाब की सभी 13 लोकसभा सीटों पर दोनों पार्टियों ने अलग-अलग चुनाव लड़ने का फैसला किया है, हालांकि चंडीगढ़ लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस अपना प्रत्याशी उतारेगी।

विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' घटक दलों के बीच पिछले कुछ दिनों के भीतर सीट बंटवारे से जुड़ी यह दूसरी महत्वपूर्ण घोषणा है। गत 21 फरवरी को उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच सीट बंटवारे का ऐलान किया गया था। उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों में से कांग्रेस 17 पर चुनाव लड़ रही है।

मुरादाबाद, हापुड़ और बरेली महायोजना का होगा विस्तार

मुख्यमंत्री ने दिए रामनगर (वाराणसी), मुरादाबाद, हापुड़, रायबरेली, बरेली और लखनऊ के सुनियोजित विकास के निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुरादाबाद (गजरौला) में औद्योगिक-व्यावसायिक क्षेत्रों का होगा विस्तार, नया बस टर्मिनल और बाईपास मार्ग बनेंगे
- स्टेट कैपिटल रीजन की तर्ज पर वाराणसी को केंद्र में रखते हुए रीजनल डेवलपमेंट प्लान तैयार करने के निर्देश

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को उच्च स्तरीय बैठक में जनपद वाराणसी के रामनगर, मुरादाबाद के गजरौला, हापुड़, रायबरेली, बरेली और लखनऊ की महायोजना 2031 का प्रस्तुतिकरण देखा। निर्देश दिए कि सभी जगह सुनियोजित विकास समेत विस्तार की मुकम्मल योजना बनाएं। कहा कि लखनऊ विकास प्राधिकरण का विस्तार संपूर्ण लखनऊ जनपद की सीमा तक हो।

मुरादाबाद (गजरौला) के नए मास्टर प्लान में औद्योगिक और व्यावसायिक क्षेत्रों का विस्तार करने के साथ नया बस टर्मिनल और बाईपास बने। स्टेट कैपिटल रीजन की तर्ज पर वाराणसी को केंद्र में रखते करीबी जिलों को जोड़कर एक रीजनल डेवलपमेंट प्लान तैयार करने का भी निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने अपने आवास पर उच्चाधिकारियों के साथ बैठक में सख्त निर्देश दिया कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों से संवाद कर यथाशीघ्र महायोजना लागू करें। लैंड यूज की जानकारी सार्वजनिक करें जिससे हर कोई आसानी से किसी भूमि की स्थिति जान सके। खसरे की अपडेट जानकारी ऑनलाइन हो।

उन्होंने कहा कि विकास प्राधिकरणों को नई संभावनाएं तलाशनी होंगी। नगर निगम के बाहर विस्तार लेना होगा। अपना दायरा बढ़ाएं, आय के नए स्रोत सृजित करें। धार्मिक/अध्यात्मिक स्थलों के विकास को महायोजना का हिस्सा बनाएं। इंडस्ट्रियल एरिया में काम करने वाले श्रमिकों को समीप में ही आवास देने के प्रयास होने चाहिए।

मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिया कि मुरादाबाद (गजरौला) के नए मास्टर प्लान में औद्योगिक और व्यावसायिक क्षेत्रों को और विस्तार दें। यहां बहुत संभावनाएं हैं। इससे आर्थिकी में सुधार होगा और रोजगार भी सृजित होगा। गजरौला में नवीन बस टर्मिनल और बाईपास मार्गों की आवश्यकता है। इसे महायोजना में शामिल करें। शुद्ध पेयजल के लिए पाइपलाइन और सीईटीपी की स्थापना भी की जाए।

कोई भी गांव और आबादी नहीं घोषित होगी ग्रीन लैंड

मुख्यमंत्री स्पष्ट निर्देश दिया है कि बहुत से गांव अब नगरीय महायोजना का हिस्सा बने हैं, यह ध्यान रखें कि इन गांवों को ग्रीन लैंड के रूप में घोषित न किया जाए। किसी भी सूरत में आबादी की भूमि ग्रीन लैंड नहीं होगी।

यातायात प्रबंधन को करें ठोस प्रयास

मुख्यमंत्री ने कहा कि नगरों में यातायात प्रबंधन एक महत्वपूर्ण विषय है। हमें इसके लिए ठोस प्रयास करने की आवश्यकता है। टैक्सी-ऑटो स्टैंड और स्ट्रीट वेंडर ज़ोन तय होने चाहिए। महायोजना में इसके लिए स्पष्ट भूमि चिन्हित होनी चाहिए। मल्टीलेवल पार्किंग के लिए उपयुक्त स्थान निर्धारित करें। कहा कि रायबरेली में एम्स की सुविधा है। इसे इस बार महायोजना का हिस्सा बनाएं। नगर में नए टाउनशिप का विकास किया जाना चाहिए। तालाबों/पोखरों व अन्य जलाशयों का संरक्षण हो। सभी जनपदों की वर्तमान स्थिति व भविष्य की जरूरों का व्यापक अध्ययन होना चाहिए। वहां के पोटेंशियल को जरूर देखें। हर जिले में जो खास है, उसे प्रोत्साहित करें।

संयुक्त मोर्चे ने राजकीयकरण की मांग को लेकर दिया धरना

जल निगम/ जल संस्थान संयुक्त मोर्चा 27 फरवरी को विधानसभा सचिवालय तक निकालेगा रैली, उग्र आंदोलन की चेतावनी दी

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: जल निगम/ जल संस्थान संयुक्त मोर्चे ने शनिवार को तिकोनिया स्थित जल संस्थान कार्यालय में सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने कार्यालय के बाहर दो घंटे का सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया। कर्मचारी जल निगम और जल संस्थान का एकीकरण कर राजकीयकरण करने की मांग कर रहे हैं। पिछले माह भी कर्मचारियों ने लगातार धरना प्रदर्शन किया था जिसके बाद शासन ने उनसे 20 फरवरी तक का समय मांगा था लेकिन अभी तक उनकी मांगों पर कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया। इस पर कर्मचारियों ने बीते 21 फरवरी को उच्चाधिकार समिति की बैठक में फिर से आंदोलन शुरू करने का निर्णय लिया। पेयजल तकनीकी फील्ड कर्मचारी संगठन व संयुक्त मोर्चे के कुमाऊं मंडल के संयोजक संजय जोशी की अगुवाई में धरना प्रदर्शन किया गया। मोर्चा मंगलवार (27 फरवरी) को जल भवन देहरादून से विधान सभा सचिवालय तक रैली निकालेगा जिसमें कर्मचारियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की गई है। इस मौके पर पेयजल निगम के ईई अशोक कुमार कटारिया, एई यतेंद्र सिंह लसपाल, एई ललित गौड़, सुधीर कुमार, रचना चौधरी, हेमंत भट्ट, भुवन चंद्र पांडे, भूपाल सिंह, रूही सिद्दीकी, दयाकृष्ण पांडे, देवेंद्र राणा, पार्वती देवी, उषा शर्मा, कमला लोहनी, हीरा कनवाल आदि उपस्थित रहे।

जल संस्थान कार्यालय में विभिन्न मांगों को लेकर धरना देते जल निगम और जल संस्थान मोर्चा के सदस्य। ● अमृत विचार

पेयजल तकनीकी कर्मचारी संगठन ने भी दिया समर्थन

धरने को पेयजल तकनीकी कर्मचारी संगठन ने भी समर्थन दिया है। जल संस्थान हल्द्वानी शाखा के सचिव धरम सिंह ने कहा कि जल संस्थान व जल निगम का एकीकरण कर राजकीयकरण करने की मांग के लिए उनका संगठन मोर्चे के साथ है और समस्या का समाधान न होने तक धरने में शामिल रहेगा। संगठन के शाखाध्यक्ष रामकिशोर ने कहा कि अब कर्मचारियों ने आर-पार की लड़ाई का मन बना लिया है। कहा कि जब तक विभाग का राजकीयकरण नहीं होता, कर्मचारी आंदोलन करते रहेंगे।

गरमपानी में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां भी नाराज

संवाददाता, गरमपानी

अमृत विचार : अल्मोड़ा व नैनीताल जनपद की सीमा पर रामगढ़ ब्लॉक के क्वारब क्षेत्र में हुई आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की बैठक में तमाम महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। सुपरवाइजर कुसुमलता बोरा ने संचालित कार्यक्रमों की समीक्षा की। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने विभागीय कार्यों के अलावा थोपे जा रहे कार्यों पर नाराजगी जताई। लाभार्थियों को वितरित किए जाने वाली सामग्री को केंद्रों तक पहुंचाने पर जोर दिया।

क्वारब स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में सुपरवाइजर कुसुमलता बोरा ने विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों से पहुंची 26 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। सुपरवाइजर कुसुमलता ने टीकाकरण, वजन, पोषण, गर्भवती व धात्री महिलाओं के संबंध में विभागीय कार्यों की समीक्षा की। गांवो में चलाए जा रहे मतदाता जागरुकता कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भागीदारी का आह्वान किया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भी तमाम समस्याएं उठाई। विभागीय कार्यों के उलट बीएलओ ड्यूटी समेत अन्य कार्य थोपे जाने पर नाराजगी जताई। कहा कि अन्य कार्यों का बोझ डाले जाने से बाल विकास विभाग से संबंधित कार्य प्रभावित होने लगे हैं वहीं आंगनबाड़ी केंद्र से लाभान्वित लाभार्थियों को दी जाने वाली सामग्री भी दूर दराज उपलब्ध कराई जा रही है। सुपरवाइजर कुसुमलता बोरा ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को समस्याओं के समाधान को उच्चाधिकारियों से वार्ता करने का भरोसा दिलाया। इस दौरान ममता नेगी, भगवती पांडे, प्रेमा जीना, सुनीता पांडे, जया चुबडाल, गीता नेगी, अमिता गुणवंत, आशा, निर्मला टम्टा आदि मौजूद रहे।

आशाओं से काम पूरा, वेतन का वादा अधूरा

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : विभिन्न मांगों को लेकर आशा वर्कर्स का बुद्धपार्क में धरना-प्रदर्शन शनिवार को भी जारी रहा। उन्होंने सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की। साथ ही चेताया कि अगर जल्द उनकी मांगें पूरी नहीं हुई तो वह उग्र आंदोलन के लिए मजबूर होंगी।

उत्तराखण्ड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन (ऐक्टू) के महामंत्री डॉ. कैलाश पांडे ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत आशाएं विभाग के सभी अभियानों व सर्वे में लगा दी गई हैं। गर्भवतियों और नवजात शिशु की सेवा के अलावा सारे काम काम करने पड़ रहे हैं, लेकिन सरकार आशाओं को न्यूनतम वेतन तक देने को तैयार नहीं है। काम के अनुरूप पैसा मिलना तो दूर वादा किया गया पैसा भी नहीं मिल रहा है। रीना बाला ने कहा कि आशाओं को विभिन्न मदों का प्रति माह मिलने वाला पैसा छह-छह माह तक नहीं मिल रहा है। जिस कारण आशाएं दिक्कतों का सामना कर रही हैं। कहा कि सरकार ने मासिक मानदेय नियत करने व डीजी हेल्थ के प्रस्ताव को लागू करने का वादा किया था, लेकिन तीन साल बाद भी वादा पूरा नहीं हो पाया है।

सरोज रावत ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की नियमित कर्मचारी न होते हुए भी आशायें स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ बन चुकी हैं। आशाओं के महत्व को समझते हुए न्यूनतम वेतन, स्वास्थ्य विभाग का स्थायी कर्मचारी व सेवानिवृत्त होने पर पेंशन का प्रावधान किया जाना चाहिए। कहा कि अगर मांगों का जल्द समाधान नहीं हुआ तो प्रदेशभर आंदोलन चलाया जाएगा। उन्होंने धरना-प्रदर्शन के बाद नायब तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री को छह सूत्रीय ज्ञापन भेजा। धरना-प्रदर्शन दीपा आर्य, भगवती बिष्ट, सायमा सिद्दीकी, माधवी पांडे, चंपा मंडोला, माला वर्मा, पुष्पा बर्गली, किरन पलड़िया, दीपा उपाध्याय, दिव्या, गीता भंडारी, रेनू घुघतीयाल, भगवती पांडे, हेमा शर्मा, हंसी, राधा कार्की, विमला तिवारी, गंगा देवी, पुष्पा जोशी, गीता जोशी समेत बड़ी संख्या में आशाएं शामिल रहीं। उनके धरने को कांग्रेस नेता हेमंत साहू ने भी समर्थन दिया।

बुद्ध पार्क में अपनी मांगों को लेकर धरना देतीं आशा कार्यकत्रियां। ● अमृत विचार

मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करतीं आशा कार्यकत्रियां।

नैनीताल में सीएमओ को सौंपा गया ज्ञापन

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: लंबे समय से समान कार्य समान वेतन समेत अन्य मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहीं आशा कार्यकत्रियों ने मुख्य चिकित्साधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन भेजा है।

शनिवार को सीएमओ कार्यालय में प्रदर्शन कर रहीं आशा कार्यकत्रियों का कहना है कि सरकार आशाओं को न्यूनतम वेतन तक देने को तैयार नहीं है। आशाओं को उनके काम के अनुरूप पैसा न मिलने से आशा कार्यकर्ताओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान कमला कुंजवाल, निर्मल चंद्र, प्रेम अधिकारी, शांति आर्य, उषा आर्य, चंद्र सती, पूनम हेमा, दीपा, इंदु आदि मौजूद रही।

सार-संक्षेप

आलोक बने खत्री सभा के अध्यक्ष

रामनगर : श्री खत्री सभा की नवीन कार्यकारिणी का चुनाव निर्विरोध रूप से संपन्न हो गया। निर्वाचन अधिकारी संतोष मेहरोत्रा ने बताया कि आलोक मेहरोत्रा (अध्यक्ष), अखिल मेहरोत्रा (उपाध्यक्ष), प्रदीप कपूर (प्रबंधक), मोहित मेहरोत्रा (कोषाध्यक्ष), शशांक मेहरोत्रा (सचिव), अनूप मेहरोत्रा (उप सचिव), के मेहरोत्रा सीए (ऑडिटर) चुने गए। जबकि शुभम कपूर, प्रदीप मेहरोत्रा, आशुतोष कपूर विनीत टंडन साधारण सदस्य चुने गए। निर्वाचन अधिकारी सन्तोष मेहरोत्रा ने विश्वास जताया कि नई कार्यकारिणी खत्री समाज की उन्नति के लिए बेहतर कार्य करेगी।

मंदिर में अखंड रामायण के पारायण पर भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते लोग।

भंडारे के साथ हुआ अखंड रामायण का पारायण

हल्द्वानी : हरिनगर ऊंचा पुल स्थित शिव शक्ति धाम मंदिर के स्थापना दिवस पर माघ पूर्णिमा पर अखंड रामायण आयोजित की गई थी जिसका पारायण शनिवार को भंडारे के साथ संपन्न हुआ। भंडारे में सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर संयोजक टीकम सिंह पतलिया, संरक्षक प्रमोद पंत, अध्यक्ष मोहन सिंह, मनोज जोशी भोजक, सचिव शंकर दत्त कांडपाल, सुभाष अग्रवाल, मोती राम पालीवाल, नवीन शर्मा, डूंगर सिंह पतलिया, पंकज पलड़िया तनुज नैनवाल, त्रिवेणी पांडे आदि उपस्थित रहे।

रामनगर में जंगल किनारे झाड़ी कटान करते श्रमिक। ● अमृत विचार

ढेला में सीटीआर ने शुरू किया झाड़ी कटान

रामनगर : ढेला क्षेत्र में जंगलों के किनारे उगी झाड़ियों को काटने का काम अब युद्ध स्तर से जारी है। बता दें कि इस क्षेत्र में बाघ ने एक महिला कलादेवी को मार डाला था। तब से ग्रामीणों को मांग थी कि गांव से सटे जंगल के किनारे लगी झाड़ियों को काटा जाए ताकि जंगली जानवर दूर से दिखाई दे सकें। विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने भी इस संदर्भ में सीटीआर निदेशक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए थे। ढेला क्षेत्र के वन क्षेत्राधिकारी अजय ध्यानी ने बताया कि बेशक हमलावर बाघ रेस्क्यू कर लिया गया है लेकिन जब तक उसकी डीएनए रिपोर्ट नहीं आ जाती तब तक ग्रामीणों को चौकस रहने की जरूरत है।

भोजन माताओं का सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : प्रगतिशील भोजनमाता संगठन के बैनर तले भोजन माताओं ने शनिवार को सरकार के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया। उन्होंने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी घोषित करने समेत सात सूत्रीय मांगों को पूरा करने की मांग उठाई। साथ ही राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन भेजा।

बुद्धपार्क में धरना-प्रदर्शन के दौरान यूनियन की महामंत्री रजनी जोशी ने कहा कि यूनियन 25 फरवरी को दिल्ली जंतर-मंतर में प्रदर्शन कर अपनी मांगों को केंद्र सरकार के सामने रखना चाहती थी, लेकिन दिल्ल पुलिस-प्रशासन ने अनुमति खारिज कर दी। जो उनके लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है। नैनीताल ब्लॉक अध्यक्ष तुलसी ने कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक आदेश में भोजन माताओं को न्यूनतम वेतन को कहा है, लेकिन इस फैसले को अभी तक लागू नहीं किया गया है। रामनगर ब्लॉक अध्यक्ष शारदा ने कहा कि भोजन माताओं को मिलने वाले मानदेय में केन्द्र सरकार 900 रुपये तथा राज्य सरकार मात्र 2100 रुपये ही देती है। जबकि कई राज्यों में मिलने वाली राशि में कई गुना फर्क हैं।

लालकुआं ब्लॉक अध्यक्ष बंसती ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार के मापदंडों के तहत कुशल श्रेणी के मजदूरों के बराबर वेतन व अन्य सुविधाएं मिलनी चाहिए, पर घोषित न्यूनतम वेतन तक नहीं दिया जा रहा हैं। हल्द्वानी ब्लॉक अध्यक्ष पुष्पा कुड़ई ने कहा कि वर्तमान सरकार ने महिलाओं के विकास हेतु कई योजनाएं चलाई हैं। लेकिन रसोईयों व भोजनमाताओं की स्थिति दयनीय है। रसोईयों/ भोजनमाताओं की आर्थिक स्थिती में सुधार हो इसके लिए केन्द्र सरकार व राज्य सरकार से हम मांग करते हैं। कि भोजनमाताओं को स्थायी रोजगार दिया जाएं।

इस दौरान प्रगतिशील महिला एकता केन्द्र की बिन्दु गुप्ता, परिवर्तन कामी छात्र संगठन के महेश, क्रांतिकारी लोक अधिकार संगठन के मोहन मटियाली के अलावा तुलसी, शीला, दीपा उप्रेती, मीना, सरस्वती, पार्वती देवी, हीरा देवी, भावना देवी, विमला विष्ट, गीता देवी, विमला देवी, नरूली, कलावती आदि मौजूद रहे।

बुद्ध पार्क में अपनी मांगों को लेकर धरना देतीं भोजन माताएं। ● अमृत विचार

बकाए के लिए अधिकारी काट रहे निगम के चक्कर

संवाददाता, हल्द्वानी

गुजारिश

▸▸ विभाग के अधिकारियों ने नगर आयुक्त से मुलाकात की

अमृत विचार: नगर निगम में नए आयुक्त के आने से विद्युत विभाग को भी अपने बकाया राशि की उम्मीद बढ़ गई है। इस संबंध में विभाग के अधिकारियों ने नगर आयुक्त से मुलाकात की।

नगर निगम पर अब भी 4.69 करोड़ रूपये बकाया है। विद्युत विभाग के अधिकारियों ने बकाया राशि को लेकर नवनियुक्त नगर आयुक्त विशाल मिश्रा से शनिवार को मुलाकात की।

अधिकारियों ने बताया कि समय पर पैसा न मिलने के कारण विभाग को वित्तीय हानि हो रही है। उन्होंने बताया कि बीते महीने नोटिस मिलने के बाद नगर निगम ने 5.69 करोड़ रुपये बकाया राशि में से 1 करोड़ रुपये दिए थे लेकिन उसके बाद कोई भुगतान नहीं किया गया।

उन्होंने बताया कि बकाए राशि का भुगतान नहीं करने से निगम को भी नुकसान हो रहा है। उनके मुताबिक, बकाया पर 1.25 प्रतिशत के हिसाब से सरचार्ज लगता है, जिससे राशि बढ़ती चली गई। अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2016 तक राज्य सरकार भुगतान करती थी व समय पर पैसा मिल जाता था लेकिन उसके बाद भुगतान में देरी होती गई।



एक नजर

दंगे के बाद अलग-अलग भागे बाप और बेटे

हल्द्वानी : बनभूलपुरा कांड होने के बाद अब्दुल मलिक और उसका बेटा अब्दुल मोईद दोनों ने भागने की योजना बनाई। दोनों ही अलग-अलग कारों से हल्द्वानी से भागे। पुलिस का अभी फोकस अब्दुल मलिक के ऊपर है। उसके बेटे का ज्यादा डाटा पुलिस के पास नहीं है। पुलिस ने अब्दुल मलिक को गिरफ्तार कर लिया है। अब पुलिस टीम उसके बेटे और उसकी पत्नी सोफिया मलिक को गिरफ्तार करने की कार्रवाई में तेजी लाएगी। बताया जा रहा है कि मलिक अपनी कार से हल्द्वानी से नहीं भागा था क्योंकि कार का नंबर किसी भी सीसीटीवी में दर्ज नहीं हो सका। आशंका है कि वह किसी अन्य कार से भागने की योजना बनाई। सबसे पहले वह दिल्ली की ओर भागा। बाद में उसने आगे के ठिकाने तय किए।

नेपाल जाने की खबर फैलने से हो गया था बेफिक्र

हल्द्वानी : विगत दिनों ऐसी खबर फैली की अब्दुल मलिक नेपाल फरार हो गया। साथ ही यह अंदेशा भी लगाए जाने लगा कि मलिक नेपाल के रास्ते अन्य किसी देश में भाग गया है। हल्द्वानी में क्या हो रहा है इसकी पूरी खबर अब्दुल मलिक को रहती थी। जब उसे पता चला कि पुलिस यह मानकर चल रही है कि वह नेपाल या अन्य किसी देश में फरार हो गया है तो वह काफी चैन में आ गया। उसका सोचना था कि अब पुलिस देश में उसकी तलाश में कम ध्यान देगी और नेपाल की तरफ ज्यादा ध्यान देगी। इसके बाद अब्दुल मलिक कुछ गलतियां करने लगा। शायद इसी वजह से वह उत्तराखंड के नजदीक दिल्ली में आ गया।

मोबाइल, एटीएम का नहीं किया इस्तेमाल

हल्द्वानी : अब्दुल मलिक ने कहीं भी अपने मोबाइल का इस्तेमाल नहीं किया। उसे पता था कि अगर उसने मोबाइल से संपर्क किया तो वह पुलिस की पकड़ में आ जाएगा। इसके अलावा वह अपने साथ काफी रुपये लेकर भागा था। कहीं भी उसने एटीएम से ट्रांजेक्शन नहीं किया था। फरार होने के दौरान वह वह जिन लोगों के यहां पर ठहरता था। उनसे भी नगद रुपयों की मदद लेता था। अपने सफर के दौरान अब्दुल मलिक इस बात का पूरा ध्यान रखता था कि वह किसी सीसीटीवी में रिकॉर्ड न हो जाए। इसलिए सड़क पर सफर करते समय वह चेहरा ढककर रखता था। यहां तक की उसने कहीं भी बस, ट्रेन या हवाई जहाज से सफर नहीं किया। वह कार से ही सफर करता था। बार-बार ठिकाना बदलता था। जिससे पुलिस उसे ट्रेस नहीं कर पाए।

अज्ञात कंकाल बरामद

भीमताल : ग्राम सभा पतलिया के तोक कनवाड़ी में कंकाल मिलने से हड़कंप मच गया। क्षेत्र के राजस्व उपनिरीक्षक गंगा दत्त पलड़िया ने बताया कि कंकाल के पुराने होने से उसकी पहचान नहीं हो सकी है। बताया कि कंकाल के पास जैकेट और टी शर्ट मिली है।

1998 में एक हत्याकांड में मलिक की गिरफ्तारी पर हुआ था पथराव, रासुका भी लग चुकी है, बाद में रसूख का इस्तेमाल कर हटवाई

गरीबों का मसीहा बनना चाहता था अब्दुल मलिक

नरेंद्र देव, हल्द्वानी

अमृत विचार: अब्दुल मलिक शुरू से ही माफिया पृष्ठभूमि का रहा है। साल 1998 में वह अब्दुल रऊफ सिद्दीकी की हत्या में आरोपी था। पुलिस उसे पकड़ने गई तो उसने पुलिस पर पथराव करा दिया। इसके बाद उसके ऊपर रासुका भी लगी। इसके बावजूद अपनी संपत्ति और रसूख के बल पर वह हमेशा फलता-फूलता रहा।

अब्दुल मलिक स्वयं को समुदाय विशेष का मसीहा बताता था। सरकारी जमीनों पर समुदाय विशेष के लोगों को बसाता था। हालांकि जमीन के बदले में उनसे रुपये लेता था। इसके साथ ही वह गरीब, मेहनतकश लोगों की छोटी मोटी मदद करता था। एक तरह से उसने बनभूलपुरा के कुछ लोगों को इस झांसे में ले लिया था कि वह उनका रहनुमा, मसीहा है। अगर अब्दुल मलिक सलामत रहेगा तो वे लोग भी सलामत रहेंगे। यही कारण है कि वह खुद को बचाने के लिए आम लोगों को भड़का कर आगे कर देता था। लोगों को भड़काने में वह धर्म का भी इस्तेमाल करता था।

साल 1998 में शहर के चर्चित नाम रहे अब्दुल रऊफ की हत्या के समय नैनीताल जिला पुलिस के कप्तान नासिर कमाल ने अब्दुल मलिक को गिरफ्तार करवाने के लिए पुलिस भेजी थी। हत्यारोपी मलिक खुलेआम घूम रहा था। बनभूलपुरा पुलिस चौकी के तत्कालीन इंचार्ज योगेश दीक्षित उसे गिरफ्तार करने लाइन नंबर आठ स्थित उसके आवास पहुंचे। मलिक को पूरा भरोसा था कि सीबीसीआईडी जांच के चलते उसकी गिरफ्तारी नहीं होगी। वारंट दिखाने के बाद पुलिस उसे जिप्सी में लेकर रवाना हुई।

बीती आठ फरवरी की तरह ही मलिक के समर्थकों ने पथराव शुरू कर दिया। बाहर जाने वाले रास्तों को रोक दिया। उस बलवे में भी एसपी सिटी पुष्कर सिंह सैलाल समेत कई पुलिसकर्मी घायल हुए थे। आज भी पुलिस इस बात से अचंभे में है कि जिस मलिक ने करीब 26 साल पहले ही पुलिस और स्टेट को खुली चुनौती थी दी वह अभी तक कैसे फल-फूल रहा था। तब मलिक पर रासुका में भी एफआईआर दर्ज हुई थी। बाद में अपने राजनीतिक संबंधों का इस्तेमाल करके उसने ऊपर से रासुका हटवा दी।

पुलिस टीम के साथ बनभूलपुरा दंगे का मास्टर माइंड अब्दुल मलिक। ● अमृत विचार

अब्दुल मलिक का पूर्व का आपराधिक इतिहास

1 साल 1983 में आईपीसी की धारा 147, 148, 307, 323 में मुकदमे दर्ज
2 साल 1986 में आईपीसी की धारा 452, 427, 323, 504, 506 में मुकदमे दर्ज
3 साल 1991 में आईपीसी की धारा 323, 504 में मुकदमे दर्ज
4 साल 1998 में आईपीसी की धारा 307 में मुकदमा दर्ज
5 साल 1998 में बरेली के भोजीपुरा थाने में आईपीसी की धारा 147, 148, 149, 302, 307, 427 में मुकदमा दर्ज

पुलिस टीम पर पुरस्कारों की बौछार

पुलिस ने अब्दुल मलिक की गिरफ्तारी के लिए छह टीमों को भेजा था। जिनमें से एक टीम को दिल्ली में मलिक को पकड़ने में सफलता मिली है। पुलिस टीम पर ईनामों की बौछार कर दी गई है। पुलिस टीम में शामिल एओजी प्रभारी नैनीताल एसआई अनीस अहमद, एसआई कोतवाली लालकुआं गौरव जोशी, हेड कांस्टेबल एसओजी ललित कुमार, कांस्टेबल एसओजी चंदन नेगी रहे। इन्होंने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर मलिक को गिरफ्तार किया है। सफलता पाने वाली टीम को डीजीपी उत्तराखंड ने 50 हजार, डीआईजी कुमाऊं ने 5000 और एसएसपी नैनीताल ने 2500 रुपये का नगद ईनाम देने की घोषणा की है। एसएसपी मीणा ने पूरी पुलिस टीम की पीठ थपथपाई है।

मलिक के खिलाफ इन धाराओं में दर्ज है एफआईआर

मुकदमा अपराध संख्या 21/24 में अब्दुल मलिक को धारा 147, 48, 450, 395, 323, 332,47, 342, 353, 427, 486 आईपीसी, लोक संपत्ति को नुकसान पहुंचाना आदि में आरोपी बनाया गया है।

अब्दुल मलिक के पनहगारों पर भी होगी कार्रवाई

छह पुलिस टीमों को 17 दिन तक छकाता रहा अब्दुल मलिक, कई रसूखदारों के यहां पनाह लेने की आशंका

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: बनभूलपुरा कांड में मुख्य आरोपी अब्दुल मलिक को पुलिस ने घटना के 17 वें दिन गिरफ्तार कर लिया। घटना के बाद से ही अब्दुल मलिक पर शक की सुई उठने लगी थी। पुलिस जांच आगे बढ़ी तो अब्दुल मलिक ही घटना का मुख्य आरोपी निकला। पुलिस से बचने के लिए मलिक घटना की रात से ही फरार हो गया। पुलिस को पता चला कि अब्दुल मलिक ने अपनी हैसियत के दम पर देश भर के कई रसूखदारों से संबंध बना रखे। इतने दिनों तक वह इन्हीं लोगों के यहां शरण लेकर बचता रहा।

पुलिस ने बताया कि अब्दुल मलिक घटना के दिन हल्द्वानी में ही था। दंगा भड़कने के तुरंत बाद वह फरार हो गया। सबसे पहले वह दिल्ली गया। इसके बाद वह गुजरात पहुंचा। पुलिस उस तक नहीं पहुंच पाए इसलिए वह हमेशा अपने ठिकाने बदलता रहा। गुजरात में कुछ दिन रूकने के बाद वह मुंबई पहुंच गया। मुंबई के बाद वह चंडीगढ़ के लिए निकल गया और वहां अपना डेरा जमा लिया। चंडीगढ़ के बाद वह भोपाल पहुंचा। भोपाल के बाद वह दोबारा दिल्ली आ गया। अब्दुल मलिक के पास करोड़ों रुपये की चल और अचल संपत्ति है।

कई बड़े राजनीतिक चेहरों से उसके संबंध है। इसके अलावा अन्य रसूखदारों में लोगों में उसकी अच्छी पकड़ है। मलिक इन 17 दिनों में किसी भी होटल, लॉज, धर्मशाला में नहीं रूका। उसे पता था कि पुलिस ने सभी जगह अलर्ट जारी कर रखा है। साथ ही बनभूलपुरा कांड के बाद अब्दुल मलिक पूरे देश में चर्चित चेहरा बन गया है। ऐसे में अगर वह किसी होटल, लॉज आदि जगहों में रूकेगा तो पहचाने जाने का डर है। इसलिए उसने अपने परिचितों, रिश्तेदारों के यहां रूकने की योजना बनाई। इतने दिनों तक वह अपने परिचितों और संबंधियों के यहां पर ही रूकता रहा। इस वजह से पुलिस उसे इतने दिनों तक पकड़ नहीं पाई। पुलिस ने अब ऐसे लोगों की सूची बनानी शुरू कर दी है जिन लोगों ने अब्दुल मलिक को अपने यहां शरण दी थी। पुलिस का कहना है कि अब्दुल मलिक बनभूलपुरा कांड के बाद चर्चित हो गया था। इसके बावजूद अगर उसे किसी ने भी अपने यहां शरण दी है तो उन पर पुलिस की कार्रवाई होगी। बताया जा रहा है कि अब्दुल मलिक ने फरार होने के दौरान करीब आठ राज्यों में शरण ली है।

प्रेस वार्ता करते एसएसपी पीएन मीणा व एसपी सिटी प्रकाश चंद। ● अमृत विचार

मुख्य आरोपी मलिक या कोई और, होगी जांच

हल्द्वानी : पुलिस अभी तक बनभूलपुरा हिंसा का मुख्य आरोपी अब्दुल मलिक को ही मानकर चल रही है लेकिन अब उससे आगे की पूछताछ में ही पता चल पाएगा कि दंगा कराने की योजना उसके खुद की है या फिर इस योजना को अंजाम उसने किसी ओर के इशारे पर दिया है। साथ ही मलिक से उसकी पत्नी और बेटे के बारे में भी जानकारी ली जाएगी। पुलिस मान रही है कि मलिक का बेटा और पत्नी इस समय कहां होंगे, इसकी जानकारी अब्दुल मलिक को जरूर होगी।

बेटा अब्दुल मोईद।

सरकारी जमीनें बेचकर बना करोड़पति

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: अब्दुल मलिक साल 2023 में रेलवे प्रकरण में बनभूलपुरा के लोगों पर कार्रवाई होने से बचाने के लिए न्यायिक मदद के लिए आगे आया था। पुलिस को यह भी जानकारी मिली है कि अब्दुल मलिक उस समय बनभूलपुरा का मसीहा बनने नहीं आया था। उसकी ऐसी कोई मंशा ही नहीं थी।

मलिक का बनभूलपुरा में सरकारी जमीन को बेचने का अवैध कारोबार है। अगर रेलवे की बनभूलपुरा में कार्रवाई हो जाती है तो मलिक के जमीन के अवैध कारोबार पर भी प्रभाव पड़ता। बनभूलपुरा में रेलवे के दावे की जमीन से अगर घर टूटते तो मलिक की कब्जाई जमीनों को खरीददार नहीं मिलता। इसी कारोबार के बल पर उसने करोड़ों रुपये कमाए हैं। इसी दौलत के बल पर उसने राजनीति में भी अपनी अच्छी पकड़ बनाई। यहां तक बसपा जैसी राष्ट्रीय पार्टी से लोकसभा का चुनाव तक लड़ा। अब्दुल मलिक की अकूत संपत्ति की वजह से ही उसे अपने अन्य धंधों में सफलता मिली और उसकी अकूत संपत्ति का असली आधार सरकारी जमीन को अवैध तरीके से बेचना है। मलिक पचास रुपये के स्टांप पर लोगों को 15 से 25 लाख रुपये में सरकारी जमीन का प्लॉट बेच देता था। नगर निगम की 29 जनवरी को कार्रवाई के बाद मलिक के इसी काले कारनामे की जांच होने की संभावना बनी थी। माना जा रहा है कि खुद को बचाने के लिए ही मलिक ने बनभूलपुरा कांड करवाया।

बनभूलपुरा से पैरामिलिट्री फोर्स का हटना शुरू

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: बनभूलपुरा कांड के 17 दिन बीतने के साथ ही क्षेत्र से पैरामिलिट्री फोर्स को हटाना शुरू कर दिया गया है। पैरामिलिट्री फोर्स की जगह अब स्थानीय पुलिस की तादात क्षेत्र में बढ़ाई जा रही है। बनभूलपुरा में हालात सामान्य हो रहे हैं लेकिन पुलिस किसी भी तरह की गलती नहीं करना चाहती है।

आठ फरवरी को मलिक का बगीचा में मदरसा और नमाज स्थल ढहाए जाने के बाद भड़की हिंसा में करोड़ों रुपये के वाहन जला दिए गए। साथ ही पुलिस, प्रशासन, नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ ही पत्रकार भी उपद्रवियों के हमले में घायल हो गए थे। उपद्रवियों ने बनभूलपुरा पुलिस थाने में भी आग लगा दी। हिंसा की वजह से बनभूलपुरा में कुछ लोगों की मौत भी हो गई। स्थिति को काबू में लाने के लिए क्षेत्र में कर्फ्यू लगा दिया गया था। उसी रात को ही पैरामिलिट्री फोर्स बुला ली गई थी। जिलाधिकारी ने 21 फरवरी कर्फ्यू हटा दिया गया।

बनभूलपुरा में आईटीबीपी, सीआरपीएफ, एसएसबी और पुलिस के करीब 1700 जवान तैनात किए गए थे। आधी फोर्स को कर्फ्यू खुलने के बाद वापस भेज दिया गया लेकिन पैरामिलिट्री की कुछ कंपनियों को रोक लिया था। शुक्रवार को नमाज भी शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गई। अब पैरामिलिट्री को भी क्षेत्र से धीरे-धीरे हटाया जा रहा है। अब केवल स्थानीय पुलिस की मुस्तैदी रहेगी। फिलहाल आगामी दो-तीन दिनों में पैरामिलिट्री का पहरा पूरी तरह से हटा दिया जाएगा।

कंपनी बाग का नगर आयुक्त ने किया दौरा

हल्द्वानी : नगर आयुक्त विशाल मिश्रा ने शनिवार को नजाकत का बगीचा के साथ ही कंपनी बाग का भी दौरा किया। उन्होंने गंगापुर कबडवाल में बनाई जा रही गौशाला का भी निरीक्षण किया और सभी कार्य तेजी के साथ करने के निर्देश दिए। उनके साथ सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट भी थे।

27 फरवरी को होनी थी अग्रिम जमानत की अर्जी पर सुनवाई

हल्द्वानी : अब्दुल मलिक की ओर से अधिवक्ता अजय बहुगुणा व अन्य ने एडीजे कोर्ट हल्द्वानी में अग्रिम जमानत के लिए याचिका दायर की थी। कोर्ट ने इस पर सुनवाई के लिए अगली तारीख 27 फरवरी तय की थी। अब्दुल मलिक के अधिवक्ताओं का कहना है कि हमारे पास इस बात के पर्याप्त सबूत हैं कि आठ फरवरी को घटना दिन अब्दुल मलिक हल्द्वानी में नहीं था। बल्कि 6 फरवरी को वह देहरादून और सात फरवरी को दिल्ली में था। साथ ही ऐसे अन्य कई साक्ष्य है जो यह बताते हैं कि अब्दुल मलिक का बनभूलपुरा कांड से कोई लेना देना नहीं है। हालांकि सुनवाई से पहले ही अब्दुल मलिक की गिरफ्तारी हो गई। कानूनों के जानकारों का कहना है कि अब इस अग्रिम जमानत याचिका से अब्दुल मलिक को कोई लाभ नहीं मिलेगा। माना जा रहा है कि अब्दुल मलिक पूरी कोशिश में था कि उसे कोर्ट से अग्रिम जमानत मिल जाए। इधर यह भी संयोग रोचक है कि जो अब्दुल मलिक दो सप्ताह से ज्यादा दिनों तक पुलिस को छकाता रहा वह उसी दिन पुलिस को मिल गया जिस दिन उसके अधिवक्ताओं ने उसके लिए अग्रिम जमानत याचिका दायर की है।

बलवा बनभूलपुरा में हुआ था, मरीज आईसीयू में हो गए कैद

अव्यवस्था

- एसटीएच के एनेस्थिसिया आईसीयू में भर्ती है बलवे में घायल एक मरीज
- सुरक्षा के लिए आईसीयू के चैनल पर लगाया ताला, अन्य भर्ती मरीज व तीमारदार परेशान

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : सुशीला तिवारी अस्पताल (एसटीएच) एक बार फिर चर्चाओं में है। बीते दिन बनभूलपुरा में हुए बलवे का एक घायल अस्पताल के एनेस्थिसिया आईसीयू में भर्ती है। उसकी सुरक्षा के लिए प्रबंधन ने आईसीयू के चैनल पर ताला लगा दिया है। इससे आईसीयू में भर्ती अन्य मरीज व उनके तीमारदारों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

बता दें कि बीती आठ फरवरी को बनभूलपुरा में बलवा के बाद एक व्यक्ति के पेट में गंभीर चोट लगी है। डॉक्टरों की टीम ने घायल का ऑपरेशन कर उसे एसटीएच के एनेस्थिसिया आईसीयू में भर्ती किया है। मरीज का हाल जानने के लिए परिजन बार-बार अस्पताल पहुंच रहे थे। वहीं जिला प्रशासन के अधिकारी भी मरीज से मिलने के लिए आईसीयू में आ-जा रहे हैं। आईसीयू में अन्य लोगों का आना जाना देख अस्पताल प्रबंधन ने आईसीयू के मुख्य चैनल पर ताला लगा दिया है। इससे आईसीयू में भर्ती अन्य मरीज परेशान हो गए हैं। तीमारदारों का अपने मरीजों से मिलना तक मुश्किल हो गया है।

इधर, इस मामले में राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने बताया कि एनेस्थिसिया आईसीयू में तीमारदार अधिक आ-जा रहे थे। जिसके चलते ताला लगाया गया है।

एसटीएच में आईसीयू के गेट पर लगा ताला। ● अमृत विचार

ताला देख प्रशासनिक अधिकारी भी हुए हैरान

एनेस्थिसिया आईसीयू के मुख्य चैनल पर ताला लगने से जिला प्रशासन के अधिकारी भी हैरान हैं। बताया जाता है कि बीते दिनों कुछ अधिकारी बलवे में घायल का हाल जानने के लिए आईसीयू में पहुंचे तो चैनल पर ताला देख वह दंग दंग रह गए। आईसीयू में लगभग 6 बेड हैं, जो हर समय गंभीर मरीजों से पैक रहते हैं।

पीछे के रास्ते हो रही डॉक्टरों की एंट्री

बताया जाता है कि एनेस्थिसिया आईसीयू में डॉक्टरों की एंट्री पीछे के रास्ते हो रही है। मुख्य चैनल पर ताला लगने के बाद आईसीयू के पीछे की तरफ का रास्ता खोल दिया गया है। यहीं से डॉक्टर आना-जाना कर रहे हैं। आईसीयू अस्पताल का सबसे संवेदनशील हिस्सा होता है वहां गंभीर मरीज भर्ती होते हैं और कभी भी इमरजेंसी हो सकती है।

पुलिस जांच में किसी भी निर्दोष को नहीं फंसने देंगे : आर्य

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य व विधायक सुमित हृदयेश शनिवार को बनभूलपुरा उपद्रव के मृतकों के घर पहुंचे और उनके परिजनों को सांत्वना दी। उन्होंने आश्वासन दिया कि पुलिस जांच में किसी भी निर्दोष को नहीं फंसने दिया जाएगा।

नेता प्रतिपक्ष आर्य व विधायक सुमित सबसे पहले गफूर बस्ती पहुंचे। उन्होंने मारे गए परिजनों से बातचीत की और ढांढस बंधाया। फिर यहां से लाइन नंबर-7 गए और मृतक के परिजनों से बात कर सांत्वना दी। फिर कब्रिस्तान की तरफ गए जहां एक घर में आगजनी कर दी। उन्होंने परिजनों का हालचाल जाना और उनकी आपबीती सुनी। इसके बाद दोनों बनभूलपुरा थाने पहुंचे और स्थलीय निरीक्षण किया। नेता प्रतिपक्ष आर्य ने कहा कि बनभूलपुरा उपद्रव हल्द्वानी की कौमी एकता की मिसाल पर धब्बा है। पुलिस को इस प्रकरण में पारदर्शी जांच के लिए कहा गया है। किसी भी निर्दोष को जांच के नाम पर फंसने नहीं दिया जाएगा। जो दोषी हो उसके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि हल्द्वानी की कौमी एकता की मिसाल उत्तराखंड नहीं बल्कि देशभर में दी जाती थी। कांग्रेस अहिंसा, एकता पर विश्वास करती है। हमारी सरकार से मांग है कि इस प्रकरण की हाईकोर्ट के सिटिंग जज से जांच कराई जाए और जो भी चाहे अधिकारी हो या अन्य उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। इस दौरान जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, सतीश नैनवाल मौजूद रहे।

निरीक्षण

- नेता प्रतिपक्ष आर्य व विधायक सुमित पहुंचे बनभूलपुरा, मृतकों के परिजनों को ढांढस बंधाया

बनभूलपुरा में उपद्रव में मारे गए लोगों के परिजनों को ढांढस बंधाते नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य व विधायक सुमित हृदयेश।

होटल में रंगरलियां मना रहे युवक-युवती हिरासत में

संवाददाता, लालकुआं

अमृत विचार: पुलिस ने एक होटल में रंगरलियां मना रहे समुदाय विशेष के युवक के साथ युवती को हिरासत में लिया है। युवक ने पहचान छिपा कर हिंदू नाम से कमरा किराए में लिया था।

शनिवार की दोपहर को हिंदूवादी कार्यकर्ताओं ने पुलिस को सूचना दी कि समुदाय विशेष का एक युवक हिंदू युवती को लेकर स्टेशन चौराहे पर स्थित एक होटल में लेकर गया है। हिंदूवादी कार्यकर्ता उक्त होटल में जैसे ही पहुंचे तो पुलिस ने भी छापेमारी कर दी। इस दौरान मौके से युवक-युवती को दबोच लिया। उक्त युवक ने अन्य नाम की आईडी होटल में दी थी। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक डीआर वर्मा के अनुसार युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है, फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही है। इस दौरान कमल मुनि, विजय जोशी मौजूद रहे।

28 को हल्द्वानी आएंगे जेपी नड्डा

हल्द्वानी, अमृत विचार : भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 28 फरवरी को हल्द्वानी आएंगे। वह कार्यकर्ता सम्मेलन में शिरकत कर कुमाऊं मंडल के बूथ इकाई अध्यक्षों व बूथ समिति कार्यकर्ताओं के साथ वार्ता कर लोकसभा चुनाव की रणभेरी बजायेंगे। शनिवार को भाजपा प्रदेश महामंत्री खिलेंद्र चौधरी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जनपद नैनीताल के पदाधिकारियों, 22 मंडलों के अध्यक्षों व महामंत्रियों के साथ बैठक की।

प्लेटफार्म व पिटलाइन की मरम्मत से कई ट्रेनें प्रभावित

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : काठगोदाम रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म नंबर-1 एवं पिट लाइन नंबर-7 पर मरम्मत की जा रही है। इस वजह से 26 फरवरी से 12 मार्च तक 16 दिनों में ब्लॉक प्रदान किया जाएगा। यह ब्लॉक 25 फरवरी की रात 9 बजे से 12 मार्च की रात 9 बजे तक रहेगा। यह जानकारी देते हुए पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जत नगर मंडल के पीआरओ राजेंद्र सिंह ने बताया कि दिल्ली-काठगोदाम ट्रेन नंबर 15035 को इस अवधि में लालकुआं में शार्ट टर्मिनेट किया जाएगा। मंगलवार एवं शुक्रवार को 12 से 4 बजे तक अनुरक्षण होगा इसलिए इन दिनों में लालकुआं-काठगोदाम के बीच निरस्त रहेगी।

जैसमलेर काठगोदाम ट्रेन नंबर 15013 को भी लालकुआं में शार्ट टर्मिनेट किया जाएगा। लालकुआं से काठगोदाम के बीच निरस्त रहेगी।

सार-संक्षेप

डिग्री कॉलेज में रंगोली बनाते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

डिग्री कॉलेज में रंगोली एवं मेहंदी प्रतियोगिता हुई

रामनगर : पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय की स्वीप टीम द्वारा रंगोली एवं मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए प्राचार्य प्रोफेसर एमसी पांडे ने समस्त छात्र-छात्राओं से लोकतंत्र में भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु अवश्य मतदान करने का आह्वान किया। स्वीप के अंतर्गत कैंपस एंबेसडर प्रोफेसर जगमोहन सिंह नेगी, डॉ.कृष्णा भारती, एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. डीएन जोशी ने निष्पक्ष, निस्वार्थ एवं किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना मतदान करने की अपील की। रंगोली प्रतियोगिता में टीम श्रेया व टीम आकांशी को विजयी घोषित किया गया। मेहंदी प्रतियोगिता में बुशरा, राधा बिष्ट व गुड्डी ने क्रमश: प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया।

शिवालिक स्कूल में प्रदर्शनी का अवलोकन करते अतिथि। ● अमृत विचार

शिवालिक स्कूल में बच्चों के तैयार मॉडलों की प्रदर्शनी

हल्द्वानी : शिवालिक इंटरनेशनल स्कूल में एक्सप्लोरिंग माइंड्स - ए जर्नी थ्रू उत्तराखंड प्रदर्शनी आयोजित हुई। प्रदर्शनी में विज्ञान, भाषा, सामाजिक विज्ञान योग, कला, संगीत, कंप्यूटर व वाणिज्य विषयों से संबद्ध विभिन्न आकर्षक मॉडलों को प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. उपेंद्र ओली, डॉ. प्रदीप पांडे, सीए मनोज जोशी, प्रबंध निदेशक अनिल जोशी, निदेशक सुनील जोशी, प्रधानाचार्य पीएस अधिकारी ने किया। इस दौरान अकादमिक समन्वयक उमेश पंत, नमिता जोशी, रेखा मेहरा, दिवाकर राणा, शुभम पांडे, दीपा पंत, भुवन पांडे आदि थे।

हीरानगर गोल्ज्यू मंदिर में 29 को लगेगी जागर

हल्द्वानी : पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच हीरानगर स्थित श्री गोल्ज्यू मंदिर का स्थापना दिवस 29 फरवरी को मनाया जाएगा। इस मौके पर गोल्ज्यू की जागर का आयोजन होगा। इसमें कुमाऊं के विभिन्न क्षेत्रों से डंगरिये और जगरिये आमंत्रित किए गए हैं। मंच के अध्यक्ष खड़क सिंह बगड़वाल ने बताया कि 29 फरवरी को सायं 6 बजे से जागर शुरू होगी। एक मार्च को दोपहर एक बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया जायेगा। बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। उन्होंने समस्त क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पहुंचने और भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है।

महिलाओं को महालक्ष्मी किट बांटतीं ब्लॉक प्रमुख कमलेश कैड़ा। ● अमृत विचार

ब्लॉक प्रमुख कैड़ा ने मीडार में लगाया बहुद्देश्यीय शिविर

भीमताल : ओखलकांडा की ब्लॉक प्रमुख कमलेश कैड़ा ने शनिवार को मीडार में बहुद्देश्यीय शिविर लगाकर जन समस्याओं पर सुनवाई की। इसमें अधोड़ा, गल्पा, पदमपुर, धमोरी, अमजड़, सुवाकोट, पोखरी के ग्रामीणों ने बिजली, पानी, स्वास्थ्य, सड़क, शिक्षा आदि की समस्याएं उठाईं। ब्लॉक प्रमुख कैड़ा ने मौके पर ही अधिकारियों को शिकायतों के निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने महिलाओं को मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट वितरित की। उन्होंने कहा की छीड़ाखान से अधोड़ा मिडार मोटर मार्ग पर 19 करोड़ की लागत से डामरीकरण होगा। इस दौरान बीडीओ तनवीर असगर समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

एथेनॉल प्लांट को लेकर पूर्व सीएम कोश्यारी से मिले

पूर्व सीएम भगत सिंह कोश्यारी को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण। ● अमृत विचार

कालाढूंगी : एथेनॉल प्लांट के विरोध में बीते एक सप्ताह से ग्रामीणों का विरोध जारी है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए मानकों की जांच के लिए पूर्व सीएम भगत सिंह कोश्यारी को ज्ञापन सौंपा। शनिवार को कोटाबाग पहुंचे पूर्व सीएम भगत सिंह कोश्यारी को ग्रामीणों ने ज्ञापन देकर समस्या से अवगत कराया। ग्रामीणों का कहना है कि चकलुवा सूरपुर गांव में एथेनॉल प्लांट का निर्माण कार्य चल रहा है जिसका विरोध ग्रामीण विगत दो वर्षों से करते आ रहे हैं। इस पर पूर्व सीएम भगत सिंह कोश्यारी ने ग्रामीणों को कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख रवि कन्याल, पूर्व दर्जा मंत्री गजराज बिष्ट, त्रिभुवन कन्याल, क्षेपंस गंगा सामंत, भाजपा मंडल अध्यक्ष विक्रम जंतवाल, क्षेपंस विरेन्द्र कुमार, मोहन खोलिया, हरीश मेहरा, तारा चंद्र, रवि दिगारी, धमेन्द्र जलाल उपस्थित रहे।

प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के लिए जागरूक किया

गांव में कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

कालाढूंगी : सरस्वती शिशु मंदिर के छात्रों ने ग्राम भीमपुर में रविदास जयंती पर नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से प्लास्टिक के दुष्प्रभाव, मोबाइल के बढ़ते दुष्परिणाम व भोजन की बढ़ती बर्बादी को रोकने के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनीता देवी ने की। मुख्य अतिथि अनिल कुमार ग्राम प्रधान व विशिष्ट अतिथि दीपक पाठक, एसडीओ विद्युत विभाग, प्रधानाचार्य गणेश बिष्ट उपस्थित रहे।

पूर्व सीएम मनोहर जोशी के निधन पर जताया शोक

हल्द्वानी : शिवसेना कुमाऊं मंडल कार्यालय रेलवे बाजार में शनिवार को शोक सभा हुई। जिसमें शिव सैनिकों ने महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मनोहर जोशी के निधन पर शोक प्रकट किया। उन्होंने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रदेश उपप्रमुख रूपेन्द्र नागर ने कहा कि मनोहर जोशी शिवसेना के संस्थापक सदस्यों में से एक थे। उन्होंने शिवसेना को सड़क से लेकर सदन तक अपनी सेवा प्रदान की।

मंडलायुक्त दीपक रावत के जनता दरबार में पिथौरागढ़ निवासी महिला ने की शिकायत, अधिकारियों को बुलाकर समाधान कराया

2 हजार वर्ग फीट भूमि माप में 200 फीट कम निकली

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : मंडलायुक्त दीपक रावत ने शनिवार को मिनी स्टेडियम रोड स्थित कैंप कार्यालय में जन सुनवाई की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को बुलाकर मौके पर ही समस्याओं का समाधान किया।

जनसुनवाई में हेमा बसेड़ा निवासी पिथौरागढ़ ने बताया कि वर्ष 2019 में हल्द्वानी में दीपा वाणी निवासी रमतोला जिला अल्मोड़ा से दो हजार वर्ग फीट भूमि क्रय की थी। दीपा वाणी ने दूसरी भूमि संदीप वाणी को दो हजार स्क्वॉयर फीट दान में दी थी संदीप ने उक्त भूमि विनुली देवी को बेच दी थी। जब उन्होंने अपनी भूमि की माप कराई तो 200 फीट कम निकली।

कैंप कार्यालय में सुनवाई करते मंडलायुक्त दीपक रावत। ● अमृत विचार

इस पर मंडलायुक्त ने दोनों पक्षों को तलब कर हेमा बसेड़ा को 200 फीट भूमि देने तथा दूसरे पक्ष विनुली देवी को भूमि का मुआवजा देने की बात पर सुलह कराई। पिछली जनसुनवाई में एकता विहार निवासियों ने बताया था कि गैस गोदाम सड़क पर अधिकांश लोगों ने सडक पर रैम्प बनाकर अतिक्रमण कर दिया है इससे आवागमन में परेशानियां हो रही हैं। मंडलायुक्त ने सिटी मजिस्ट्रेट को जांच के निर्देश दिए थे। एकता विहार निवासियों ने समस्या का समाधान होने पर मंडलायुक्त का आभार जताया।

शहर को डस्टबिन फ्री बनाने पर दिया जाए जोर

हल्द्वानी, अमृत विचार : मंडलायुक्त रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में किसान केवाईसी सत्यापन प्रतिवर्ष किया जाता है लेकिन कुछ किसानों ने ऐसा नहीं किया है इस वजह से किसान सम्मान निधि संबंधित किसानों के खातों में नहीं जा रही है। उन्होंने किसानों से प्रत्येक वर्ष पीएम किसान सम्मान निधि को अपडेट करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि शहर को डस्टबिन फ्री बनाना होगा तभी कूडे.के ढेर कम होंगे। इसके लिए डोर-टू-डोर कूड़ा उठान की व्यवस्था शहर के प्रत्येक वार्ड में सुनिश्चित करानी होगी। नगर आयुक्त को निर्देश दिए कि शहर में डस्टबिनों की संख्या न्यून करने के साथ ही घरों से कचरा उठाने की व्यवस्था को मजबूत करें।

न्यू मॉन्टेसरी स्कूल हल्द्वानी में कक्षा पांच में अध्ययनरत एक छात्र की आर्थिक स्थिति खराब होने से स्कूल फीस जमा नहीं कर पाया था। इस पर स्कूल प्रबंधक ने छात्र को स्कूल नहीं आने की चेतावनी दी थी। अभिभावक मामले को लेकर मंडलायुक्त के पास पहुंचे। जहां मंडलायुक्त के कहने पर स्कूल प्रबंधन ने बच्चे को परीक्षा में सम्मलित होने की सहमति दी। बच्चे की आगे की पढ़ाई प्रभावित न हो इस पर भी स्कूल में ही आगे की शिक्षा लेने पर सहमति दी। पुरानी बकाया फीस छोड़ कर अभिभावक हर माह फीस देंगे। इस दौरान सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह, एसडीएम परितोष वर्मा, तहसीलदार सचिन कुमार आदि रहे।

तुम सिद्धि करो महाराज होलिन...

आयोजन

▸▸ शिखर सांस्कृतिक विकास समिति अल्मोड़ा ने किया होली महोत्सव

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचारः शिखर सांस्कृतिक विकास समिति अल्मोड़ा ने शनिवार को नवाबी रोड स्थित एक बैंक्वट हॉल में होली महोत्सव का आयोजन किया।

समिति हर साल होली महोत्सव का आयोजन करती है। समिति की महिलाओं ने तुम सिद्धि करो महाराज होलिन के दिन में..., राम जी आए लक्ष्मण आए आदि होली की बहुत शानदार प्रस्तुति दी। राधा-कृष्ण के रूप में सजी महिलाएं पनघट पे खड़े नंदलाल गगरिया कैसे भरूं मैं.. होली पर खूब झूमीं। होली महोत्सव में महिलाओं ने एक से बढ़कर एक होली का गायन किया और महिलाएं स्टेज पर खूब थिरकीं। भगवती पांडे ने बहुत अच्छी प्रस्तुति दी। उनकी प्रस्तुति की सराहना हुई और उन्हें नेक भी दिया गया। इसके साथ ही अन्य महिलाओं ने भी शानदार प्रस्तुति दी। इस मौके पर रेनू अधिकारी, शोभा बिष्ट आदि उपस्थित रही।

होली महोत्सव कार्यक्रम में नृत्य प्रस्तुत करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

महिलाओं ने मतदान के लिए जागरूक किया

हल्द्वानी: जिला निर्वाचन की स्वीप टीम मतदाताओं को जागरूक करने के लिए और इस संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के विभिन्न माध्यम अपना रही है। स्वीप टीम ने शनिवार को होली महोत्सव में महिलाओं के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। महिला समूह में आए हुए राधा और कृष्ण ने देश के प्रत्येक नागरिक से आगामी लोकसभा चुनाव में बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी करने और लोकतंत्र को मजबूत करने का संदेश दिया। स्वीप की जिला कोरकमेटी के सदस्य गौरी शंकर कांडपाल ने बताया कि मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न महिला समूहों ने हर वोट जरूरी है, मतदान सबका अधिकार है, कोई मतदाता ना छूटे, वोट करेगा नैनीताल जैसे संदेश के माध्यम से लोगों को जागरूक करने की अपील की।

बैंक अधिकारी संगठन के पदाधिकारियों ने ली शपथ

हल्द्वानी : उत्तराखंड ग्रामीण बैंक के अधिकारी संगठन का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन शनिवार को मोटाहल्दू स्थित एक होटल में किया गया। इस समारोह में ग्रामीण बैंक राष्ट्रीय संगठन (अरेबिया) के महासचिव एस. वेंकटेश्वर रेड्डी व समन्वयक उत्तरी क्षेत्र फेडरेशन सतविन्द्र सिंह ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों व कार्यकारणी सदस्यों को शपथ दिलाई। अध्यक्ष अनुराधा व महासचिव मंदीप चौधरी सहित सभी पदाधिकारियों ने शपथ ग्रहण की। कार्यक्रम में बैंक के प्रदेशभर से आए अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि बैंक की 288 शाखाओं व नियंत्रक कार्यालयों में कार्यरत समस्त अधिकारी संवर्ग के हितों के लिए संगठन कार्य कर रहा है। अरेबिया के महासचिव एस. वेंकटेश्वर रेड्डी ने केंद्रीय संगठन से पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया।

मिनी भारत की संस्कृति पेश की

कार्यक्रम

▸▸ किड्जी प्ले व माउंट लिट्रा का वार्षिकोत्सव समारोह संपन्न

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : किड्जी प्ले एवं माउंट लिट्रा जी स्कूल के पहले वार्षिकोत्सव समारोह में बच्चों ने मंच पर मिनी भारत की संस्कृति को उजागर किया। मंच पर थिरकते बच्चों ने इंद्रधनुषी प्रस्तुतियों की शुरुआत गणेश वंदना से की। नर्सरी कक्षा के बच्चों ने पाश्चात्य शैली पर स्वागत नृत्य व क्लैप डांस से अभिभावकों का दिल जीता। अराउंड इन द वर्ड की थीम पर आधारित प्रस्तुतियों में आकर्षण का केंद्र जूनियर केजी की छात्राओं का पाश्चात्य शैली का कंट्री डांस रहा। इस थीम पर आधारित नाटक में माउंट लिट्रा के बच्चों ने भिन्न भिन्न देशों की संस्कृतियों तथा विशेषताओं को प्रदर्शित किया। इससे पूर्व वार्षिकोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. रवि सहोता, विशिष्ट अतिथि किड्जी उत्तराखंड की हेड सपना टियोटिया, एसीएफ पूनम कैंथोला एवं सामाजिक कार्यकर्ता श्वेता मासीवाल एवं स्कूल के प्रबंधक तुषार अग्रवाल ने संयुक्त रूप से किया। निदेशक स्पर्श अग्रवाल ने शिक्षिकाओं को सम्मानित किया। प्रधानाचार्य रितु पंत ने विद्यालय की प्रगति से अवगत कराया। संचालन प्रभजोत साहनी, रश्मि गैरोला, अर्चना रावत ने किया।



मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते नौनिहाल। ● अमृत विचार

दुकानों के आगे टिनशेड का लोकार्पण करतीं जिला पंचायत अध्यक्ष। ● अमृत विचार

नवनिर्मित टिनशेड का लोकार्पण किया

भीमताल : भीमताल के डांठ में जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया ने डाक बंगला परिसर में जिला पंचायत की दुकानों के आगे टिनशेड का लोकार्पण किया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने अवगत कराया कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए जिला पंचायत द्वारा सहयोग किया जाएगा। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य अनिल चनौतिया, निवर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष देवेंद्र चनौतिया, सभासद रामपाल गंगोला, सीमा टम्टा, बीडी पलड़िया आदि मौजूद रहे।

20 ने ली व्यापार मंडल की सदस्यता

रामनगर: देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल रामनगर इकाई की एक बैठक देवभूमि उद्योग व्यापार मण्डल के अध्यक्ष विपिन कांडपाल के नेतृत्व में हुई।

इसमें 20 व्यापारियों ने देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल की सदस्यता ग्रहण की। बैठक में नगर इकाई का बैंक खाता खोलने का निर्णय लिया गया।

इस अवसर पर नगर उपाध्यक्ष दीप जोशी, अमित अग्रवाल, चन्द्रशेखर पपने, मनीष कुमार जिला उपाध्यक्ष, ललित कश्यप, नाजमा, हुस्नतारा महिला अध्यक्ष, सहरीन आदि मौजूद रहे।

व्यापार मंडल की बैठक में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

उत्साह कैंप के बाद टीम का अंतिम चयन किया जाएगा

14वीं हॉकी चैंपियनशिप के लिए 18 खिलाड़ियों का हुआ चयन

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचारः अंतराष्ट्रीय स्टेडियम, गौलापार में हॉकी उत्तराखंड की सीनियर महिला हॉकी टीम का चयन ट्रायल आयोजित किया गया। इसमें 45 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया, जिनमें से फिलहाल 18 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। खेल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि कैंप के बाद टीम का अंतिम चयन किया जाएगा।

चयन समिति ने खिलाड़ियों का गहनता से परीक्षण किया गया। चयन समिति में पूर्व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी हरीश सिंह भाकुनी, हॉकी उत्तराखंड के उपाध्यक्ष किशोर बाफिला व उप क्रीड़ा अधिकारी वरुण बेलवाल सम्मिलित रहे।

हॉकी उत्तराखंड के महासचिव नरेंद्र सिंह बाफिला ने बताया कि चयन ट्रायल में चयनित सीनियर महिला हॉकी टीम 13 से 23 मार्च, 2024 तक पुणे, महाराष्ट्र में आयोजित होने वाली 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हॉकी उत्तराखंड की टीम से प्रतिभाग करेंगी। प्रीति शर्मा, गुलसबा, स्वाति कटारिया, कमला धौनी, कंचन परिहार, ममता भट्ट, मोनिका चंद, कोमल धामी, हेमा सिंह, आस्था खड़का, सीजल आर्या, प्रिया रावत, स्नेहा वर्मा, हिमानी, हिमानी कुमारी, लक्ष्मी जीना, आरती, वीना पांडे का चयन हुआ है।

भाजपा ने उम्मीदवार के चयन के लिए की रायशुमारी

हल्द्वानी : भाजपा ने लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार के चयन के लिए कार्यकर्ताओं की नब्ज टटोलना शुरू कर दी है। प्रदेश नेतृत्व के प्रतिनिधि मंडल ने उम्मीदवार के लिए रायशुमारी की अब इसकी रिपोर्ट हाईकमान को सौंपेंगे। शनिवार को राज्यसभा सांसद कल्पना सैनी व देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी आगामी लोकसभा चुनाव में नैनीताल संसदीय सीट से उम्मीदवार चयन के लिए रायशुमारी करने हल्द्वानी पहुंचे। उन्होंने जिला महामंत्री से ऊपर के पदाधिकारियों, विभिन्न मोर्चों के अध्यक्ष, प्रदेश पदाधिकारियों से गोपनीय रायशुमारी की। उन्होंने कुल 40 से अधिक पदाधिकारियों से बातचीत की। प्रतिनिधि मंडल ने कार्यकर्ताओं के मन की बात जान ली अब बातचीत के आधार पर रिपोर्ट तैयार कर हाईकमान को सौंपी जाएगी।

सार-संक्षेप

तीन अप्रैल को होंगे वरिष्ठ नागरिक समिति के चुनाव

हल्द्वानी : वरिष्ठ नागरिक जन कल्याण समिति की मासिक बैठक शनिवार को अध्यक्ष भुवन भास्कर पांडे की अध्यक्षता तथा महामंत्री पदमा दत्त पांडे के संचालन में संपन्न हुई। इस अवसर पर संस्थापक सदस्य दीप अग्रवाल ने मृत्यु के बाद शरीर एवं अंग दान का शपथ पत्र समिति को सौंपा। इसे समिति के माध्यम से मेडिकल कॉलेज व संबंधित संस्थाओं को भेजा जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से पैरालीगल वॉलंटियर नीमा जोशी ने साइबर क्राइम से बचाव के बारे में जानकारी दी। अध्यक्ष पांडे ने कहा कि तीन अप्रैल को समिति का द्विवार्षिक अधिवेशन एवं चुनाव होगा। जो भी इच्छुक सदस्य समिति के पदों पर सेवा देना चाहते हैं वे अपने प्रस्ताव मार्च माह मासिक बैठक से पूर्व दे सकते है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष डीके बल्यूटिया, पीएस जन्तवाल, विपिन चन्द्र बिष्ट, सीएम पांडे, एचपी जोसेफ, डीके पांडे, पान गिरी गोस्वामी, बीडी पाठक, भगवती बिष्ट, नानकचन्द लोहिया आदि मौजूद रहे।

मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ शुरू

हल्द्वानी : बड़ौदा आरसेटी हल्द्वानी ने रामगढ़ ब्लॉक के नथुवाखान में 10 दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है। एलडीएम, नैनीताल केआर आर्या व नैनीताल जिला सहकारी बैंक के शाखा प्रबंधक रजवार, एबीडीओ रामगढ़ अनूप चक्रायत ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यकम का शुभारंभ किया गया। संस्थान के निदेशक प्रदीप सिंह यर्सो ने प्रशिक्षण के बारे में विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण के बाद प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराया जाएगा।

विधायक भगत ने भुजियाघाट में लगवाया विद्युत शिविर

भुजियाघाट में बिजली से संबंधित समस्याएं सुनते विधायक बंशीधर भगत।

ज्योलीकोट : विधायक बंशीधर भगत ने भुजियाघाट में ग्रामीणों की बिजली बिल में गड़बड़ी, लो वोल्टेज, विद्युत पोल एवं ट्रांसफार्मर नहीं लगने की शिकायतों पर बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ कैंप लगाकर जन समस्याओं का समाधान किया। पावर कॉर्पोरेशन के अधिकारियों के साथ कैम्प लगाकर स्थानीय ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया। विधायक भगत ने बताया कि सूर्याजाला में लो-वोल्टेज एवं जीर्ण-शीर्ण विद्युत पोलों को बदलने, मोरा में ट्रांसफार्मर लगाने एवं पेड़ों के सहारे बिछाए बिजली के तारों को हटाने को लेकर ग्रामीणों की शिकायतें थीं। कैंप में पहुंचे अधिकारियों ने मौके पर ही बिलों की गड़बड़ियों को दुरुस्त किया। साथ ही मोरा में ट्रांसफार्मर लगाने और पेड़ों से बिजली के तार हटाने के निर्देश दिए। इस दौरान महेंद्र सिंह नेगी, कुंदन सिंह जीना, सुरेंद्र सूर्या, शक्ति सूर्या, ललित मोहन सूर्या, सूरज रमोला, गौरव रमोला, ऋतू बिष्ट, गोविन्द लाल, गोपाल खाती मौजूद रहे।

आरएसएस ने संत रविदास जयंती हर्षोल्लास से मनाई

रविदास जयंती पर कार्यक्रम के दौरान मौजूद आरएसएस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

हल्द्वानी : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने महादेव उपनगर की संत रविदास शाखा में रविदास जयंती धूमधाम से मनाई गई। शनिवार को स्वयंसेवकों ने ध्वज वंदन के बाद विभिन्न शारीरिक गतिविधियां आयोजित कीं। फिर जिला कार्यवाह गोधन धौनी ने स्वयं सेवकों को संत रविदास की जीवनी पर रोशनी डाली। उन्होंने बताया कि 24 फरवरी से 1 मार्च तक सेवा सप्ताह मनाया जाएगा। इसमें शाखा क्षेत्र के अंतर्गत मंदिरों में साफ-सफाई, अस्पताल, अनाथालय वगैरह में संपर्क, सेवा उपयोगी एवं अनियमित स्वयंसेवकों के साथ संपर्क, रक्तदान शिविर, निशुल्क स्वास्थ्य शिविर वगैरह किया जाएगा। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने आलू के गुटकों का प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान उप नगर कार्यवाह प्रहलाद मेहरा, आनंद सिंह दरम्वाल, भुवन आर्या, बीएस कालाकोटी, योगेश साह, राजेंद्र मेहता, ध्रुव, गणेश, लकी, आयुष, कनेंद्र, एसपी डसीला आदि मौजूद रहे।

महिलाओं को सफल उद्यमी बनने के लिए किया प्रेरित

प्रमाण पत्रों के साथ प्रशिक्षित महिलाएं। ● अमृत विचार

हल्द्वानी : भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान एवं एसेंचर ने महिलाओं को नई पहचान दी है। ईडीआईआई एवं एसेंचर की ओर से प्रायोजित निर्मला सोशल रिसर्च एंड डेवलपमेंट सोसाइटी के तत्वावधान में शनिवार को जूट, हैंडीक्राफ्ट पर आधारित चार साप्ताहिक कौशल विकास प्रशिक्षण (एमएसडीपी) का समापन ग्राम पवलगढ़, बैलपड़ाव में किया गया। प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर बाल किशन जोशी ने मुख्य अतिथि बीडीसी मेंबर, जिला उद्योग केंद्र के पूर्व महाप्रबंधक योगेश पांडे, समूह सीआरपी, संस्था के निदेशक संजीव कुमार भटनागर व प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर हेमा बिष्ट सहित सभी अतिथियों का स्वागत किया। निर्मला संस्था ने सभी महिलाओं को प्रशिक्षण लेकर अपना रोजगार करने तथा एक सफल महिला उद्यमी बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में काजल, कविता, मानू चौधरी, सुनीता, मंजू देवी आदि 50 महिलाओं ने भाग लिया। इस मौके पर प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र भी बांटे गए।

महानगर अध्यक्ष पर हमला करने से भड़के कांग्रेसी

कार्यकर्ताओं ने एसएसपी कार्यालय पर पुलिस के खिलाफ दिया धरना, सीओ से हुई नोकझोंक, सीपी शर्मा ने दी आत्मदाह की चेतावनी

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : शुक्रवार को शिलापट प्रकरण को लेकर निवर्तमान मेयर और महानगर अध्यक्ष कांग्रेस के बीच हुई मारपीट का प्रकरण तूल पकड़ता जा रहा है। महानगर अध्यक्ष पर हुए हमले के खिलाफ बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एसएसपी कार्यालय पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया और मेयर के साथ आए बाहरी लोगों की गिरफ्तारी की मांग की। इस दौरान गिरफ्तारी को लेकर सीओ पंतनगर व नेताओं के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई और महानगर अध्यक्ष ने रविवार दस बजे तक गिरफ्तारी नहीं होने पर बारह बजे आत्मदाह की चेतावनी दे डाली। जिसे सुनकर पुलिस ने आश्वासन देकर गुस्सा शांत किया।

शनिवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा पीड़ित कांग्रेस महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ एसएसपी कार्यालय पहुंचे और धरना प्रदर्शन कर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। उनका कहना था कि महानगर अध्यक्ष पर हमले की वीडियो वायरल होने के बाद भी पुलिस ने अभी तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं की, जबकि निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह सुनियोजित तरीके से बाहरी बदमाशों के साथ शक्ति विहार गेट पहुंचे और महानगर अध्यक्ष पर जानलेवा हमला बोल दिया।

बताया कि शर्मा शिव शक्ति आवासीय कॉलोनी समिति के अध्यक्ष भी हैं और शिलापट को सम्मान पूर्वक हटाने का निर्णय कॉलोनी वासियों का था। जिसका मैसेज ग्रुप में भी साफ दिख रहा है। इसके अलावा महानगर अध्यक्ष ने निगम के साथ प्रशासन को भी पत्र लिखकर हटाने की मांग की थी, क्योंकि गेट के चौड़ीकरण व गार्ड रूम का पैसा विधायक निधि से प्रस्तावित हो चुका है। बावजूद इसके पुलिस सत्ता के दबाव में कार्य कर रही है। पीड़ित महानगर अध्यक्ष शर्मा ने ऐलान किया कि यदि रविवार सुबह दस बजे तक बाहरी बदमाशों की गिरफ्तारी नहीं हुई, तो बारह बजे वह पुलिस कार्यालय के सामने आत्मदाह करेंगे। जिस पर सीओ ने बमुश्किल कार्रवाई का आश्वासन देकर मामला शांत करवाया।

इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता डॉ. गणेश उपाध्याय, सौरभ चिलाना, मोहन खेड़ा, संदीप चीमा, ममता रानी, मोनिका ढाली, बाबू खान, सुनील आर्य, अर्जुन विश्वास, ज्योति आर्या, गोपाल भसीन, सत्यम सिंह, प्रकाश शर्मा, धर्मेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सीओ से नोकझोंक करते कांग्रेस नेता। ● अमृत विचार

निजी अस्पताल में भर्ती निवर्तमान मेयर रामपाल का हालचाल जानते भाजपा नेता।

सांस लेने में दिक्कत के बाद निवर्तमान मेयर निजी अस्पताल में भर्ती

रुद्रपुर, अमृत विचार : शुक्रवार को शिलापट को लेकर हुए विवाद के बाद निवर्तमान मेयर और महानगर अध्यक्ष के बीच मारपीट की घटना के बाद देर रात निवर्तमान मेयर की हालत बिगड़ने लगी। सांस लेने में दिक्कत के बाद जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। जिसके बाद निवर्तमान मेयर को शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। शनिवार को कई भाजपा नेताओं ने अस्पताल पहुंचकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। बताते चलें कि शक्ति विहार कॉलोनी के मुख्य गेट पर लगा शिलापट तोड़ने को लेकर वहीं के रहने वाले निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह और कांग्रेस महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा के बीच विवाद हो गया था। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों के समर्थकों के साथ ही निवर्तमान मेयर और महानगर अध्यक्ष के बीच जमकर मारपीट हुई। घटना के बाद दोनों ही नेताओं ने जिला अस्पताल में उपचार कराया। निवर्तमान मेयर को गुम चोट आने के कारण उनको भर्ती कर लिया गया था। शुक्रवार की देर रात अचानक सांस लेने में परेशानी तथा पसलियों में दर्द होने से निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह की हालत बिगड़ने लगी। जिस पर डॉक्टरों ने हालत नाजुक बताते हुए रामपाल सिंह को हायर सेंटर रेफर कर दिया। आनन- फानन में उन्हें शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। शनिवार को कई भाजपा नेताओं ने अस्पताल पहुंचकर उनका हाल जाना।

पुलिस ने तीन चोरों से बरामद कीं 8 बाइक

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: थाना पंतनगर इलाके में लगातार बाइक चोरियों की घटनाओं को अंजाम देने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने तीन बाइक चोरी के आरोपियों को गिरफ्तार कर आठ चोरी की बाइकें बरामद कर ली है। पुलिस ने आरोपियों का आपराधिक इतिहास खंगालना शुरू कर दिया है।

शनिवार को खुलासा करते हुए एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल, सीओ पंतनगर तपेश कुमार और थानाध्यक्ष राजेंद्र सिंह डांगी ने बताया कि सिडकुल चौकी इलाके से पिछले कुछ दिनों से लगातार बाइक चोरी की वारदातें हो रही थी। जिसको गंभीरता से लेते हुए सिडकुल चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया और घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला गया। जिसके बाद पुलिस को कई तीन संदिग्ध की फुटेज प्राप्त हुई। पुलिस ने घेराबंदी कर बाइक सवार तीनों युवकों को दबोच लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम ग्राम आबाद नगर गदरपुर निवासी नितिन चंद्र,नंदपुर निवासी चंदन कुमार और निरंजन सिंह को गिरफ्तार कर लिया। जिनकी निशानदेही पर पुलिस ने आठ चोरी की बाइकें बरामद की गई।

बरामद तीन बाइक दिनेशपुर निवासी रजत सिंह,फिरोजपुर निवासी रॉबिन और नैनीताल के मोहम्मद असलम की निकली। जो कुछ दिनों पहले ही पंतनगर थाने से चोरी की गई थी।

रुद्रपुर में बाइक चोरी का खुलासा करते एसपी सिटी मनोज कत्याल।

वीडियो वायरल होने से क्षुब्ध युवक ने खाया जहर, गंभीर

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: मामूली विवाद में तीन लोगों ने एक युवक की पिटाई कर दी। साथ ही उसका वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। इससे क्षुब्ध युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने पीड़ित युवक के बहन की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

कुंडा थाना पुलिस को दी तहरीर में थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने कहा है कि 1 जनवरी, 2024 को उसके भाई का गांव के ही राहुल के साथ झगड़ा हुआ था। अगले दिन गांव के संभ्रांत लोगों ने समझौता करा दिया। 17 फरवरी 2024 की रात 10 बजे राहुल, दिलजीत सिंह और एक अज्ञात व्यक्ति ने उसके भाई के साथ करनपुर में पानी की टंकी के पास मारपीट की और उसका वीडियो बना लिया। उन्होंने घटना के बारे में किसी को जानकारी देने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी। इस कारण उसके भाई ने किसी को नहीं बताया। 21 फरवरी 2024 को आरोपियों ने उसकी वीडियो वायरल कर दी। इससे क्षुब्ध होकर उसके भाई ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने तहरीर अनुसार मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना कुंडा प्रभारी दिनेश फर्त्याल ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। जांच के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस ने तमंचे संग पकड़ा हिस्ट्रीशीटर

किच्छा: पुलभट्टा थाना पुलिस की टीम ने रामपुर (उत्तर प्रदेश) के कुख्यात हिस्ट्रीशीटर गौ तस्कर को तमंचे एवं कारतूस के साथ दबोच लिया। पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध यूपी में कई मामले दर्ज हैं।

थाना अध्यक्ष कमलेश भट्ट के नेतृत्व में पुलिस टीम ने देर रात्रि रेलवे क्रॉसिंग पुलभट्टा तिराहे पर एक संदिग्ध आरोपी को पकड़ लिया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी ग्राम चमरूवा, थाना शहज़ाद नगर, तहसील मिलक, जिला रामपुर, उत्तर प्रदेश निवासी अकरम कुरैशी उर्फ कालिया के कब्जे से 315 बोर का एक तमंचा एवं एक जिंदा कारतूस बरामद किया। थाना अध्यक्ष भट्ट ने बताया कि पूछताछ में यूपी के कुख्यात गौ तस्कर अकरम कुरैशी ने बताया कि वह गौ मांस का कारोबार करता है।

आशा कार्यकत्रियों ने निकाला विरोध जुलूस

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : ट्रेड यूनियन एक्टू से जुड़ी उत्तराखंड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन के बैनर तले आशाओं ने विरोध जुलूस निकालते हुए सीएमओ कार्यालय पर प्रदर्शन किया और पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सीएम को भेजा। उन्होंने आगाह किया कि यदि जल्द ही उनकी मांगों पर गौर नहीं किया,तो आंदोलन किया जाएंगा।

शनिवार को यूनियन की जिलाध्यक्ष ममता पानू सहित बड़ी संख्या में आशाएं गांधी पार्क में एकत्र हुई और विरोध जुलूस की शक्ल में सीएमओ कार्यालय पहुंची। जहां उन्होंने प्रदर्शन करते हुए सीएम को संबोधित ज्ञापन सीएमओ को सौपा। उनका कहना था कि सरकार की हर योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए आशाएं निस्वार्थ भाव से अपने दायित्वों का निर्वहन करती हैं। पिछले लंबे समय से यूनियन मांगों को लेकर संघर्षरत है। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष रीता कश्यप,खटीमा ब्लॉक अध्यक्ष केशवी देवी,जिला सचिव कुलविंदर कौर,बबीता कश्यप,प्रदेश कोषाध्यक्ष ललित मटियाली,सुधा शर्मा, विमलेश यादव,गीता सैनी, रूपेंद्र कौर, निशा शर्मा,बबीता कश्यप, चंद्रावती, अर्चना मिस्त्री, काजल मिस्त्री, सुलता मंडल, अर्चना घरामी, कुसुम लता, आरती अरोड़ा, कंचन ,प्रीति रस्तोगी, किरण देवी, आशा देवी, मीरा देवी, मरियम पाल, विमला देवी, मीना देवी, मंजरी आदि मौजूद रही।

रुद्रपुर में विरोध जुलूस निकाल तीं आशा कार्यकत्रियां। ● अमृत विचार

जसपुर में मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन

जसपुर। स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत आशा वर्करों ने पांच सूत्रीय मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसपुर में कार्यरत आशा वर्करों ने पांच सूत्रीय मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया तथा नारेबाजी की। आशा वर्कर्स अध्यक्ष बबीता कश्यप ने बताया कि आशा वर्कर्स डिलीवरी के लिए जब महिलाओं को सरकारी अस्पताल लाती हैं तो अस्पताल में दो-दो महिला डॉक्टर होने के बावजूद भी संसाधनों का अभाव होने का हवाला देते हुए उन्हें प्राइवेट अस्पतालों के लिए रेफर कर दिया जाता है और वहां नॉर्मल डिलीवरी हो जाती है। प्रदर्शन में सतपाल कौर, पवन कुमारी, राधा, उषा, सर्वेश, रेशमा, रेखा, लता, संतोष, प्रवेश कुमारी, अर्चना ,सोना देवी आदि रहे।

मनमर्जी से फ्री होल्ड कर दी जमीन

आरोप

- पूर्व सभासद ने नगर निगम पर लगाया आरोप
- 4.07 एकड़ भूमि को दिया 3.10 लाख रुपये में

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : भूत बंगला के पूर्व सभासद रामबाबू ने बताया कि सात दिसंबर 1988 में तत्कालीन नगर पालिका द्वारा मछली पालन की खुली बोली की निविदा निकाली थी। जिसमें दस्तावेजों में हेरफेर कर लमरा और रंपुरा की भूमि का विलय कर दिया और करोड़ों की भूमि को महज 3.10लाख रुपये औने पौने दामों में खुली बोली कराकर शहर के पांच लोगों के नाम लीज पर दी और उसके बाद भूमि फ्री होल्ड कर दी। जिसमें उत्तराखंड बनने के बाद तत्कालीन नगर निगम ने कोई जांच नहीं करवाई और द स्तावेजों के फाइल ही गायब कर दी।

शनिवार को पत्रकारों से वार्ता करते हुए पूर्व सभासद रामबाबू ने बताया कि 1988 को खुली बोली नियम का उल्लंघन किया गया,जबकि खुली बोली सर्वोच्च बोली को दी जाती है,लेकिन इस नीलामी में पांच व्यक्तियों की एक ही बोली है और लीज की समयावधि तक अंकित नहीं है। इसके अलावा नजूल भूमि 4.07एक ड पर किसी भी प्रकार का मछली पालन नहीं हो रहा है और भूमि कब्जा धारकों के कब्जे में है। उत्तराखंड बनने के बाद भी नगर पालिका और वर्तमान नगर निगम ने कोई ध्यान नहीं दिया। जब सूचना अधिकार के तहत रिपोर्ट मांगी,तो सरकारी भूमि को खुर्दबुर्द करने का मामला सामने आया। इसके बाद 28 अप्रैल 202 3 को डीएम को पत्र लिखा और शासन स्तर पर पत्राचार करने के बाद मामले की जांच हुई। आरोप था कि जब निगम को पडता ल व कार्रवाई का आदेश दिया गया,तो निगम कार्यालय से दस्तावेजों की फाइल गायब हो गई। पूर्व सभासद का आरोप था कि नि गम की शह पर ही सरकारी भूमि को खुर्दबुर्द करने में सहयोग दिया गया है।

रुद्रपुर में पत्रकारों से वार्ता करते पूर्व सभासद रामबाबू। ● अमृत विचार

गदरपुर में निशुल्क परीक्षण शिविर मरीजों की आंखों की जांच करते चिकित्सक।

निशुल्क शिविर में 470 लोगों की आंखों का परीक्षण

गदरपुर, अमृत विचार : श्री जय भवानी जागरण मंडल एवं प्रकाश आई हॉस्पिटल के सहयोग से श्री सुहावा राम भुडडी धर्मशाला में निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। पहले दिन 470 लोगों का परीक्षण किया गया। शनिवार को सुहावा राम भुडडी धर्मशाला में श्री जय भवानी जागरण मंडल के तत्वावधान में निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष हरीश एशपुजानी एवं आढती एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल गगनेजा ने फीता काटकर किया। आढ़ती एसोसिएशन के अध्यक्ष गगनेजा ने कहा कि जय भवानी जागरण मंडल द्वारा लगाए गए शिविर में सभी धर्मों के लोगों का ऑपरेशन होता है। इसके लिए उन्होंने बधाई दी। पहले दिन 470 लोगों की आंखों का परीक्षण किया गया। कार्यक्रम का संचालन जय भवानी जागरण मंडल के अध्यक्ष सोमनाथ छाबड़ा ने किया। इस मौके पर आढ़ती एसोसिएशन के अध्यक्ष सतीश अनिल गगनेजा, व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष राजकुमार भुडडी, धर्मचंद खेड़ा, पवन बजाज, दीपक बहेड रहे।

किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप

खटीमा, अमृत विचार: विकासखंड के एक गांव के पीड़ित ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा है कि उसकी नाबालिग पुत्री 20 फरवरी दोपहर एक बजे से लापता है। तहरीर में यह भी कहा गया है कि जानकारी हासिल करने के बाद पता चला है कि रामलखन नाम का युवक उसे अपने साथ बहला फुसलाकर कर ले गया है। पीड़ित ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई करने और पुत्री का पता लगाने की गुहार की है। जिसपर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

नुक्कड़ सभा कांग्रेस अनु . जाति के प्रदेश संयोजक व खटोला के प्रधान एड .मुकेश सिंह राणा सहित दर्जनों कांग्रेसी भाजपा में शामिल

विधायक शिव अरोरा ने खटोला में सुनीं जन समस्याएं

संवाददाता, दिनेशपुर

अमृत विचा र: 66 विधानसभा रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा ने आगामी लोकसभा चुनाव का शंखनाद करते हुए ग्राम पंचायत खटोला में नुक्कड़ सभा की। विधायक अरोरा ने विकास कार्यों का जायजा लिया और लोगों की समस्याएं सुनीं। विधायक शिव अरोरा ने यूथ कांग्रेस के अनुसूचित जनजाति के प्रदेश संयोजक/प्रधान एडवोकेट मुकेश सिंह राणा सहित दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ताओं को भाजपा की सदस्यता दिलाई।

शनिवार को ग्राम पंचायत खटोला में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लोकसभा संयोजक विवेक सक्सेना ने भाजपा में शामिल हुए सभी लोगों का स्वागत कर पार्टी संगठन की विस्तृत जानकारी दी। भाजपा की सदस्यता लेने के बाद खटोला प्रधान एडवोकेट मुकेश सिंह राणा ने कहा कि कांग्रेस की कथनी व करनी में अंतर है। कांग्रेस अनुसूचित जनजाति व दलित समाज को अपना वोट बैंक मानती है। गरीब परिवारों को विभिन्न प्रलोभन देकर भटका रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सदस्यता लेने वाले सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वेच्छा से पार्टी को छोड़कर भाजपा की सदस्यता ली है। कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला महामंत्री अमित नारंग ने किया।

इस मौके पर जिला महामंत्री पूर्व सूबेदार मेजर खड़क सिंह कार्की, सुदर्शन विश्वास, हरीश भट्ट, तापस वैद्य, रामेश्वर वैष्णव, मोहन विश्वास, अशोक कालड़ा, रजत वैद्य, बाबूराम सरदार, पंकज मंडल, सोहन सिंह, शिवपद मंडल, सदानंद राय, आशीष मंडल, उमा पानू, प्रिया कार्की, सागर सिंह,गोविंद बल्लभ जोशी सहित सैकड़ो लोगों मौजूद थे।

दिनेशपुर के ग्राम पंचायत खटोला में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को भाजपा की सदस्यता दिलाते विधायक शिव अरोरा। ● अमृत विचार

अंकिता भंडारी हत्याकांड की सीबीआई जांच के साथ ही अग्निपथ योजना व पेपर लीक घोटाले की जांच की मांग

काशीपुर में युवा कांग्रेसियों ने निकाला मशाल जुलूस

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचारः युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मोहल्ला किला से महाराणा प्रताप चौक तक न्याय मशाल यात्रा निकाली।

शुक्रवार देर शाम युवा कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर एवं महानगर युवा कांग्रेस अध्यक्ष राहुल रमनदीप काम्बोज के नेतृत्व में आयोजित न्याय की मशाल यात्रा के दौरान बहन अंकिता भंडारी हत्याकांड की सीबीआई जांच, किसानों के समर्थन, अग्निपथ योजना का विरोध, पेपर लीक घोटाले की जांच एवं बेरोजगारी के खिलाफ आवाज उठाई और न्याय की मांग की। इस दौरान युवा कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर ने कहा कि भाजपा सरकार युवा, किसान, मजदूर, महिला विरोधी है।

एमपी चौक पर मशाल न्याय यात्रा निकालते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

अग्निवीर योजना से युवाओं में भ्रम बना हुआ है। उन्होंने कहा कि देश में आज हर वर्ग के साथ अन्याय हो रहा है। अग्निवीर योजना से देश की सेना तो कमजोर हो ही रही है, वहीं इस योजना से युवाओं के साथ भी धोखा किया जा रहा है। उन्होंने उत्तराखंड की बेटी अंकिता भंडारी का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार और सरकारी एजेंसी भी अभी तक उस वीआईपी का नाम नहीं उजागर कर पाई है। जिस कारण अंकिता की हत्या हुई थी, जबकि अंकिता के माता-पिता ने सार्वजनिक रूप से उक्त वीआईपी का नाम भी उजागर कर दिया। इसके बावजूद सरकार मौन है। मशाल न्याय यात्रा में हरीश कुमार सिंह एडवोकेट, विमल गुड़िया, शशांक सिंह, अरुण चौहान, आशीष अरोरा बॉबी, अलका पाल, फिरोज हुसैन, विवेक कौशिक, मुशर्रफ हुसैन, मोहम्मद आरिफ सैफी, वसीम अकरम, सुहेल खान, सारिम सैफी, अनीस अंसारी, विकल्प गुड़िया, अनित मार्कण्डेय, मनीष शर्मा, अक्षित शर्मा, गौरव शर्मा, लवदीप सिंह, साहिल रजा, जितेंद्र सरस्वती, अर्पित मेहरोत्र, अब्दुल कादिर आदि लोग मौजूद रहे।

दबंगों ने तड़तड़ाई गोलियां, बट मारकर युवक को किया घायल

संवाददाता, रुद्रपुर

तोड़फोड़

- डीजे में की तोड़फोड़, कार्यक्रम में मची भगदड़
- पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को सौंपी तहरीर

अमृत विचार : शुक्रवार की देर रात रंपुरा बस्ती में उस वक्त भगदड़ मच गई। जब एक दबंग ने अपने साथियों के साथ एक कार्यक्रम में तोड़फोड़ की और ताबड़तोड़ फायरिंग कर दहशत का माहौल पैदा कर दिया। विरोध करने पर दबंगों ने एक व्यक्ति पर पिस्टल की बट से हमला कर घायल कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना की जानकारी ली और पीड़ित ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार वार्ड-23 निवासी पप्पू कोली ने बताया कि 23 फरवरी यानी शुक्रवार की रात घर में एक कार्यक्रम चल रहा था कि अचानक बदमाश प्रवृति का युवक अपने साथियों के साथ रात ग्यारह बजे आया और अभद्रता करते हुए डीजी में तोड़फोड़ कर दी। जब लोगों ने इसका विरोध किया, तो सभी ने पिस्टल निकाल कर लगभग आठ से नौ राउंड फायरिंग की। जिससे मौके पर भगदड़ मचने लगी और हमलावरों ने एक व्यक्ति के सिर पर पिस्टल की बट से प्रहार कर उसे घायल कर दिया। जब वह जान बचाकर भागा, तो हमलावर उसके घर पर पहुंचे और दरवाजे पर भी गोलियां दागनी शुरू कर दी। पीड़ित का कहना था कि आरोपी युवक पर कई अपराधिक मामले दर्ज हैं और आए दिन इलाके में फायरिंग व हमला कर दहशत फैलाने का अपराध करता रहता है। पीड़ित ने अस्पताल में उपचार कराने के बाद शनिवार की सुबह कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने बताया कि रंपुरा पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएंगी।

सार-संक्षेप

सेंट लामार्ट सीनियर सेकेंड्री स्कूल में प्रस्तुति देते बच्चे। ● अमृत विचार

बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रमों से जीता दिल

शांतिपुरी : सेंट लामार्ट सीनियर सेकेंड्री स्कूल का दो दिवसीय कलर ऑफ लिटिल चैंप्स कार्यक्रम रंगारंग कार्यक्रमों के साथ संपन्न हो गया। इस मौके पर प्रबंधक प्रमोद कुमार वर्मा ने कार्यक्रम की सफलता के लिए प्रधानाचार्य, शिक्षक स्टाफ तथा प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को बधाई दी। साथ ही कार्यक्रम में पूरे समय बच्चों का मनोबल बढ़ाने वाले अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय मैनेजमेंट लगातार अनुभवी शिक्षकों की मदद से बच्चों को बेहतर शिक्षा एवं अपडेट संसाधन देने के लिद प्रतिबद्ध है। प्रधानाचार्य बृजमोहन कुनियाल ने मंच पर बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान बच्चों द्वारा प्रस्तुत देश भक्ति, राजस्थानी, पंजाबी, गुजराती, कुमांऊनी संस्कृति पर आधारित लोक नृत्य तथा रामायण व चंद्रयान थ्री व पर्यापरण पर आधारित नाटिका की शानदार प्रस्तुति ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

स्कॉलर गुरुकुल एकेडमी के वार्षिकोत्सव में कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

धूमधाम से मना स्कॉलर गुरुकुल का वार्षिकोत्सव

खटीमा : स्कॉलर गुरुकुल एकेडमी लोहियाहेड का वार्षिकोत्सव रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित वार्षिकोत्सव का शुभारंभ सीनियर डिवीजन सिविल जज सचिन कुमार पाठक, नवीन बोरा, अजय मेहता, डॉ नवीन चंद्र भट्ट, चेयरमैन भावना जोशी, रमेश चंद्र जोशी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह में बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित जनों को मंत्र मुक्त कर दिया। विद्यालय की आख्या नरेंद्र बिष्ट ने प्रस्तुत की। चेयरमैन भावना जोशी ने अतिथियों का स्वागत और आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन हिमांशु जोशी ने किया। इस अवसर पर गौरव पांडे, आलोक कुमार, महेंद्र दिगारी, भैरव दत्त पांडे, रोशन रावत, विशाल आनंद, जितेंद्र पारूथी आदि थे।

बाजपुर पीजी कालेज में जानकारी देतीं इतिहास विभाग प्रभारी डॉ .मनुहार आर्य।

विद्यार्थियों को फिल्म दिखाकर बताए नशे के दुष्परिणाम

बाजपुर : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाजपुर के इतिहास विभाग के तत्वावधान में विद्यार्थियों को नशा मुक्त उत्तराखंड, ड्रग फ्री देवभूमि अभियान के अंतर्गत वीडियो फिल्म-जिंदगी लाइव 'पहले शौक फिर बर्बादी' दिखाई गई। विभाग प्रभारी डा .मनुहार आर्य की अपील पर फिल्म देखने के बाद स्वाति, पिंकी, सोना, संदीप कुमार आदि विद्यार्थियों ने विचार लिखकर प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की अगुवाई कर रहे प्राचार्य केके पांडे ने विद्यार्थियों को युवाओं में नशे की लत के विषय में चर्चा की तथा प्रत्येक कार्य आत्मविश्वास के साथ करने की सलाह दी। कार्यक्रम के निर्णायक मंडल में समाजशास्त्र विभाग के डा .अनिल सैनी, इतिहास विभाग के कैलाश तथा हिंदी विभाग से डा .खेमकरण शामिल रहे। निर्णायक मंडल द्वारा विजयी विद्यार्थियों को पुरस्कार स्वरूप पेन भेंट किए गए। इनके सुंदर अभिव्यक्ति एवं लेखन को महाविद्यालय की पत्रिका में छापने की घोषणा भी की गई।

कल निकाला जाएगा ट्रैक्टर मार्च

देहरादून में शासन के साथ भूमि बचाओ आंदोलन को लेकर हुई बैठक की जानकारी दी

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार : आंदोलन की प्रगति व समाधान के लिए गठित कमेटी द्वारा अब तक की गई कार्रवाई से पीड़ित किसानों को अवगत कराया गया। देहरादून में हुई बैठक के संबंध में भूमि बचाओ मुहिम के संयोजक जगतार सिंह बाजवा व हरमिंदर सिंह बरार ने किसानों को जानकारी दी।

कमेटी द्वारा आंदोलन को शांतिपूर्वक चलाए रखने का निर्णय लिया गया। साथ ही बाजपुर के किसानों, मजदूरों व व्यापारियों से संयम बनाए रखने की अपील की गई। भारतीय किसान यूनियन एकता उग्रहां के प्रदेश अध्यक्ष बल्ली सिंह चीमा ने संयुक्त किसान मोर्चा के कार्यक्रम को लेकर जानकारी देते हुए बताया कि संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर 26 फरवरी को ट्रैक्टर मार्च व विश्व व्यापार संगठन का पुतला दहन किया जाएगा।

भारतीय किसान यूनियन के जिला उपाध्यक्ष सनी निज्जर ने बताया कि 26 फरवरी को किसानों द्वारा उप्र बार्डर तक दिल्ली की तरफ को ट्रैक्टर खड़े किए जाएंगे। बैठक में दर्शन लाल गोयल, महेंद्र सिंह रंधावा, पिंदा सिंह, महेंद्र सिंह, विक्रम सिंह, अशोक गोयल, राजा समरा, श्यामलाल गोयल, शेर सिंह, पाल सिंह, हरदीप सिंह, हरदेव सिंह, सुखवंत सिंह, जसजीत भुल्लर, मन्नू मिर्जा, देवेश प्रताप, नत्था सिंह आदि मौजूद थे।

बाजपुर तहसील परिसर में अनशन के दौरान बैठक में विचार-विमर्श करते आंदोलनकारी। ● अमृत विचार

केंद्र सरकार के खिलाफ आंदोलन तेज किया जाएगा

बाजपुर : संयुक्त किसान मोर्चा की चंडीगढ़ में हुई बैठक से लौटने के बाद किसान नेता जगतार सिंह बाजवा ने कहा कि केंद्र व हरियाणा सरकार द्वारा खनौरी व शंभू बार्डर पर किसानों पर किए जा रहे अत्याचार को देखते हुए देशभर में अलग-अलग किसानों मजदूरों की लड़ाई लड़ रहे सभी किसान फ्रंट जल्द ही एकजुट होंगे और तानाशाही पर उतरी केंद्र सरकार के खिलाफ आंदोलन को तेज किया जाएगा। उन्होंने बताया कि संयुक्त मोर्चा द्वारा सभी किसान व मजदूर फ्रंटो से बात करने के लिए 6 सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। एवं संयुक्त किसान मोर्चा ने 26 फरवरी को ट्रैक्टर मार्च के साथ विश्व व्यापार संगठन का पुतला दहन कार्यक्रम व 14 मार्च को दिल्ली के श्रीरामलीला मैदान में महापंचायत आयोजित करने का निर्णय लिया है।

जारी रहा किसानों का क्रमिक अनशन

बाजपुर : बाजपुर के 20 गांव की 5838 एकड़ भूमि के भूमिधरी अधिकारों को लेकर तहसील परिसर में चल रहे भूमि बचाओ सत्याग्रह आंदोलन को 208 दिन हो चुके हैं। शनिवार को भारतीय किसान यूनियन एकता उगराहां से जुड़े किसान बलविंदर सिंह, बसन सिंह, मंगल सिंह, गुरविंदर सिंह, रविंद्र शर्मा क्रमिक अनशन पर बैठे जिन्हें भूमि बचाओ मुहिम के संयोजक जगतार सिंह बाजवा व बल्ली सिंह चीमा ने माल्यार्पण कर बैठाया।

खटीमा के नोजगे पब्लिक स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

नोजगे स्कूल में बच्चों ने प्रस्तुत किए रंगारंग कार्यक्रम

खटीमा : नोजगे पब्लिक स्कूल में नोजगे स्प्रिंग कार्निवल एंड किंडरगार्डन ग्रेजुएशन सेरेमनी धूमधाम से मनाई गई। जिसमें यूकेजी से पहली कक्षा में जाने वाले बच्चों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। नोजगे पब्लिक स्कूल (हैप्पी मैम) में आयोजित सेरेमनी का शुभारंभ लोहियाहेड जल विद्युत परियोजना के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर भरत शर्मा, मधु शर्मा, विद्यालय प्रबंधिका सुरेंद्र कौर, प्रधानाचार्य आरिज अल्वी, एचसी पंत, आरपी पंत ने सयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह में यूकेजी से पहली कक्षा में जाने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं नन्हे मुन्ने बच्चों के लिए बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। प्रबंधिका सुरेंद्र कौर ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। संचालन कुसुम भट्ट, प्रेरणा चौधरी, अमन अग्रवाल और बच्चों ने किया। इस अवसर पर मधुमिता मुखर्जी, रश्मि पाहवा, मंजू भट्ट, मोनिका चंद, नीमा तिवारी, गीता धामी, नीतू, कौशल्या रहे।

राजीव गांधी नवोदय विद्यालय में बच्चों को संबोधित करते सिविल जज सचिन कुमार।

बच्चों को बताईं नशे की बुराइयां

खटीमा, अमृत विचारः राजीव गांधी नवोदय विद्यालय खटीमा में प्रधानाचार्य प्रमोद पांडे की अध्यक्षता में आयोजित विधिक शिविर में विशिष्ट अतिथि सिविल जज सीनियर डिवीजन सचिन कुमार पाठक ने बच्चों को नशे की प्रवृत्ति से दूर रहने को कहा।

उन्होंने साइबर क्राइम से संबंधित जानकारी देते हुए कहा कि फोटो अपलोड करना, ओटीपी बताना, गलत पोस्ट डालना या फॉरवर्ड करना आदि सभी साइबर क्राइम के अंतर्गत आते हैं। यह भी कहा कि जिसकी शिकायत केवल साइबर क्राइम थाने में ही की जा सकती है। पैनल अधिवक्ता इलियास सिद्दीकी ने बच्चों को अपनी पढ़ाई पर ध्यान देने, नसीर अहमद ने नालसा, सालसा, डालसा, तहसील विधिक सेवा समिति के बारे में बताया। प्रभु दयाल ने लोक अदालत और स्थाई लोक अदालत के बारे में बताया। निर्मल न्यूलिया ने बच्चों को ध्यान लगाकर पढ़ने की बात कही।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
05946-292618, 8954474523

सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरी वर्ष 1998 की राजकीय उ. मा. विद्यालय, किच्छा की हाईस्कूल क्रमांक संख्या 1830814 (अनुक्रमांक सं. 1724285) की अंकतालिका वास्तव में गुम हो गई है। जिसका अन्य द्वारा उपयोग अवैध होगा। - **राजेन्द्र कुमार सहगल पुत्र श्री सोमराज सहगल, किच्छा, जिला ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)**

सूचना

मैं श्रीमती भगवती देवी पत्नी श्री भैरव दत्त द्वारा अपनी ग्राम-चोरपानी, परगना भाबर, चिल्किया, तहसील रामनगर स्थित 1275 वर्ग फीट आवासीय भूमि पर भवन निर्माण हेतु उत्तराखण्ड ग्रामीण बैंक शाखा रामनगर से रुपये 20.00 लाख का लोन ले रही हूँ। उक्त आवास लोन हेतु मेरे द्वारा अपनी भूमि के लेमिनेटेड (Laminated) Sale Deed दिनांक 01.06.2022 बही-नम्बर 1, जिल्द नम्बर 1368 पृष्ठ सं. 231 - 252 क्रमांक 1415 को बैंक के पक्ष में बंधक रखा जाएगा।

ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं सरकार की योजनाएं बताईं

संवाददाता, शांतिपुरी

अमृत विचारः शांतिपुरी नंबर दो पंचायत भवन में शनिवार देर शाम को सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें सरकार की ओर से आए उच्चाधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं व शिकायतों को सुनने के साथ ही उन्हें सरकार की विभिन्न लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी।

बैठक में उपनिदेशक रेशम कुमाऊं मंडल हेमचंद्र ने किसानों एवं ग्रामीण को सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी साझा करने की साथ ही उनकी विभिन्न समस्याओं के संबंध में जानकारी हासिल की। उन्होंने ग्रामीणों को रेशम उत्पादन हेतु सहतूत की खेती करने, कुक्कुट पालन, बकरी पालन, फलदार एवं औषधि उद्यान, दूध उत्पादन आदि विषयों पर सरकार से मिलने वाली सब्सिडी एवं सुविधाओं की जानकारियां साझा की। उन्होंने गांव में बिजली, पानी, खेल संसाधन, नाली निर्माण, नदी किनारे खेतों की पिचिंग, साफ-सफाई, चिकित्सा सेवा को बेहतर बनाने एवं महिला समूह के माध्यम से विभिन्न प्रकार की छोटे घरेलू उद्योगों को बढ़ावा देने की बात कही। उन्होंने कहा कि कृषि एवं स्वनिर्मित उत्पादों की मार्केटिंग को बेहतर बनाने में संबंधित विभाग उन्हें पूर्ण सहयोग करने के लिए तैयार हैं। इसके लिए उन्होंने कारोबारियों एवं किसानों से आगे आने को कहा। बैठक में प्रधान चंद्रकला विशन कोरंगा, ग्राम विकास अधिकारी गुरुप्रीत कौर, हिमानी ढोंडियाल, योगिता जोशी, अधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद शर्मा, डॉ. बीडी जोशी आदि मौजूद रहे।

खटीमा में भाजपा झनकट मंडल की बैठक में मौजूद कार्यकर्ता।

भाजपा झनकट मंडल की बैठक में सौंपे गए दायित्व

खटीमा, अमृत विचार : आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर शनिवार को भारतीय जनता पार्टी नानकमता विधानसभा के झनकट मडंल के कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। मंडल अध्यक्ष विमला बिष्ट की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मंडल के 72 बूथों के लाभार्थियों से संपर्क करने के लिए वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां तय की गई। बैठक में प्रत्येक बूथ पर पन्ना प्रमुख नियुक्ति और बूथ कमेटियों को दुरस्त करने के संबंध में विचार विर्मश किया गया। इस अवसर पर भुवन जोशी, हरीश भट्ट, महेश राणा, मनोज राणा, दीपक भट्ट, हरेंद्र राणा आदि थे।

किसानों को दी गई उर्वरकों की जानकारी

काशीपुर, अमृत विचार : किसानों को इफको नैनो यूरिया (तरल) व नैनो डीएपी (तरल) और जैव उर्वरक पर आधारित जानकारी दी गई। शनिवार को पुरानी अनाज मंडी स्थित इफको किसान सेंटर में किसान सभा का आयोजन किया गया। जिसमें उर्वरक खाद की गुणवत्ता के बारे में जानकारी दी गई। क्षेत्र अधिकारी नीरज डोभाल ने किसानों को नैनो यूरिया, नैनो डीएपी के बारे में जानकारी दी। इस दौरान, आनंद सिंह, सोनू कुमार, राजीव कुमार, रोहित कुमार आदि मौजूद रहे।

कार्यालय नगर पालिका परिषद, अल्मोड़ा

पत्रांकः 6051/8-2 (2023-2024) **निविदा सूचना** दिनांकः 24 फरवरी 2024

नगर पालिका परिषद, अल्मोडा के पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर क्षेत्रान्तर्गत निम्नानुसार निर्माण कार्यो के सम्पादन हेतु दिनांक 11.03.2024 को पूर्वान्ह 12:00 बजे तक लिफाफा बन्द निविदाएं, आमंत्रित की जाती है, जो तद्दिनांक को अपराहन् 3:30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। निविदा के साथ 3% धरोहर राशि एन.एस.सी./ एफ.डी.आर./ टी.डी.आर., जो कि अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद अल्मोडा के नाम बन्धक हो, को निविदा प्रपत्रों के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। बिना धरोहर राशि के निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। निविदा के साथ रू. 100.00 का नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर रू. 1.00 के रेवेन्यू टिकट पर निविदा की वैधता हेतु हस्ताक्षर कर संलग्न करना आवश्यक होगा। निविदा डालने से पूर्व इच्छुक ठेकेदार कार्य स्थल का भली-भांति निरीक्षण स्वयं कर लें। निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त स्थल पर किसी भी विवाद हेतु ठेकेदार स्वयं जिम्मेदार होगा। कार्य सबलेट करने की दशा में ठेकेदार की जमानत पालिका पक्ष में जमा कर ठेकेदार का नाम काली सूची में दर्ज कर दिया जायेगा। निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार गठित समिति को होगा एवं अपरिहार्य कारण से निविदा खोले जाने की तिथि एवं समय में परिवर्तन किया जा सकता है। विस्तृत जानकारी / शर्ते कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है:-

क्र. सं.	कार्य का नाम	आगणन धनराशि मय जी.एस.टी. सहित लाखों में	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण की अवधि
1.	वार्ड सैलाखोला मल्ला महल को जाने वाले सीढ़ियों के नीचे पिंक टॉयलेट का निर्माण।	24.96	3%	2000 + जी.एस.टी.	6 माह
2.	अल्मोडा नगर के क्षेत्रान्तर्गत सुमित्रानन्दन पंत पार्क का सौन्दर्यीकरण व ओपन जिम स्थापित करने का कार्य।	18.70	3%	1500 + जी.एस.टी.	6 माह

जयवर्धन शर्मा (प्रशासक) भरत त्रिपाठी (अधिशासी अधिकारी)

अरोरा के आश्वासन के बाद धरना समाप्त

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : पिछले कई दिनों से गांधी पार्क में चल रहा आगनबाडी कार्यकत्रियों का धरना विधायक अरोरा के आश्वासन के बाद समाप्त हो गया। इस दौरान कार्यकत्रियों ने विधायक को ज्ञापन देकर कैबिनेट में मुद्दा उठाने की मांग की।

शनिवार को विधायक शिव अरोरा कार्यकर्ताओं के साथ गांधी पार्क स्थित धरनास्थल पहुंचे और आंगनबाडी कार्यकत्रियों से वार्ता की। कार्यकत्रियों ने विधायक को बताया कि पिछ ले काफी समय से कार्यकत्रियां जनवरी 2024 से 600 रुपए के हिसाब से 18000 मासिक मानदेय करने, सेवानिवृति के दौरान दो लाख रुपये की राशि प्रदान करने, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को भी गोल्डन कार्ड की सुविधा प्रदान करने को लेकर संघर्ष कर रही है। जिस पर विधायक अरोरा ने आश्वासन दिया कि सीएम धामी से वार्ता कर समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर उर्मिला मिश्रा, नीरू बाला, रंजीता अरोरा, सीता, हँसी लोहनी, खुशबू, अनिता, मीरा बोस आदि मौजूद रहीं।

गांधी पार्क में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से वार्ता करते विधायक अरोरा।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 9837450888
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

गुरुद्वारा साहिब नानकसर ठाठ गजरौला में गुरु श्री हर राय जी के जन्मोत्सव पर पूर्णिमा समागम का आयोजन

समागम में किया गुरु की महिमा का गुणगान

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: गुरुद्वारा साहिब नानकसर ठाठ गजरौला में सिखों के सातवें गुरु श्री हर राय जी के जन्मोत्सव को समर्पित एक दिवसीय पूर्णिमा समागम आयोजित किया गया। समागम में धर्म प्रचारक जत्थों ने गुरु की महिमा का गुणगान करते हुए कथा कीर्तन किया।

शनिवार को आयोजित समागम में गुरुद्वारा नानकमत्ता साहिब के हुजूरी रागी ज्ञानी गुरमीत सिंह ने कथा कीर्तन करते हुए कहा कि गुरुओं के बताए मार्ग पर चलने से समाज सुधार के साथ-साथ मोक्ष की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि सिख धर्म सेवा व सिमरन के मूल आधार पर चलता है और सभी वर्गों के कल्याण की कामना करता है।

बाजपुर के गुरुद्वारा साहिब नानकसर ठाठ गजरौला में समागम में कीर्तन करता हजूरी रागी जत्था। ● अमृत विचार

भाई मंजीत सिंह ने कथा कीर्तन करते हुए कहा कि गुरुओं ने अपने जीवन चरित्र से आने वाली पीढ़ियों को सद्मार्ग पर चलने का संदेश दिया है। गुरुद्वारा नानकसर के हुजूरी रागी हरपाल सिंह ने भी कथा कीर्तन कर गुरु महिमा का गुणगान किया। बाल कवि सरगुरनूर सिंह ने कविता के माध्यम से गुरुओं का गुणगान किया।

गुरुद्वारा साहिब नानकसर के मुख्य सेवादार संत बाबा प्रताप सिंह द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर दर्जा राज्य मंत्री राज्यपाल सिंह, कुलविंदर सिंह किंदा, बलजिंदर सिंह मान, मंगा सिंह, रणजीत सिंह, दिलबाग सिंह, साहब सिंह, देवेंद्र सिंह, कुलदीप सिंह, जगजीत सिंह, अनमोल सिंह आदि मौजूद रहे।

महिला की संदिग्ध हालात में मौत, हत्या का आरोप

संवाददाता, जसपुर

अमृत विचार: क्षेत्र की एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने ससुरालियों पर पैसे की खातिर उसकी हत्या करने का आरोप लगाया है।

काजल (फाइल फोटो)

जानकारी के मुताबिक गांव दरियापुर थाना कांठ, जनपद मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश निवासी राम सिंह ने अपनी पुत्री काजल (28) का विवाह वर्ष 2018 में जसपुर के ग्राम पूरनपुर निवासी अजय सैनी के साथ किया था। इस बीच काजल ने एक पुत्री तथा एक पुत्र को जन्म दिया। मायके पक्ष के लोगों ने बताया कि इस दौरान दहेज को लेकर ससुराली उसे परेशान करने लगे। इस पर उसके पिता ने अपनी बेटी को एक भैंस दी जिसे पति ने बेच दिया। इसके बाद बेटे की बीमारी को लेकर इलाज के लिए ससुराली पैसों की मांग करते हुए उसका उसका उत्पीड़न किया जाने लगा। मृतका के भाई सुमेर सिंह ने बताया कि शुक्रवार दोपहर में उसके पास फोन आया कि उसकी बहन काजल बेहोश है। बाद में जब उसने दोबारा फोन किया तो पता चला कि उसकी बहन की मौत हो चुकी है। मायके पक्ष ने आरोप लगाया कि ससुरालियों ने उनकी पुत्री को बुरी तरह मारा पीटा जिससे उसकी मौत हो गई। मृतका एक भाई और चार बहनों में सबसे छोटी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शनिवार को पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

प्रेस परिषद ने खोला चौकी प्रभारी के खिलाफ मोर्चा

खटीमा, अमृत विचार : प्रेस परिषद ने खटीमा में पत्रकार के साथ मारपीट, बदसलूकी और जबरन हवालात में बंद करने वाले चौकी प्रभारी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कुमाऊं प्रभारी अशोक गुलाटी के नेतृत्व में पत्रकारों ने पुलिस क्षेत्राधिकारी से चौकी प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। साथ ही एक पत्र तहसीलदार के माध्यम से सीएम को प्रेषित किया है।

गुलाटी ने बताया कि खटीमा इकाई के महासचिव दीपक रावत के साथ शहर चौकी प्रभारी ने मारपीट, बदसलूकी और उन्हें हवालात में बंद किया। इस घटना से पत्रकारों में गहरा रोष है। कहा कि अगर जल्द चौकी प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो कुमाऊंभर में आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में गणेश पुजारा, अशोक सरकार, विक्रम बिष्ट, सुंदर बहादुर, दीपक, सलीम, भरत सिंह चुफाल, अनुज शर्मा आदि शामिल रहे।

एक नजर

6 प्रतिष्ठानों पर नगर निगम ने लगाया जुर्माना

काशीपुर : नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमरजीत सिंह साहनी के नेतृत्व में नगर निगम की टीम ने शहरभर में छापामार कार्यवाही की। जिसमें बायो मेडिकल वेस्ट का नियमानुसार निस्तारण न करने, कूड़ा गंदगी करने वाले तथा प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग करने वालों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की। इस दौरान टीम ने 6 प्रतिष्ठान स्वामियों पर 16700 रुपये का जुर्माना लगाया। वही 300 ग्राम पॉलीथिन भी जब्त की। साथ ही टीम ने एक डेंटल क्लीनिक संचालक को बायोमेडिकल निस्तारण आदि से संबंधित आवश्यक अभिलेख उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिये। टीम में स्वास्थ्य लिपिक अब्दुल सलीम, डीईओ धनवीर सिंह व राशिद हुसैन आदि शामिल रहे।

पूर्व सैनिकों की समस्याओं का किया समाधान

काशीपुर : सैन्य स्टेशन हेमपुर में आयोजित पूर्व सैनिक सम्मेलन में पूर्व सैनिक, वीर नारियों की समस्याओं का समाधान कर निशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई। साथ ही वीर नारियों को सम्मानित किया गया। शनिवार को आयोजित सम्मेलन में बंगाल इंजीनियर्स, गढ़वाल राइफल्स, कुमाऊं रेजीमेंट के अभिलेख कार्यालय व बैंकों के प्रतिनिधियों से वार्ता कर शिकायतों के निस्तारण में सहायता करने के लिए कहा गया। मेजर जनरल आर प्रेम राज, हेमपुर सैन्य स्टेशन के स्टेशन कमांडर ब्रिगेडियर देवेंद्र कुमार ने राष्ट्र के प्रति उनकी निस्वार्थ सेवा के लिए पूर्व सैनिकों, वीर नारियों के प्रति आभार जताया। कर्नल सुमित सूद, कर्नल वेटरंस, मुख्यालय उत्तराखंड उपक्षेत्र, कर्नल (रि.)सुबोध शुक्ला मौजूद रहे।

नशीला पदार्थ खिलाकर महिला के साथ दुष्कर्म

काशीपुर : महिला को नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। मामले में पुलिस ने महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली क्षेत्र निवासी एक महिला ने बताया कि कुछ समय पूर्व सुभाष नगर निवासी जीवन राम नाम के एक व्यक्ति ने उसे धोखे से नशीला पदार्थ खिला दिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। होश आने पर जब इसका विरोध किया तो वह जान से मारने की धमकी देने लगा। मामले में पुलिस ने पीड़िता की तहरीर अनुसार आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

एसएसपी ने कोतवाली का निरीक्षण किया, अपराध नियंत्रण के दिए निर्देश

कार्यालय, शस्त्रागार व मालखाने का जायजा लिया, दस्तावेजों का भी अवलोकन किया

अपील

- लोगों से की अपराधों को रोकने में सहयोग की अपील
- अपराधों का खुलासा करने वाली टीमों को किया सम्मानित

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : शनिवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी ने नगर कोतवाली काशीपुर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय शस्त्रागार दस्तावेजों के रखरखाव और माल खान आदि का निरीक्षण किया।

कोतवाली का निरीक्षणा करते एसएसपी मंजूनाथ टीसी। ● अमृत विचार

पुलिस विभाग की आंतरिक प्रक्रिया के तहत एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने बताया कि भवन व परिसरों का भ्रमण किया गया तथा खंडहर भवनों व आवासीय परिसर के लिए प्रस्ताव पीएचक्यू भेजा जाएगा। उन्होंने कोतवाली को उत्तराखंड की थीम के अंतर्गत सजाए जाने की सराहना भी की। उन्होंने बताया कि महिला हेल्पलाइन का भी जल्द कायाकल्प किया जायेगा। उन्होंने अपराधों पर शक्ति के साथ नियंत्रित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि सभी क्षेत्रों में प्रभावी ढंग से गश्त करनी चाहिए, इसके लिए उपलब्ध पुलिस बल का समुचित प्रयोग करने के भी निर्देश दिये। साथ ही जन संवाद करते हुए उन्होंने लोगों से कानून व्यवस्था की स्थिति में बेहतरीन के लिए पुलिस को सहयोग करने का आग्रह किया। वहीं बच्चों को नशे से दूर रखने के लिए उन्हें कम से कम जेब खर्च देने को कहा। इस दौरान भाजपा नेताओं ने कई आपराधिक वारदातों का खुलासा करने वाली कोतवाली की पुलिस टीमों को सम्मानित भी किया जनसंवाद के दौरान बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे और अपनी समस्याओं को एसएसपी के समक्ष रखा। जिस पर उन्होंने समस्याओं के निस्तारण के लिए प्राथमिकता से कार्यवाही के निर्देश दिए। इस दौरान एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोड़के, एसपी सिटी अभय सिंह, सीओ अनुषा बडोला, कोतवाल मनोज रतूड़ी आदि मौजूद रहे।

मारपीट में चार लोगों पर मुकदमा दर्ज, एक गिरफ्तार

गदरपुर, अमृत विचार: पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों में मारपीट हो गई। जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

थाना अध्यक्ष भुवन चंद जोशी ने बताया कि ग्राम मसीद निवासी फिरासत अली पुत्र स्वर्गीय असगर अली ने थाने में तहरीर देकर कहा कि 5 जनवरी को पुरानी रंजिश के चलते इसी गांव के इकबाल, अफजल, जुल्फिकार पुत्रगण भोला लाठी-डंडे व पाटल लेकर घर में घुस आए और मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान मेरी भाभी और भतीजा बचाने आए तो उन्हें भी मारपीट कर घायल कर दिया। मारपीट में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर इकबाल, अफजल, जुल्फिकार और सुहैल के खिलाफ धारा 323, 452, 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया।

थाना अध्यक्ष भुवन चंद जोशी ने बताया कि आरोपित इकबाल को गिरफ्तार कर लिया गया है। शेष आरोपितों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

विधायक पांडे ने किया 2.2 किमी. रोड का शिलान्यास

सड़क निर्माण कार्य का फीता काटकर शिलान्यास करते विधायक अरविंद पांडे।

संवाददाता, गदरपुर

अमृत विचार : 48 लाख रुपये की लागत से बनने वाले 2.2 किलोमीटर लंबे मार्ग के निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक ने नारियल फोड़कर किया।

शनिवार पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक अरविंद पांडे ने गदरपुर सकेनिया से कनकटा कलकत्ती तक 48 लाख रुपये की लागत से 2.2 किलोमीटर हॉटमिक्स सड़क का फीता काटकर शिलान्यास किया। इस दौरान ग्राम छोटा कनकटा स्थित के एक घर में आयोजित कार्यक्रम में विधायक पांडे ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों में कोई भी कमी नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकारों में बनने के बाद 3 माह में रोड उखड़ जाती थी। भाजपा के शासनकाल में अब 10 साल की गारंटी वाली सड़कें बनाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में प्रदेश की पांचों सीटों पर भाजपा विजयी रहेगी। इस दौरान पूर्व उप प्रधान गुरजीत सिंह ने कहा कि भाजपा विकास की सोच रखती है। इस मौके पर ग्राम प्रधान गुरविंदर सिंह, पूर्व ग्राम प्रधान बलदेव सिंह, सुरजीत सिंह उर्फ सोनू, पूर्व उपप्रधान गुरजीत सिंह, बलबीर सिंह, जोगेंद्र सिंह, गुरप्रीत सिंह, अंग्रेज सिंह, शमशेर सिंह, अमरजीत सिंह, सुखविंदर सिंह, राकेश भुड्डी, संतोष गुप्ता आदि मौजूद रहे।

चुनाव तैयारी में जुटें कार्यकर्ता: त्रिवेन्द्र

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार: पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत के किच्छा पहुंचने पर भाजपाइयों ने उनका माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर पूर्व सीएम रावत ने सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर लोकसभा चुनाव के लिए जी जान से जुटने का आह्वान किया।

भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष ठाकुर विवेक दीप सिंह के किच्छा बाईपास स्थित कार्यालय में भाजपाइयों ने फूल मालाएं पहनाकर उनका जोरदार अभिनंदन किया। भाजपाइयों के साथ बैठक करते हुए पूर्व सीएम रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा देश भर में चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के

किच्छा में पूर्व सीएम रावत का स्वागत करते भाजपाई। ● अमृत विचार

चलते देश की जनता ने आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को रिकार्ड मतों से विजयी बनाने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर भाजपा की नीतियों एवं योजनाओं का जन-जन तक प्रचार प्रसार करें और भाजपा को मजबूत बनाने में अपनी भागीदारी निभाएं। इस दौरान भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक दीप सिंह ने पूर्व सीएम रावत को स्मृति चिन्ह भेंटकर किच्छा पहुंचने पर आभार जताया। मौके पर उत्तराखंड वन निगम के पूर्व अध्यक्ष सुरेश परिहार, स्वतंत्र राय, श्रीमती लता सिंह, प्रहलाद खुराना, राकेश गुप्ता, दिनेश भाटिया, नितेश बाला, ज्योति देवी आदि मौजूद रहे।

108 एंबुलेंस पलटी, दो कर्मी घायल

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार : नेशनल हाइवे-74 पर ट्रक की चपेट में आने मरीज लेने जा रही 108 एंबुलेंस अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। हादसे में एंबुलेंस पर तैनात ईएमटी (इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन) व वाहन चालक घायल हो गए। घायलों को निजी अस्पताल ले जाया गया है। हादसे के बाद आरोपी चालक वाहन समेत मौके से फरार होने में सफल रहा।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र केलाखेड़ा में तैनात 108 एंबुलेंस वाहन शनिवार दोपहर में प्राप्त सूचना के बाद डिलीवरी मरीज को लेने गदरपुर सीएचसी जा रहे थे। उन्हें वहां से मरीज को लेकर उन्हें रुद्रपुर जाना था। बताया जाता है कि केलाखेड़ा से कुछ आगे राष्ट्रीय राजमार्ग-74 पर ओवरटेक करते

राष्ट्रीय राजमार्ग-74 पर सड़क पर पलटी 108 एंबुलेंस।

वक्त ट्रक चालक ने एंबुलेंस को चपेट में ले लिया। जिससे एंबुलेंस सड़क पर ही पलट गई। हादसे में महिला ईएमटी गदरपुर निवासी पूनम व एंबुलेंस चालक समीर घायल हो गए। घायल स्वास्थ्य कर्मियों को उपचार के लिए निजी अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं हादसे के बाद आरोपी चालक ट्रक समेत मौके से फरार हो गया। घटना के चलते मौके पर काफी देर तक अफरातफरी का माहौल बना रहा।

बाइक फिसलने से युवक घायल

बाजपुर : सामने से आ रहे वाहन से बचने के प्रयास में बाइक फिसल गई। जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे 108 एंबुलेंस से उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां से चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। शुक्रवार की देर रात ग्राम भट्टपुरी निवासी भजन सिंह पुत्र मदन सिंह बाइक से घर जा रहा था। केशोवाला-बन्नाखेड़ा मुख्यमार्ग पर बन्नाखेड़ा श्मशान घाट के पास सामने से आ रहे वाहन से बचने के चक्कर में बाइक असंतुलित हो गई और दूर तक घिसटती चली गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बाइक कब्जे में ले ली है।

धर्म कर्म | बरहैनी वन चौकी के समीप स्थित वनखंडी महादेव मंदिर परिसर में हजारों श्रद्धालुओं ने भंडारे में ग्रहण किया प्रसाद

हवन-यज्ञ के साथ श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का परायण

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: बरहैनी वन चौकी के समीप स्थित वनखंडी महादेव मंदिर परिसर में सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञानयज्ञ का परायण शनिवार को हवन-यज्ञ में पूर्णाहूति के साथ किया गया। दोपहर में हुए विशाल भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

इससे पहले शुक्रवार देर शाम सैकड़ों महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से 251 दीपों का दान व महाआरती करके घर-परिवार व क्षेत्र सुख-शांति व समृद्धि की कामना की। साथ ही व्यास गद्दी पर विराजमान कथावाचक पं. कांति

बाजपुर के वनखंडी महादेव मंदिर परिसर में आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते संत-महात्मा। ● अमृत विचार

बल्लभ पाठक से आशीर्वाद लिया गया। इसके अलावा मंदिर के पुजारी बाबा श्याम गिरि, बाबा देव गिरि, भगवान गिरि, कैलाश पुरी, लक्कड़ बाबा, सावनपुरी, गौतमपुरी, शंकर गिरि, संजय पुरी, महेंद्र पुरी समेत 51 साधू-संतों अंग-वस्त्र व उचित दक्षिणा देकर स्वागत-सत्कार किया गया। साथ ही सभी संत-महात्माओं को चरण धुलवाकर उन्हें भंडारे का प्रसाद ग्रहण करवाया गया। इसके उपरांत ही आम श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की शुरुआत हुई, जोकि सायं चार बजे तक निरंतर चलता रहा।

इस मौके पर यजमान बृजमोहन जोशी एवं बिशन दत्त पांडे, हरीश कांडपाल, सुभाष कांडपाल, संजय चंद्रा, सोनू सागर, कपिल शर्मा, विक्की शर्मा, चंद्र बल्लभ बलसोली, रमेश पांडे, कैलाश कांडपाल, राजकिशोर जोशी, डीके जोशी, वीरेंद्र बिष्ट, दीपू जोशी, लक्ष्मण सक्सेना, अश्वनी, जितेंद्र शर्मा, सोनू सागर, जनुज बसवाल, जमुनदत्त भट्ट, डा.मोहन पांडे, विक्रम पाठक, ब्रह्मफल, गीता बिष्ट, नीमा जोशी, शांति देवी, चंद्रकला, चंद्रा, पूनम, मुन्नी देवी, पुष्पा देवी, प्रेमा देवी, रेखा भट्ट, प्रेमा जोशी, हेमा, नीमा आदि सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

आरोपी के खिलाफ गुंडा एक्ट की संस्तुति

किच्छा, अमृत विचार: कोतवाली पुलिस ने अपराधी घटनाओं में लिप्त युवक के खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्रवाई शुरू करते हुए जिलाधिकारी को रिपोर्ट प्रेषित कर दी है।

प्रभारी निरीक्षक सुंदरम शर्मा ने बताया कि कोतवाली अंतर्गत पुरानी सुनहरी, वार्ड नंबर 10 निवासी रवि सिंह आदतन अपराधी है। बताया कि आरोपी रवि पूर्व में चोरी में जेल जा चुका है तथा आरोपी द्वारा क्षेत्र में आए दिन मारपीट किए जाने के कारण जनता में भय का माहौल कायम हो रहा है। प्रभारी निरीक्षक सुंदरम शर्मा ने बताया कि आरोपी के खिलाफ गुंडा एक्ट की संस्तुति के लिए रिपोर्ट बनाकर जिलाधिकारी को प्रेषित कर दी गई है। जिलाधिकारी की संस्तुति के बाद आरोपी रवि के खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई की जाएगी।

काशीपुर में सड़क का शिलान्यास करते विधायक त्रिलोक सिंह चीमा। ● अमृत विचार

विधायक ने किया 50 लाख के विकास कार्यों का शिलान्यास

काशीपुर, अमृत विचार : विधायक त्रिलोक सिंह चीमा ने क्षेत्र में 50 लाख की लागत से बनने वाली पांच सड़कों का शिलान्यास किया। शनिवार को विधायक चीमा ने वार्ड नं. 2 जसपुर खुर्द, एकता कॉलोनी में दीपक चौधरी के मकान से हरेंद्र सिंह नेगी के मकान तक 105 मी. टायल मार्ग, वार्ड नं. 11 ढकिया गुलाबो छीना फार्म में मुख्य मार्ग से कोचिंग इंस्टीट्यूट तक 315 मी. टायल मार्ग, वार्ड नं. 15 सुभाष नगर में राजन बुटीक से हरीश वर्मा के मकान तक 125 मी. टायल मार्ग, ग्राम पच्चावाला में बबलू के मकान से महेंद्र कुमार के मकान तक 40 मी. सीसी मार्ग और ग्राम बघेलेवाला में मुख्य मार्ग से अमरपाल के मकान तक 200 मी. टायल मार्ग का शिलान्यास किया। विधायक चीमा ने कहा कि सभी मार्गों का निर्माण गुणवत्तापूर्वक किया जाएगा। इस दौरान मंडल अध्यक्ष रजत सिद्ध, ब्रिजेश पाल, तेजवीर चौहान, संदीप सिंह, दीप चंद्र जोशी, बबली देवी, नौबहार सिंह, ममता सैनी आदि मौजूद रहे।

भारत की प्रज्ञा में ऋषि का सम्मान

हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> विकास का क्रम सूक्ष्म से स्थूल की ओर हुआ है। भारतीय चिंतन के पांच महाभूतों- आकाश, वायु, अग्नि, जल और पृथ्वी में आकाश पहला है। आकाश का गुण शब्द बताया गया है। ऋग्वैदिक पूर्वजों के अनुसार "ऋचाएं या कविताएं परम व्योम" में रहती हैं और वहीं से चलकर जागृत मनुष्यों के चित्त में उतर जाती हैं।"

अयोध्या अंतर्राष्ट्रीय चर्चा में है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर विश्व आकर्षण है। लाखों श्रद्धालु दर्शनार्थ आ रहे हैं। अयोध्या में दर्शनार्थियों का मेला है। प्रसन्नता का विषय है कि यहीं सप्त ऋषियों का मंदिर भी बनाने की तैयारी है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने यह घोषणा की है। सप्त ऋषि मंदिर का निर्माण मार्च से शुरू होना है। भारत के अंतःकरण में ऋषियों के प्रति श्रद्धा है। ऋषि अनूठे हैं। वे प्रकृति की प्रत्येक गतिविधि के द्रष्टा हैं। सो उन्हें ऋषि कहा गया-ऋषयो मंत्र द्रष्टार। जो मंत्र देखता है वही ऋषि है। वैदिक साहित्य के कवि ऋषि कहे जाते हैं। वे संन्यासी नहीं हैं। साधारण गृहस्थ हैं। वे परिवार चलाते हैं। खेती सहित जीविका के अन्य काम भी करते हैं लेकिन मंत्र सृजन भी करते हैं। वे प्रकृति के प्रति आत्मीय हैं। वे मधु प्रिय हैं। मधु और आनंद पर्यायवाची हैं। अस्तित्व के कण कण व हरेक रूप पर उनकी दृष्टि है। वे आश्चर्यजनक द्रष्टा हैं। जल, अग्नि, वायु, पृथ्वी के साथ ही आकाश तक देखते हैं। सूर्य के निराधार लटके होने पर भी उनके मन में प्रश्न थे। भारतीय परंपरा में आनंद प्राप्ति की अनेक साधनाएं थीं। साधनारत लोग साधू कहे गए। साधना में सिद्ध जन मुनि बताए गए लेकिन ऋषि की बात ही दूसरी है। राजा को बड़ा बताना हो तो राजर्षि कहा गया। प्राचीन साहित्य में ब्रह्मवेत्ता की बड़ी प्रशंसा है लेकिन उसे भी और बड़ा बताना हो तो ब्रह्म ऋषि कहने की जरूरत पड़ी। ऋषि पूरी सृष्टि को आत्मीयता से देखते हैं और पूरी आत्मीयता से मंत्र भी गाते हैं।

भारत की प्रज्ञा में बहुत गहरे तक ऋषि का सम्मान है। नारद को ही लीजिए। नारद जैसी क्षमता वाला दूसरा पात्र परंपरा में नहीं है। उनके लिए भौगोलिक दूरी का कोई मतलब नहीं। वे सभी लोकों में घूमते हैं। वाद्य यंत्र लेकर समय का अतिक्रमण करते हैं। एक पल में इस लोक में अगले पल दूसरे लोक में। वे वैदिक मंत्रों में मिलते हैं और पुराण काल की कथाओं में भी। महाभारत और रामायण की भी तमाम कथाओं में उनके विवरण हैं। उन्हें देव कहकर भारत का मन नहीं अघाया। सो देव के साथ ऋषि जोड़ा गया। वे देवर्षि कहे गए। जान पड़ता है कि परंपरा में ऋषि होना ही बड़ा होना है, बिना ऋषि हुए क्या होना? लेकिन ऋषि धरती पर ही थे। भारत के मन को लगा होगा कि कुछ प्रतिष्ठित ऋषियों को आकाश में भी देखा जाए। तब सात ऋषियों को आकाश में प्रतिष्ठित करने का अभिनव आयोजन हुआ होगा। कब हुआ? कैसे हुआ? इसके भौतिक प्रमाण नहीं। लेकिन यह हुआ। इसीलिए आकाश में तारों की एक विशेष आकृति को सप्त ऋषि कहा गया। आधुनिक काल में भी आकाश में तारों से बनी एक विशेष आकृति को सप्त ऋषि मंडल कहा जाता है। उन्हें प्रणाम भी किया जाता है।

भारत का मन ऊध्व प्रिय है। सूर्य ऊपर और ऊंचे है। सो स्तुतियां पाते हैं। चंद्र ऊपर है, हम उन्हें ब्रह्मांड का मन कहते हैं। हमारी प्रार्थना का ईश्वर कण-कण व्यापी है लेकिन हम उसे 'ऊपर वाला' कहते हैं। स्वर्ग है या नहीं? अब तक सिद्ध नहीं लेकिन हम स्वर्ग को भी ऊपर या आकाश स्थित सुनते आए हैं। समृद्धि संसारी है। हम 'समृद्धि' को ऊपर उठना बताते हैं। यश कीर्ति भी संसारी है, हम यशस्वी को ऊंचा या ऊपर बताते हैं। मेरे जैसे लोगों को ऊंचाई पर डर लगता है। लेकिन ऊंचाई की प्रतिष्ठा है। अग्नि प्रत्यक्ष है, इसकी लौ-लपट ऊपर जाती है। जल हमेशा ऊपर से नीचे को बहता है। लेकिन इस बहाव को भी बादल के रूप में ऊपर जाते देखकर हम प्रसन्न होते हैं। मनुष्य धरती पर है, अन्य ग्रहों में है या नहीं? पता नहीं। लेकिन देवताओं का निवास बहुत ऊपर परमव्योम में बताया जाता है। आकाश तक पहुंचना हमारी प्यास है। इसीलिए हमारे प्रिय सात ऋषि आकाश में चमकते हैं।

विकास का क्रम सूक्ष्म से स्थूल की ओर हुआ है। भारतीय चिंतन के पांच महाभूतों-आकाश, वायु, अग्नि, जल और पृथ्वी में आकाश पहला है। आकाश का गुण शब्द बताया गया है। ऋग्वैदिक पूर्वजों के अनुसार "ऋचाएं या कविताएं परम व्योम" में रहती हैं और वहीं से चलकर जागृत मनुष्यों के चित्त में उतर जाती हैं।" सप्त ऋषि आकाश में हैं। अयोध्या में उन्हें धरती पर भी प्रतिष्ठित करने की योजना है। आकाश में तारे हैं। तारों के विशेष प्रकार के प्राकृतिक आकर्षक संयोजन भी हैं। रात्रि में आकाश में तारों से बना एक बड़ा मार्ग-हाईवे भी दिखाई पड़ता है। अंग्रेजी में इसे 'मिल्की वे' कहा जाता है। यह दूधिया मार्ग जैसा दिखाई पड़ता है। लेकिन हम सब इसे 'आकाश गंगा' कहते हैं। गंगा भौगोलिक दृष्टि से उत्तरांचल, उ.प्र., बिहार और प. बंगाल राज्यों से होकर समुद्र में बहती हैं लेकिन गंगा जल में भारत की प्रीति अथाह है। वे ऋग्वेद में स्तुतियां पाती हैं। आदि कवि वाल्मीकि (रामायण बालकाण्ड) गंगा के प्रवाह में सहस्त्रों सूर्यों की दीप्ति देखते हैं। प्रकृति की दिव्य शक्तियां देवता हैं। ऋग्वेद में देवता अमृत बंधु बताए गए हैं।

आचार्य वराह मिहिर ने 560 ई. के आसपास ज्योतिर्विज्ञान पर वृहत संहिता लिखी थी। डॉ. सुरेश चन्द्र ने इस की व्याख्या की है। आकाश गंगा या सप्त ऋषियों को आकाश में बैठाना भारत का भावरस हो सकता है। वैसे भी हमारे पूर्वजों की दृष्टि आकाश की ओर रही है। कालिदास की रचना 'मेघदूत' में आकाश मार्ग की रम्यता का ललित वर्णन है। वराह मिहिर ज्योतिर्विज्ञानी थे। उन्होंने भी सप्त ऋषियों को आकाश में देखा, प्रतिष्ठित किया। लिखते हैं, "सप्त ऋषियों से उत्तर दिशा सौभाग्यशाली नायिका की तरह सुशोभित होती है।" बताया है कि पश्चिमी यूनानी ज्योतिष में इन तारों में एक भालू के आकार की कल्पना की गई है।" ये सप्त ऋषि ध्रुव तारे की परिक्रमा करते हैं। मरिचि, वशिष्ठ, अंगिरा, अग्नि, पुलस्त्य, पुलह और क्रेतु ये सात नाम उन्हें दिए गये हैं।" तारों में ऋषि देखना विज्ञान का विषय नहीं है। ऋषि वैदिक परंपरा में कवि हैं। मनुष्य हैं। तारे मनुष्य नहीं हैं। भरतीय भावबोध ने उन्हें आकश में बैठाया है।

ऋग्वेद सहित चार वेदों में अनेक ऋषियों के लगभग बीस हजार मंत्र हैं। सभी ऋषि आदरणीय हैं। वराह मिहिर ज्योतिर्विज्ञानी ने अपनी सूची दी है। महाभारत में सप्त ऋषियों की दो सूचियां हैं। अलग-अलग संदर्भ में। ऋग्वेद में दस मण्डल या खण्ड हैं। दूसरे से लेकर सातवे मण्डल तक 6 मंडलों को 'वंश मंडल' कहा जाता है। 6 मंडलों में 6 ऋषि कुलों के मंत्रों के संकलन हैं। यह सूची स्थायी है। दूसरा मंडल गृत्समद् वंश कुल का है और तीसरा है विश्वामित्र वंश का। चौथा वामदेव का, पांचवा अत्रि का, छठा भरद्वाज और सातवां वशिष्ठ कुल का। बताते हैं कि गृत्समद ने बाद में स्वयं को शौनक कुल घोषित कर दिया था इसलिए उन्हें शौनक कुल भी कहा जाता है। कण्व कुल के भी तमाम मंत्र हैं। ये सात ऋषि ऋग्वेद के मुख्य द्रष्टा हैं। मूल बात है इन्हें 'नभ-मण्डल' में प्रतिष्ठित करना। सृष्टि जब तक रहेगी, तब तक सूर्योदय व सूर्यास्त भी होंगे। आने वाले हरेक सूर्यास्त के बाद आकाश में दिखाई पड़ेंगे विश्वामित्र, वशिष्ठ, अत्रि और भरद्वाज सहित सात ऋषि। हमारे प्रतिभाशाली पूर्वज। क्या हम उन्हें भुला सकते हैं? वे आकाश में बैठे हुए भूलने की कोशिश असफल कर देंगे।

साहित्यकार और भैंस

> मुंशी प्रेमचंद ने भी 'गोदान' ही लिखा 'भैंसदान" नहीं। चलिए मान लिया कि गाय का महत्व बहुत है। पर बकरी तो छोटा पशु है।

कवियों और साहित्यकारों पर यदि मैं कोई तीखी टिप्पणी करूं, तो इस वर्ग के लोग हमें आड़े हाथों ले लेंगे, किंतु यदि मैं किसी बड़े की आड़ ले लूं, तो आक्रमण से बच जाऊंगा। आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने अपने एक विचारोत्तेजक लेख "कवियों में उर्मिला विषयक उदासीनता" में कहा है कि 'कवि स्वभाव से ही उच्छृंखल होते हैं, जी में आये तो राई को पर्वत बना दें और कभी कहो पर्वत पर भी ध्यान न दें'। बात सही है। अब देखिए दुधारू पशुओं में गाय के गीत तो सबने गाये। हिंदुओं की तो वह माता भी हैं। भगवान भी अवतार लेते समय गाय और ब्राह्मण के ही हितकारी (गो द्विज हितकारी, जै असुरारी, सिंधु सुता प्रिय कंता) होते हैं। मुंशी प्रेमचंद ने भी 'गोदान' ही लिखा 'भैंसदान" नहीं। चलिए मान लिया कि गाय का महत्व बहुत है। पर बकरी तो छोटा पशु है। दूध भी कम ही देती है, किंतु पुराने से लेकर नए साहित्यकारों ने इसका नामोल्लेख किया है। संस्कृत के नीति शास्त्रज्ञों ने इसके गले के थन को उपमा के लिए प्रयुक्त किया।' अजा गलस्तनस्तैव तस्य जन्म निरर्थकम्'। तुलसी बाबा को भी बकरी का खुर-चिह्न ही उपमा के लिए याद आया' "जे सुमिरे गिरि मेरु सिला कन होत अजा खुर बारिधि बाढ़े'(कवितावली)। रही सही कमी गांधी जी ने पूरी कर दी, क्योंकि उन्हें बकरी का दूध ही पसंद था। फतेहपुर जिले की बिंदकी तहसील में 'टिकरी' और 'बकरी' नाम के गांव हैं। पूरा नाम तो 'पैगम्बरपुर बकरी' है, किंतु रोजमर्रा में 'बकरी' ही कहते हैं। किसी ने भैंस की सुधि नहीं ली, जब कि वह सबसे ज्यादा दूध देती है और बहुत सीधी होती है। बस रंग रूप काला है। इसे पक्षपात नहीं तो क्या कहेंगे? साहित्यकारों ने यह भी नहीं सोचा कि अंत समय में इन्हीं के पुत्र (भैंसा) की सवारी वाले यमराज से सामना होना है। कुछ तो डरते। इस मामले में नामचीन उपन्यासकार बाबू भगवतीचरण वर्मा होशियार निकले। उन्होंने भैंस को तो इग्नोर किया, किंतु भैंसा को डाइरेक्ट साध लिया और "भैंसा गाड़ी" शीर्षक एक लंबी कविता लिख दीः-

चरमर चरमर चूं चरर मरर जा रही चली भैंसा गाड़ी। भर भर कर फिर मिटने का स्वर, कॅप कॅप उठते जिसके स्तर स्तर। हिलती डुलती हंफती कॅपती, कुछ रुक रुक कर कुछ सिहर सिहर।।

चरमर चरमर चूं चरर मरर-।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

विद्वान साहित्यकारों द्वारा किए गए इस अन्याय की काफी कुछ भरपाई गांव गिरांव के सीधे-साधे कम पढ़े लिखे लोगों ने जरूर कर दी है। उन्होंने भैंस पर तमाम लोकोक्तियां बनाई हैं, जिनका धड़ल्ले से प्रयोग होता है जैसे- गई भैंस पानी में, भैंस के आगे बीन बजावै भैंस खड़ी पगुराय, खइबे दूध चरइबे भैंसी, पढ़ैं लिखैं की ऐसी तैसी, माठा रोटी घर मा खइबे झबरेन भैंस चरइबे जाय, जोण्डी की रोटी भैंस का दूध, मानो रन जीतो रजपूत। इत्यादि।

हमारी जन्मभूमि के जिले कानपुर ने भी भैंसे का ध्यान रखकर एक गांव का नाम "भैंसऊ'रक्खा है और कर्मभूमि के नगर लखनऊ में श्मशान घाट को "भैंसाकुंड" कहते हैं। हालांकि यहां अब इस मरघट को "बैकुंठ धाम" कहने लगे हैं। कुछ बड़ों ने साहित्य क्षेत्र में 'वाद' चलाए हैं, जैसे 'छायावाद', 'रहस्यवाद' आदि। अब अगर हमारे लेख से प्रेरित हो कलम के सिपाहियों ने भैंस के साथ न्याय कर दिया, तो हम एक नये वाद "भैंसवाद" के प्रवर्तक माने जाएंगे।

आंदोलन से उपजी समस्याओं की कौन लेगा सुध

अजय कुमार मिश्र
मुख्य सतर्कता अधिकारी इफको, बरेली

> संवैधानिक रूप से और नैतिक रूप से भी देश पर सभी नागरिकों का बराबर अधिकार है जो भी नागरिक अपनी क्षमता और समर्पण से अपना कार्य कर रह हैं।

एक बार फिर किसान आंदोलन चर्चा में है। जिस प्रकार पिछले किसान आंदोलन में तांडव हुआ था उसको देखते हुए पंजाब हरियाणा बॉर्डर और दिल्ली की ओर आने वाले सभी राजमार्ग सुरक्षा के घेरे में है। किसान अपनी मांगों पर अड़े हैं जबकि सरकार उनकी मुख्य मांग को मानने में अपनी मजबूरी बता रही है और इन दोनों के बीच दिल्ली और आसपास के प्रदेशों की जनता पिस रही हैं। इस समय बच्चों की परीक्षा चल रही है। अभिभावक बच्चों की पढ़ाई को लेकर चिंतित है लेकिन पक्ष-विपक्ष राजनीति में व्यस्त हैं। बॉर्डर पर जिस तरह की स्थिति है उसे देख कर यह कतई नहीं लगता कि आंदोलनकारी शांतिपूर्ण आंदोलन की राह पर हैं पर सरकार बल प्रयोग करके अपनी सत्ता खतरे में नही डालना चाहती और दूसरी ओर सरकार को किसानों की मुख्य मांगें मानने में देश की आर्थिक अव्यवस्था डगमगाने का डर भी है।

संवैधानिक रूप से और नैतिक रूप से भी देश पर सभी नागरिकों का बराबर अधिकार है जो भी नागरिक अपनी क्षमता और समर्पण से अपना कार्य कर रह हैं। वह उस रूप में अपने व्यवसाय के माध्यम से देश की भी सेवा कर रहा है। मजदूर से लेकर किसान और नौकरीपेशा सभी का देश की प्रगति में योगदान है। संविधान ने हमें अभिव्यक्ति और स्वतंत्रता का अधिकार दिया है जिसमें हम अपनी बात और अपनी मांग लोकतांत्रिक व्यवस्था के माध्यम से शांतिपूर्ण ढंग से चुनी हुई सरकार के सामने रख सकते हैं लेकिन लोकतंत्र की आड़ में अराजकता फैलाना और अव्यवथा फैलाना स्वीकार नहीं किया जा सकता। जिस तरह पिछला किसान आंदोलन चला था और यह आंदोलन चल रहा है यह सोची समझी रणनीति के तहत राजनीति से प्रेरित उग्र और अराजक आंदोलन है जिसमे पूरे देश के 10 प्रतिशत किसान भी वैचारिक रूप से शामिल नहीं है।

आंदोलनकारियों को न तो आम जनता को हो रही परेशानियों से मतलब है और न ही इस प्रकार की मांग जबरन थोपने पर देश में होने वाले असर से मतलब है, उन्हें तो बस सरकार को घुटनों पर लाना है। मजेदार बात यह है कि किसानों की एक मुख्य मांग डब्लूटीओ से देश को अलग करने की भी है जबकि डब्लूटीओ में देश को शामिल करने वाली तत्कालीन सरकार वाली कांग्रेस और किसान आंदोलनकारी आज साथ-साथ है। आंदोलन को प्रत्यक्ष और परोक्ष समर्थन कर रही विपक्षी पार्टियां सत्ता में रहते हुए किसानों के लिए क्या करती रही हैं। वह सबके सामने है। मेरे विचार से पिछले किसान आंदोलन में सरकार के ढुलमुल रवैए ने ही एक बार फिर यह विषम स्थिति सामने खड़ी की है। अगर सरकार सत्ता लोभ से दूर होकर पिछले किसान आंदोलन में हुई अराजकता को सबक सिखाती और बलप्रयोग करके कानून व्यवस्था को प्राथमिकता देती जो कि सरकार का दायित्व भी था तो शायद आज यह बुरी स्थिति सामने न आती।

हमारा समाज कृतज्ञ समाज है। सबको सम्मान देना हमारी संस्कृति है। इसी के चलते हम डॉक्टर को ईश्वर के रूप में, शिक्षक/ गुरु को ईश्वर से भी बड़ा और किसानों को अन्न दाता कहकर सम्मानित करते है लेकिन वर्तमान स्थितियां अलग हैं। ऐसे परिपेक्ष्य में जब समाज में अधिक से अधिक लाभ कमाने की होड़ है, जहां डॉक्टर और शिक्षक की प्राथमिकता ही व्यावसायिक हो चुकी है जहां अनैतिक लाभ के लिए इंजेक्शन वाली लौकी और अन्य सामान खेतों से सीधे बाजार में आता हो और आम जनता धोखे में यूरिया मिला नकली दूध लेने को विवश हो, वहां किसी को अन्न दाता या ईश्वर के रूप में सम्मानित करना बेमानी है। सब अपने अपने लाभ के लिए अपने विवेक और अपनी व्यक्तिगत नैतिकता के आधार पर काम कर रहे हैं। इसलिए किसी को अतिरिक्त सम्मान देना अनावश्यक है। एक और बात जिसका मैं स्वयं गवाह हूं: बुंदेलखंड और मध्यप्रदेश में होने वाले कठिया गेहूं की कीमत खुले बाजार में 40/50 रुपए प्रतिकिलो है। इस दाम पर भी बमुश्किल ही यह गेहूं लोगों को मिल पाता है। आपने भी देखा होगा कि पिसे हुए आटे का प्रचार किया जाता है कि राजस्थान और मध्यप्रदेश के गेहूं से बना हुआ आटा है। कभी यह नहीं प्रचारित किया जाता कि यह पंजाब के गेहूं का आटा है। अगर आमजनता में जिसके पास आर्थिक विकल्प उपलब्ध है, वह पंजाब के गेहूं को कतई उपयोग नहीं करना चाहता क्यों कि सबको पता है कि वहां का गेहूं अनेक प्रकार के अंधाधुंध कीटनाशकों और रसायनों से पैदा हुआ है। पंजाब की जमीन वहां का पानी घोर प्रदूषण का शिकार है वहां की पराली केवल पंजाब ही नहीं दिल्ली तक को प्रदूषित कर रही है आखिर इसका जिम्मेदार कौन है?

भारतीय-संस्कृति


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

भारतीय-संस्कृति को केवल किताबों में पढ़ कर तो जाना नहीं जा सकेगा। संस्कृति प्रवाह की तरह है, गतिशील है। भारत की सांस्कृतिक-धाराओं, उपधाराओं, अन्तर्वर्ती-धाराओं को लोकजीवन में उतर कर ही जाना जा सकेगा। ये धाराएं किस प्रकार मिलती हैं और बिछुड़ती भी हैं।

लोकधारा में आपको शैव और शाक्त धारा भी मिलेंगी और वैष्णव-धारा भी। बौद्ध-धारा कहीं चली नहीं गई, लोकधारा में उनकी भी पहचान की जा सकती है। विभिन्न जनपदीय, जनजातीय, प्रदेशीय संस्कृतियों का संगम होता है और उस संगम से नई अवधारणाओं का जन्म होता है। नए विचारों का जन्म होता है। नए सौंदर्यशास्त्र का जन्म होता है। सांस्कृतिक-प्रवाह को हम किसी संप्रदाय में बांध कर नहीं समझ सकते। उदाहरण के लिए हम भक्ति-आंदोलन को ही लें, भक्ति-आंदोलन में लोकमानस का तत्त्व बहुत प्रबल है। इस आंदोलन का स्रोत केवल वेद-वेदान्त, उपनिषद ही नहीं है, इसमें आगम-परंपरा भी है, आलवार भी हैं, सिद्ध भी हैं, सहजिया-वैष्णव भी हैं, सहजयानी और वज्रयानी भी हैं। योग-परंपरा न होती तो समाधि की बात कैसे आ जाती, आउ समाधि भीतर। लोकधारा किसी से परहेज नहीं करती। इस्लाम का प्रभाव भी भाषा के रूप में देखा जा सकता है। सचाई तो यह है कि सभी सांस्कृतिक-धाराओं का स्रोत लोक में है। सभी दर्शनों का जन्म और विकास लोक की धरती पर ही होता है, लोक के लिए होता है। जो लोकातीत है, वह भी लोक के लिए ही है। लोक जीवन का सत्य दायरों में कैसे समा सकता है?

ब्रह्मविद्या -गुरु एवं शिष्य


ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

निष्कलं निष्क्रियं शान्तं निरवद्यम् निरञ्जनम्।/ अमृतस्य परं सेतुं/ दग्धेन्धनमिवानलम्।।-निर्गुण निराकार ब्रह्म के ध्यान की विधि बताते हुए श्रुति कहती है कि जो सोलह कलाओं अर्थात् संसार के सभी संबंधों से रहित, सर्वथा क्रियाहीन अर्थात् कूटस्थ, परमशांत और सब प्रकार के दोषों से रहित है, जो अमृत स्वरूप मोक्ष के परम सेतु हैं, जिनका आश्रय लेकर मनुष्य अत्यंत सुगमता पूर्वक इस संसार समुद्र से पार हो सकता है, जो लकड़ी का पार्थिव अंश जल जाने के बाद धधकते हुए अंगारों वाली अग्नि की भांति सर्वथा निर्विकार, निर्मल, प्रकाश स्वरूप हैं, निर्विशेष, निर्गुण निराकार परमात्मा को तत्व से जानने के लिए उन्हीं देव की मैं शरण लेता हूं। जिस प्रकार आकाश को चमड़े की भांति लपेटना मनुष्य के लिए सर्वथा असंभव है, उसी प्रकार परमात्मा को जाने बिना कोई भी जीव इस दुख समुद्र से पार नहीं हो सकता। यह बात प्रसिद्ध है कि श्वेताश्वतर नामक ऋषि ने तप के प्रभाव से उन परमदेव परमेश्वर को उन्हीं की दया से जान लिया था और ऋषि परंपरा से सेवित इस परम पवित्र ब्रह्मतत्व का उपदेश परमहंस संन्यासियों को दिया। इस परम गुह्यविद्या के ज्ञान का वर्णन पूर्वकल्प मे भी उपनिषदों मे किया गया था अर्थात् यह ब्रह्मविद्या परंपरागत रही है। पुत्र व शिष्य को इस विद्या का अधिकारी बनाना आचार्य का दायित्व है। भाव यह है कि शिष्य के गुणों को जानकर ही उसे ब्रह्मविद्या का उपदेश दिया जाना चाहिए। जिसकी परमेश्वर में अत्यंत भक्ति है और जैसी परमेश्वर में है, वैसी ही भक्ति गुरु में भी है ऐसे श्रद्धावान महात्मा के हृदय मे ही इन उपदेशों का गूढ़ अर्थ प्रकाशित होता है।

कुरीतियों के सुधारक संत रविदास

सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

सद्गुरु रविदास भक्तिकालीन संत परंपरा में बहुत सम्मानीय कवि हैं। उनकी रचनाओं में समतामूलक समाज की परिकल्पना, चेतना, जन आंदोलन हैं, पाखंड का विरोध है। समतामूलक की कल्पना में वे कहते हैं- रविदास जन्म के कारने, होत न कोई नींच।/नर कुं नींच करि डारि है, ओछे कर्म की कींच।/ न जच्चा बसलों होति, न जच्चा होति ब्राहमणों।/ कामन्ना बसलों होती, कामन्ना होति ब्राहमणों। -आशय यह है मानव जाति एक है सभी मनुष्य एक जैसे ही जन्मते हैं, मानव को जाति के आधार पर पशुवत जीवन जीने को बाध्य करना कुकर्म की श्रेणी में आता है। मैं रूखी सूखी खाऊं, औरन की भूख मिटाऊं। का संदेश देते हैं खुद भी खाओ और भूखे प्राणियों पर भी दया करो। मन्दिर-मस्जिद एक हैं, इन महं अंतर नाहिं।/रैदास राम रहमान का, झगड़ऊ कोऊ नाहिं।।/ एक माटी के सभै भांडे, सबका का एकै सिरजनहार।/रैदास व्यापै एकौ घट भीतर, सभ को गढ़े कुम्हार।

धर्मनिरपेक्षता का संदेश देते हैं जो आज भी प्रासंगिक है हिंदू मुस्लिम एकता पर बल है। मन चंगा तो कठौती में गंगा का संदेश है आपके विचार पवित्र हैं तो कहीं तीर्थ या गंगा में जाने की जरूरत नहीं। कर्मकांड और आडंबर के कभी नहीं, जो गए थे पास। सदा याद रखेगा उनको, भारत का इतिहास। दुखियों का दुख हारन हारा, मानवता के दास। सभी जन नमन करें हैं उनको, जो हैं संत रविदास।

मयकदे का सीधा रिश्ता शराफत से

मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

> ज़ाहिर है ये सच्चे होशमंद लोगों का घर है और जहां सच का बोलबाला हो वहां जाने से परहेज़ वहीं कर सकते है जो परले दर्जे के झूठे और बेईमान हो, और मुझे पता है कि आप ऐसे नहीं हैं।

मयखाने गए हैं कभी आप? ना गए हों तो बदनसीबी आपकी। ये दुनिया की उन बेहतरीन जगहों में शामिल है जहां कदम रखते ही आदमी अपनी सारी दुश्वारियां भूल जाता है। दुनिया की तमाम आफ़तें, मिलकर भी मयकदे की सीढ़ियां चढ़ने की हिम्मत नहीं कर पाती। यहां की आबो-हवा आपको खुद पर यक़ीन दिलाएगी। हौसला बढ़ाएगी आपका। सुकून महसूस करेंगे आप। यदि ऐसा न होता तो अब्दुल हमीद अदम जैसे शायर भला ये क्यों कहते।

मय-कदा है यहां सुकूं से बैठ
कोई आफ़त इधर नहीं आती।

आदमी को चाहिए क्या? बस चैन चाहिए। और जो ऐसा चाहते हैं उनके लिए मयकदे से बेहतर कोई दूसरी जगह तलाशना मुश्किल है।

यहां की आबोहवा आने वाले को पलक झपकते एक खुशमिजाज, ज़िंदादिल और मिलनसार इंसान में बदल देती है। यदि आपको सच्चे दोस्तों की तलाश है तो इससे मुफ़ीद जगह कोई दूसरी नहीं। यहां बने दोस्त बचपन के लंगोटियां दोस्तों को मात कर सकते है। ऐसे दिलदार और हाज़िरजवाब लोग जो बिना जान पहचान के आपके गले लग जाएं, अपनी जेब की आखरी पाई तक आप पर लुटा दें, आपके दुख दर्द बांट लें, आपके लड़खड़ाने पर सहारा दे और आपको घर छोड़ जाने की ज़िम्मेदारी भी उठा लें। ऐसे मददगार लोग जो अपनी कहने के साथ-साथ आपकी भी सुनते है, मशविरा देते हैं और मदद करते हैं।

और फिर मयखाने में जाने वाले रोज़ जाते हैं वहां। वही बने रहना चाहते हैं और उसके प्रति वफ़ादार होते है। ज़ाहिर है ऐसे लोग भरोसेमंद है, अमीर मीनाई तस्दीक़ करते हैं इसकी।

मस्जिद में बुलाते हैं हमें ज़ाहिद-ए-ना-फ़हम!
होता कुछ अगर होश तो मय-ख़ाने न जाते।

और फिर पीने वाला और कहीं जाए भी क्यों? मयकदे तो पुण्यात्माओं की पनाहगाह है। अहमद हुसैन माइल कहते हैं।

तौबा खड़ी है दर पे जो फ़रियाद के लिए
ये मय-कदा भी क्या किसी क़ाज़ी का घर हुआ।

मयकदे का सीधा रिश्ता शराफत से है। ये नेकदिलों की बस्ती है। सो इसकी बुराई वही करते हैं जो इससे नावाक़िफ़ या नासमझ हैं।

दुनियादारी है फरेब। अहम के नशे में धुत्त लोग बसते है इस दुनिया में। ऐसे में बस मयखाना ही वह जगह है जहां ईमान पर कायम सच्चे लोग रहते हैं। मयखाना वो इकलौती जगह है जहां आकर इंसान एकदम पाक साफ हो जाता है। दरअसल ये नीम बेहोशी से बाहर आने की जगह है। बशीर बद्र गवाही देते है इस बात की।

न तुम होश में हो न हम होश में हैं
चलो मय-कदे में वहीं बात होगी।

ज़ाहिर है ये सच्चे होशमंद लोगों का घर है और जहां सच का बोलबाला हो वहां जाने से परहेज़ वहीं कर सकते है जो परले दर्जे के झूठे और बेईमान हो, और मुझे पता है कि आप ऐसे नहीं हैं।

आबेहयात मिलती है मयखाने में। ज़ाहिर है जन्नत है ये। जन्नत जाना सभी चाहते हैं पर मरना कोई नहीं चाहता। और फिर सवाल यह भी कि जन्नत देखी किसने है? देखने वाले वापस आकर बयान कहां करते हैं उसके बारे में? किताबों में यह ज़रूर लिखा है कि आबेहयात की नदियां बहती हैं वहां। ये बताने वाले बिना मयखाने गये ये लिख सके होंगे यकीन करना मुश्किल है। दुनिया के छल कपट से बाहर निकल आना। सच्चे होने की निशानी है। ऐसे बंदे बस मयखाने में मिलते हैं। खुदा सच्चे लोगों की क़द्र ना करे ऐसा हो ही नहीं सकता। यदि जन्नत है तो मेरा मानना है कि मयखाने के पीछे का दरवाजा सीधे जन्नत मे खुलता है।

नितांत समाजवादी और सभी की जेब बर्दाश्त कर सके ऐसी जगह है मयखाना। यहां दिमाग़ का भी इलाज होता है और मन का भी। मयकदे न होते तो हमें हजार गुना ज्यादा मानसिक अस्पतालों की ज़रूरत होती। ऐसा न होता तो लोग जाते ही नहीं। यहां पहुंचा आदमी बहुत जल्दी हल्का हो जाता है, ख़ुशियों से भरपूर, तरोताज़ा हवा में तैरता है वो। गहरी नींद जैसा सूकून मिलता है उसे। यहां आकर फ़क़ीर भी ऐसे सपने देखता है, जहां वो बादशाह होता है, ऐसे सपने जहां उसे किसी चीज़ की कमी नहीं होती और मनचाहा करने की आज़ादी होती है। आजाद होने से अच्छा और हो तो आप मुझे बता सकते हैं।

दुनिया भर के बेहतरीन उस्ताद, विचारक, शायर, दार्शनिक, और हकीम मिलेंगे यहां आपको। ऐसे तपे तपाये अनुभवी लोग जो ज़िंदगी के बेशक़ीमती पाठ मुफ्त में पढ़ा सकते हैं। दुनिया के सारे सच्चे, नेक, भले और ईमान पर भरोसा रखने वाले लोग भी यहीं मौजूद है। बड़े दिलवाले, खरे कुंदन से दमकते बंदे। हमेशा सच बोलने वाले ऐसे लोग जिनकी संगत आपको बहुत कुछ सिखा सकती है। आप यहां आये और बेहतर हुए बिना लौट जाएं ये मुमकिन ही नहीं। ऐसा न होता तो जौक़ जैसा मशहूर शायर ऐसा कभी ना कहता।

'जौक़' जो हैं मदरसे के बिगड़े हुए मुल्ला!
उन को मय-ख़ाने में ले आओ संवर जाएंगे।

संवरना चाहते हैं? ज़ाहिर है हां ही कहेंगे आप, तो आईए मयखाने चलते हैं। संवरने निखरने, दमकने के लिए उससे मुफ़ीद जगह इस धरती पर और कोई दूसरी है नही।

संस्कृति की विशिष्ट परंपरा


रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

भारतीय संस्कृति की परम विशिष्ट परंपरा सनातन काल से यह रही है कि इसके सभी पर्व और त्योहार सूर्य और चंद्रमा की गति और स्थिति से जुड़े रहे हैं। यज्ञोपवीत संस्कार और विवाह जैसे मांगलिक कार्यों में देवगुरु बृहस्पति और दैत्य गुरु शुक्राचार्य को भी यथोचित सम्मान दिया गया है। यह प्रसंग इसलिए है कि गंगा स्नान के माघ मास का पुण्य प्राप्त करने का इस वर्ष का अंतिम दिन माघ पूर्णिमा आ गई है। इस साल यह कम से कम दस दिन के विलंब से है। बैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़, श्रावण और भादो इन पांच महीनों में तीन साल बाद किसी एक महीने में अधिमास हो जाता है। इसका कारण सामान्य रूप से यह समझ लीजिए कि सूर्य का राशि परिवर्तन लगभग निश्चित है और पृथ्वी 365.24-दिन में परिभ्रमण करती एक साल बाद उसीबिंदु पर आ जाती है। सूर्य के सापेक्ष, वैसे तो अनन्त ब्रह्मांड में तो सूर्य नारायण के साथ करोड़ों मील दौड़ गई होती है। हमारा जीवन तो सूर्य से ही जुड़ा है इसलिए हमें क्या कि सूर्य कितना दौड़ चुके हैं। यह बिल्कुल उसी तरह है जैसे कि आपके बालों के अन्दर एक छोटी सी जूं बैठी है और आप मुंबई से न्यूयॉर्क पहुंच गए हैं लेकिन जूं की सीमा तो वहीं तक है जहां तक सिर में बाल हैं। चन्द्रमा शीघ्र गति होने के कारण इस परिपथ को लगभग दस दिन अग्रगामी हो जाता है, इसलिए इस अवधि को सौरमास के साथ सामंजस्य स्थापित करने के लिए भारतीय पंचांग में अधिमास की गणना की जाती है।

यह गणित कैसे किया जाता है की क्लिष्टता में पड़ने की हमें जरूरत नहीं है। इस बार श्रावण मास में अधिमास आने से पूर्णिमा दस दिन आगे बढ़ गई है। जिस वर्ष भाद्रपद में अधिमास पड़ेगा उस साल यह बारह दिन आगे बढ़ जाएगी।

सार-संक्षेप

धर्मशाला मंदिर परिसर में किया रामलीला मंच का भूमि पूजन

रामलीला मंच निर्माण हेतु भूमि पूजन करते विधायक आदेश चौहान व अन्य।

जसपुर : श्री रामलीला कमेटी मोहल्ला जटवारा के नेतृत्व में धर्मशाला मंदिर परिसर में रामलीला मंच का भूमि पूजन विधायक आदेश चौहान और कमेटी अध्यक्ष चौधरी रवि सिंह एडवोकेट ने कमेटी के पदाधिकारियों के साथ किया। कमेटी के अध्यक्ष चौधरी रवि सिंह एडवोकेट ने बताया कि रामलीला मंच बहुत पुराना तथा जर्जर हो चुका था। मंच के निर्माण कार्य के लिए कमेटी द्वारा विधायक आदेश चौहान से आग्रह किया गया। विधायक ने मंच की खस्ता हालत तथा जन भावनाओं को देखते हुए विधायक निधि से 19 लाख 50 हजार रुपए रामलीला मंच निर्माण के लिए दिए हैं। जिससे भूमि पूजन कर भव्य मंच का निर्माण कार्य शुरू किया गया। इससे पहले विधायक का ठाकुर मंदिर पहुंचने पर कमेटी के पदाधिकारी द्वारा फूलमालाओं से स्वागत किया गया। इस मौके पर संरक्षक चौधरी रामपाल सिंह, अध्यक्ष रवि चौधरी एडवोकेट, सुंदर पाल सिंह, विमल कुमार, विजय जोशी, गजेंद्र सिंह पालू, दिनेश तोमर, राजेंद्र गर्ग, राजीव अग्रवाल, सीताराम पवार, संजय कुमार, संदीप चौधरी, प्रदीप कुमार एडवोकेट, शिवकुमार रोहिला, मनोज कुमार, जसवंत सिंह, सुमित चौधरी, महाराज सिंह, चन्द्रपाल तोमर, अशोक खन्ना, हिमांशु, इख्तियार बबलू, अनीश रूबी, मिंटू व डॉ. वीएस गौतम आदि मौजूद रहे।

सफाई कर्मियों की हड़ताल से सफाई व्यवस्था चौपट, धरना जारी

नानकमत्ता में सफाई कर्मियों के धरने पर पहुंचे विधायक गोपाल सिंह राणा।

नानकमत्ता : सफ़ाई कर्मचारियों का धरना यहां शनिवार को चौथे दिन भी जारी रहा। विधायक गोपाल सिंह राणा ने धरने में पहुंचकर सफाई कर्मचारियों का हाल जाना और सम्बन्धित अधिकारियों से वार्ता कर समाधान करने को कहा। नगर पंचायत नानकमत्ता में आठ सफाई कर्मचारियों को काम से निकाल देने से कर्मचारियों ने भारी रोष है। उन्होंने अधिशासी अधिकारी से निकाले कर्मियों को पुन: काम पर वापस लेने की मांग की। अधिशासी अधिकारी ने मामले को गंभीरता से न लेने पर सफाई कर्मचारियों ने कार्यालय के सामने धरना-प्रदर्शन करने का ऐलान कर दिया और धरने पर बैठ गए। शनिवार को चौथे दिन भी किसी अधिकारी ने प्रदर्शनकारियों की सुध नहीं ली। जिससे कर्मचारियों में रोष है। इधर धरना स्थल में पहुंचे क्षेत्रीय विधायक गोपाल सिंह राणा ने कर्मियों का हाल जाना और सम्बन्धित अधिकारियों से वार्ता कर समाधान निकालने को कहा। गोपाल सिंह राणा ने बताया कि प्रशासक एसडीएम को फोन किया तो उन्होंने फोन ही नहीं उठाया। इधर सफाई कर्मचारियों की हड़ताल से नगर में सफाई व्यवस्था चौपट पड़ी है। जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हैं। जिससे संक्रमण और मच्छरों का प्रकोप बढ़ने का खतरा है। धरने में संगठन के अध्यक्ष शोनू कुमार भारती, धीरज कुमार, सागर भारती, संजीत कुमार, सूरज, राधे सुरजीत, सनी आदि शामिल रहे।

किशोरावस्था में होने वाले बदलावों की जानकारी दी

दिनेशपुर : शनिवार को राउमावि मदनापुर में समग्र शिक्षा के अंतर्गत दो दिवसीय कार्यशाला के अंतिम दिन डॉ. अंकित गुप्ता ने छात्राओं को किशोरावस्था में शारीरिक व मानसिक परिवर्तन के कारणों की जानकारी दी। कहा कि किशोरावस्था में युवतियों के खान-पान एवं आचरण व्यवहार में काफी परिवर्तन आता है। शरीर व मस्तिष्क को स्वस्थ रखने के लिए प्रतिदिन प्रात: व्यायाम करना जरूरी है। प्रतिदिन शुद्ध ताजा भोजन व स्वच्छ जल लेना चाहिए। छात्राओं को रात्रि में आठ घंटे की निंद्रा पूरी करनी चाहिए। जिससे स्वास्थ्य व शरीर स्वस्थ रहेगा। डॉ. अंशु गुप्ता ने जीवन में सफलता अर्जित करने के लिए किशोरावस्था में व्यवहार में संतुलन रखने सलाह दी। उन्होंने छात्राओं को अभिभावकों व शिक्षकों से बातचीत के दौरान समन्वक बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। अध्यक्षता प्रधानाचार्य विनोद कुमार शर्मा ने की। संचालन प्रभा भंडारी ने किया। इस मौके पर विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष रामकुमार, शिक्षक- अभिभावक संघ अध्यक्ष विमल दास, शंकर सिंह, ललित जोशी,असीम दास, मुमताज, कृष्ण सिंह सहित अभिभावक मौजूद थे।

आरोपी को भैंस के गोश्त के साथ दबोचा

किच्छा : थाना पुलिस की टीम ने एक हिस्ट्रीशीटर को भारी मात्रा में भैंस के गोश्त के साथ दबोच लिया। आरोपी को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। पकड़े आरोपी के विरुद्ध पूर्व में भी गैंगस्टर, उत्तराखंड गौ संरक्षण अधिनियम सहित अन्य मामलों में आठ अभियोग पंजीकृत हैं। जानकारी के अनुसार पुलभट्टा थाना अध्यक्ष कमलेश भट्ट के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर वार्ड नंबर 20, सिरौली कला, थाना पुलभट्टा निवासी गैंगस्टर सलील अहमद उर्फ मुल्ला के मकान पर औचक छापामार कार्यवाही की। पुलिस टीम ने आरोपी सलील के मकान से 150 किलो भैंस का गोश्त, कटे अंग तथा मांस काटने के तमाम उपकरण बरामद कर कब्जे में ले लिए। थाना अध्यक्ष भट्ट ने बताया कि हिस्ट्रीशीटर सलील अहमद के विरुद्ध पुलभट्टा थाने में पूर्व में भी आठ अभियोग पंजीकृत हैं। उन्होंने बताया कि आरोपी द्वारा गौमांस की आसपास के क्षेत्र में सप्लाई की जाती है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस टीम में थाना अध्यक्ष भट्ट के साथ उप निरीक्षक धीरज वर्मा, पुलिसकर्मी धर्मवीर सिंह, चारु पंत एवं महेंद्र बिष्ट शामिल रहे।

अखाड़े में पहलवानों ने जमकर की जोर आजमाइश

स्व. ठाकुर प्रेम प्रकाश सिंह की पुण्यतिथि पर हुआ दंगल, कुश्ती संघ के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद बृजभूषण शरण सिंह भी रहे मौजूद

संवाददाता, शक्तिफार्म

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री रहे स्व. ठाकुर प्रेम प्रकाश सिंह की पुण्यतिथि पर आयोजित दंगल में पहलवानों ने जमकर जोर आजमाइश की। इस दौरान पहलवानों ने विरोधियों को पटखनी देकर धूल चटाई।

शनिवार को नगर के केशव सूर्यमुखी कॉलेज आफ एजुकेशन परिसर में एक दिवसीय दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कुश्ती संघ के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कासगंज से सांसद बृजभूषण शरण सिंह, उत्तर प्रदेश कुश्ती संगठन के अध्यक्ष करण भूषण सिंह एवं उत्तराखंड कुश्ती संगठन के महासचिव डॉ. एसपी देशवाल बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस दौरान बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि कुश्ती, देश के प्राचीनतम खेलों में से एक है। आज युवा ओलंपिक, एशियन जैसे बड़े खेलों में कुश्ती में पदक जीतकर देश को गौरवान्वित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि आज की कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेने वालों में से कई पहलवान 132 देश में कुश्ती लड़ चुके हैं और यह वर्ल्ड क्लास पहलवान हैं।

आयोजक ठाकुर शिववर्धन सिंह ने बताया कि उनके पिताजी के पुण्यतिथि पर कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। वहीं इसका मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर, खेल के प्रति जागरूक करना भी था। इस दौरान जयवर्धन सिंह, शक्तिवर्धन सिंह, करनैल सिंह, हरीश दुबे, मोनू त्रिपाठी, अजय तिवारी, विपिन डालमिया, राजेश प्रताप सिंह, लक्खा सिंह सहित अन्य मौजूद थे।



शक्तिफार्म में आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता में जोर आजमाइश करते पहलवान। ● अमृत विचार

स्व. प्रेम प्रकाश सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित करते सांसद बृजभूषण शरण सिंह। ● अमृत विचार

युवाओं को चढ़ा कुश्ती का क्रेज

शक्तिफार्म। अखाड़े में पहलवानों को कुश्ती करते देख, क्षेत्र के युवाओं में भी पहलवान बनने की ललक जाग उठी। युवाओं ने पहलवानों द्वारा विरोधियों को पटकनी देने के लिए लगाये गए दांव पेंच पर जमकर तालियां बजाई और खूब हौसला अफजाई किया।

ये रहे विजेता

शक्तिफार्म। फ्री स्टाइल महिला वर्ग के 57 किलो वेट कैटेगरी में नीलम प्रथम, प्रिया चौहान द्वितीय रहे। 62 किलो वेट कैटेगरी में लिजा तोमर प्रथम व सेजल मौर्य द्वितीय रहे। 68 किलो वेट कैटेगरी में लक्ष्मी पांडे प्रथम, वंशिक द्वितीय स्थान पर रहे। फ्री स्टाइल पुरुष वर्ग के 52 किलो वेट कैटेगरी में सत्येंद्र यादव प्रथम, कपिल द्वितीय, 65 किलो वेट कैटेगरी में मनोज तिवारी प्रथम, मयंक चौधरी द्वितीय, 74 किलो वेट कैटेगरी में शुभम कुमार प्रथम, मंगल द्वितीय, 86 किलो वेट कैटेगरी में अर्जुन सिंह प्रथम, बॉबी मिश्रा द्वितीय, 97 किलो वेट कैटेगरी में अभिषेक खोखार प्रथम, भीम यादव द्वितीय, ग्रीको रोमन में 67 किलो वेट कैटेगरी में अरशद प्रथम, अविनाश द्वितीय, 87 किलो वेट कैटेगरी में राम सिंह प्रथम, गौरव चौधरी द्वितीय रहे।

श्री खाटू श्याम कीर्तन से पूर्व निकाली निशान यात्रा

संवाददाता, शक्तिफार्म

अमृत विचार : सनातन धर्म मंदिर में आयोजित श्री खाटू श्याम कीर्तन से पूर्व नगर में भव्य निशान यात्रा निकाली गई। इस दौरान खाटू श्याम के गगन भेदी जयकारों से नगर गुंजायमान हो उठा।

नगर के सनातन धर्म मंदिर में आयोजित खाटू श्याम जी के जागरण से पूर्व नगर में भव्य निशान यात्रा निकाली गई। निशान यात्रा टैगोर नगर से प्रारंभ होकर पूरे नगर भ्रमण के पश्चात सनातन धर्म मंदिर में जागरण स्थल पर निशान स्थापित किया गया। इस दौरान खाटू श्याम के भक्त एक दूसरे को जमकर अबीर गुलाल लगाया। निशान यात्रा के दौरान खाटू श्याम जी के जयकारों से पूरा नगर गुंजायमान हो उठा। इस मौके पर वीरेंद्र अग्रवाल, रविंद्र अग्रवाल, करन अग्रवाल, अंकित मित्तल, गोपाल अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, राघव सिंह, मयंक अग्रवाल, मनोज सरकार, जगन अग्रवाल, जगदीश डालमिया, विपिन डालमिया, संजय सिंघल, महेंद्र अग्रवाल, किशन शर्मा रहे।

हल्द्वानी ने 2-0 से जीता वॉलीबॉल मैच

संवाददाता, शांतिपुरी

अमृत विचार : शांतिपुरी नंबर चार चंद्रपुरी में आदर्श वॉलीबॉल क्लब द्वारा आयोजित ओपन वॉलीबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच हल्द्वानी ने 2-0 के अंतर से जीत लिया है। टूर्नामेंट का उद्घाटन लीग मैच हल्द्वानी व किरतपुर के मध्य खेला गया। जिसमें हल्द्वानी ने 30-28 एवं 25-20 के दो सेटों में 2-0 के अंतर से मैच जीत लिया।

टूर्नामेंट का दूसरा मैच आदर्श क्लब व कार्की क्लब के मध्य खेला गया। जिसमें आदर्श वॉलीबॉल क्लब ने 25-22 एवं 25-16 के अंतर से कार्की क्लब को परास्त कर 2-0 से मैच जीत लिया। वहीं टूर्नामेंट का तीसरा लीग मैच हल्दूचौड़ और जूनियर आदर्श क्लब शांतिपुरी के मध्य खेला गया। जिसमें हल्दुचौड़ ने क्रमशः 15-11 व 15-11 के दो सीधी सेटों में 2-0 के अंतर से मैच जीत लिया।

वॉलीबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ करते गोविन्द सिंह रौतेला व स्थानीय जनप्रतिनिधि।

इससे पूर्व शनिवार को टूर्नामेंट का उद्घाटन क्षेत्र के बुजुर्ग वॉलीबॉल प्रेमी गोविंद सिंह रौतेला, पूर्व जिला पंचायत सदस्य नारायण सिंह बिष्ट, विनोद कोरंगा, प्रधान रोहित तिवारी एवं अधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद शर्मा ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। वॉलीबॉल प्रेमी गोविंद सिंह रौतेला ने ग्रामीण क्षेत्र में ओपन वॉलीबॉल प्रतियोगिता के आयोजन के लिए आदर्श प्रेस वॉलीबॉल क्लब को बधाई दी। आयोजन कमेटी के सदस्य प्रताप सिंह कोरंगा ने बताया कि टूर्नामेंट में कुल 20 टीमें हिस्सा ले रही हैं। मैच का आंखों देखा हाल गोलापार के लक्की चुफाल ने सुनाया। कार्यक्रम का संचालन अशोक जोशी ने किया। दर्शकों में मुन्ना त्रिपाठी, खड़क सिंह कोरंगा, जेष्ठ प्रमुख नीरज टाकुली, जगत सिंह कोरंगा, टीका नेगी, राजू पटवाल, मोहन सिंह कोरंगा उर्फ लखा, राजू बिष्ट, ध्यान सिंह, सोनू बिष्ट रहे।

श्रद्धा से मनाई संत रविदास जयंती

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : समाज को सत्य मार्ग दिखाने वाले संत शिरोमणि रविदास की जयंती को आस्था पूर्वक मनाया गया।

कई स्थानों पर हुए कार्यक्रम में उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया गया और भंडारे का वितरण कर उनके संदेशों को जन जन तक पहुंचाया गया। शनिवार को पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल जगतपुरा स्थित रविदास मंदिर पहुंचे और संत की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन के बताने पर चलने का आह्वान किया।

इस दौरान पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि संत रविदास ने सामाजिक एवं आध्यात्मिक संघर्ष किया था। उन्होंने एक सभ्य समाज की न सिर्फ कल्पना की, बल्कि उसे मूर्त रूप देने में भी अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि संत रविदास ऐसे महापुरुष थे जिन्होंने जाति धर्म से ऊपर उठकर दुनिया को एकता भाईचारे का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि लगभग छह दशक तक समाज सुधारक, महान विचारक एवं समाजसेवी के रूप में काम किया। उन्होंने समाज को मेहनत कर खाने ईमानदारी से जीवन व्यतीत करने का संदेश दिया। वही बाजार स्थित अम्बेडकर पार्क के समीप संत शिरोमणि रविदास जयंती भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर पूर्व सभासद गोविन्द राम ,कृष्ण कुमार चौधरी, सूरज पाल सिंह, ललित बिष्ट, पिंटू कुमार, बंटी कोली आदि लोग मौजूद रहे।

रुद्रपुर में संत रविदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते पूर्व विधायक ठुकराल।

जमौर से मझोला होते हुए खटीमा तक निकली शोभायात्रा

खटीमा। रविदास जयंती के अवसर पर सर्वसमाज द्वारा भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। जमौर से शुरू हुई शोभायात्रा मझोला से खटीमा मार्ग स्थित चारुबेटा होते हुए खटीमा मुख्य चौराहे पर पहुंची। पैदल, ट्रैक्टरों, बाईकों, टैंपो और टुकटुक पर निकली शोभायात्रा में झांकियां भी शामिल की गई। रविदास जयंती आई है, नई रोशनी लाई है !, एक, दो, तीन, चार बाबा जी की जय जयकार और जब तक सूरज चांद रहेगा बाबा साहेब का नाम रहेगा जैसे नारों से वातावरण गूंज रहा था। किसान नेता व कंचनपुरी समिति के पूर्व अध्यक्ष जसविंदर सिंह बाजवा ने शोभायात्रा में शामिल सर्व समाज को जलपान कराया। मझोला से मुख्य चौराहा खटीमा और सितारगंज रोड पर निकली शोभायात्रा का संचालन संविधान निर्माता बाबा भीमराव अंबेडकर के चित्र के साथ नेता प्रतिपक्ष व विधायक भुवन कापड़ी कर रहे थे। शोभायात्रा में बाबा साहेब और रविदास जी की झांकी भी शामिल थी। बॉबी राठौर, प्रदीप कुमार, नरेंद्र आर्य, जिला पंचायत सदस्य अरविंद कुमार, पूर्व प्रधान कांता प्रसाद, एसके सेन, रामायण राम, मानसिंह, विजय शंकर यादव, नरेंद्र आर्य, ग्राम प्रधान धर्मेंद्र कुमार, शकील अहमद, डॉ उत्तम कुमार, डॉ अरविंद कुमार, हरिशंकर, धर्मपाल गौतम आदि थे।

वर्ग पहेली-353

बाएं से दाएं

1. शुक्रवार।
2. 1. जो योनि से उत्पन्न न हुआ हो, जो गर्भ से पैदा न हुआ हो, अजन्मा 2. नित्य।
5. वायुमंडल के जल के हिम बनने के कारण बरफ़ का धरती पर गिरना, ओले गिरना, पाले का पड़ना।
7. 1. दुर्गा, पार्वती 2. तांत्रिकों के अनुसार एक देवी 3. चामुंडा नामक देवी 4. संगीत में एक रागिनी।, भैरव संबंधी।
8. 1. कली का फूल के रूप में विकसित होना 2. भला या सुंदर लगना, फबना 3. भूनने पर चावल का फूल या फट जाना (खील या मुरमुरा बनना) 4. किसी सुखद समाचार से प्रसन्न होना।

ऊपर से नीचे

1. 1. पलाश की लकड़ी का बना हुआ एक प्रकार का अर्धचंद्राकार यज्ञ-पात्र 2. पूर्व दिशा।
2. 1. निरंतर या बिना रुके चलने वाला पाठ 2. अनुष्ठानपूर्वक चलने वाला चौबीस घंटे का पाठ।
3. 1. जिसमें किसी के प्रति दया या प्रेम न हो 2. निष्ठुर, निर्दय।
4. 1. एक विश्वप्रसिद्ध हीरा जो भारत की मुगल सल्तनत से नादिरशाह के पास गया और अब ब्रिटिश सम्राट के ताज में जड़ा है, कोहेनूर, कोहिनूर 2. आभा या रोशनी का पर्वत।
6. 1. आंख की पलकों का बंद होना, समाप्त होना 2. बंद होना 3. तिरोहित होना, छिपना।



वर्ग पहेली - 352 का हल

	1 नी		2 दा	3 नो
4 त	र	हे	ल	ब
	स		द	त
	ता		लि	ख़ा
		5 भ	या	व	ना
6 डं	ब	र		
		7 म	न	मै	ला

सुडोकू -70

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		8			7	3	1	
			1				5	
6		1				4		
	1		5		3		8	4
	8						3	
7			2		4			
		4				5		2
	5				6			
		3	9			1		

सुडोकू - 69 का हल

9	1	5	6	8	4	7	2	3
4	3	2	7	1	5	8	9	6
7	8	6	2	9	3	4	1	5
8	5	3	1	2	6	9	4	7
6	4	1	9	5	7	3	8	2
2	9	7	3	4	8	5	6	1
3	2	4	5	6	9	1	7	8
5	6	9	8	7	1	2	3	4
1	7	8	4	3	2	6	5	9

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 25 फरवरी, रविवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष,तिथि-प्रतिपदा 20 .35 तक तत्पश्चात द्वितीया।

आज का पंचांग



दिशाशूल- पश्चिम। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाफाल्गुनी 26 फरवरी 01 .24 तक तत्पश्चात उत्तरा फाल्गुनी।

मेष — आज नई योजनाओं के विषय में मित्रों से चर्चा करेंगे। आलस्य और प्रमाद से आपको बचना चाहिए। किसी भी चलते कार्य को अधूरा छोड़ने की प्रवृत्ति से बचें। व्यवसाय में लाभ की स्थितियां बढ़ेंगी। आज आपको परिवार के साथ समय अवश्य व्यतीत करना चाहिए।

वृष — आज पैतृक संपत्ति के विवादों को लेकर आज शान्ति बनाए रखें। मन में कुछ नकारात्मक विचार जन्म लेंगे। आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में कमी आ सकती है। हृदय रोगियों को तनाव से बचना चाहिए। सिर्फ अपने काम पर ध्यान रखें।

मिथुन — आज व्यापार में नए अनुबंध हो सकते हैं। घर का वातावरण काफी अच्छा रहने वाला है। धार्मिक कार्यों में आपका मन लगेगा। कारोबार को लेकर की गई यात्राओं से काफी अच्छा लाभ मिलेगा। आप अपने खर्चों पर नियंत्रण पाने का प्रयास करेंगे।

कर्क — आज धन के अभाव के कारण जो काम रुके थे, वे शुरू हो सकते हैं। रचनात्मक कार्यों में आप काफी सक्रिय रहेंगे। कानूनी विवादों का समाधान निकल सकता है। परिवार की जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वाह करें। प्रेम संबंधों में आ रही गलतफहमियां दूर होंगी।

सिंह — आज आपके मन में परोपकार की भावना रहेगी। आकस्मिक धन लाभ होने की संभावना बन रही है। व्यावसायिक परेशानियों का निपटारा होगा। साझेदारी में नया काम शुरू कर सकते हैं। मेडिकल संबंधी कार्यों से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है।

कन्या — आज संतान के व्यवहार के कारण मन दुखी हो सकता है। जल्दबाजी में आपको निर्णय लेने से बचना चाहिए। समाज में सम्मानित लोगों को अपनी प्रतिष्ठा को लेकर कुछ समस्या हो सकती है। आलस्य के कारण आपके प्रदर्शन में कमी आयेगी।

तुला — आज अपने विचारों में स्पष्टता रखें। व्यापार में नए साझेदार जुड़ सकते हैं। अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है। कड़ी मेहनत का सार्थक परिणाम प्राप्त होगा। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है।

वृश्चिक — आज व्यवसाय में कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा। संतान पर अनावश्यक दबाव न बनाएं। धन के लेन-देन को लेकर समझदारी रखें। आज आप कारोबारी यात्रा पर जा सकते हैं। अविवाहित लोगों के विवाह को लेकर संभावना बन सकती है।

धनु — आज समाज के उच्च वर्ग के लोगों से आपका मेल-मिलाप बढ़ेगा। आपकी दिनचर्या संयमित रहेगी। परिजनों का व्यवहार आपके प्रति कुछ रूखा सा हो सकता है। बच्चे पढ़ाई में काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आज आपको उधार लेने से बचना चाहिए।

मकर — आज स्वार्थवश काम करने के कारण आपकी आलोचना हो सकती है। किसी की भावनाओं का तिरस्कार न करें। यदि तनाव आपकी कार्यक्षमता को प्रभावित कर रहा है, तो मोटिवेशनल वीडियोज़ से आपको काफी सहायता मिल सकती है।

कुंभ — आज अजनबी लोगों पर ज्यादा विश्वास करना हानिकर हो सकता है। लड़कियों के विवाह को लेकर आ रही अड़चनें दूर होंगी। मनोरञ्जन के लिए वेबसीरीज़ और सिनेमा का आनंद उठायेंगे। उच्च अधिकारी आपकी प्रशंसा करेंगे।

मीन — आज उतावले व्यवहार से आपको बचना चाहिए। जॉब में आपका वर्चस्व काफी अच्छा रहेगा। योजनाबद्ध तरीके से किए गए कार्यों में सफलता मिलेगी। दूसरों के उलझे मामलों को आपको सुलझाना पड़ेगा। घरेलू खर्चों को लेकर थोड़ा तनाव उभर सकता है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- विश्वासघात — सुबह : 10 .00
- अनाड़ी — रात : 07 .00

SONY MAX
- अतरंगी रे — सुबह : 09 .53
- टाइगर जिंदा है — रात : 10 .06

SONY PIX
- होटल ट्रांसिल्वेनिया 2 — सुबह : 11 .13
- द मैन फ्रॉम टोरंटो — रात : 09 .00

ZEE CINEMA
- जजमेंटल है क्या — सुबह : 10 .30
- मदारी — रात : 07 .30

colors CINEPLEX
- छलांग — सुबह : 10 .29
- दृश्यम 2 — रात : 09 .06

आज की सुपरहिट फिल्म

कलर्स सिनेप्लेक्स पर रात-09 .06 बजे

जोक्स ऑफ द डे

बालक अपने पड़ोस में जाता और महिला दरवाजा खोलती है।
महिला- बेटा क्या हुआ?
बालक- आंटी मम्मी ने एक कटोरी चीनी मंगाई है।
महिला (मुस्कुरा कर उसका सिर सहलाते हुए कहती है) -"अच्छा और क्या कहा है तेरी मम्मी ने ?
बालक-कहा है कि अगर वो डायन न दे तो सामने वाली चुड़ैल से ले आना।

पत्नी-मैं रोज पूजा करती हूं काश एक दिन श्रीकृष्ण के दर्शन हो जाए।
पति- एक बार मीराबाई बन कर जहर पी ले फिर देख श्रीकृष्ण तो क्या तूझे सारे भगवान नजर आ जाएंगे।

एक नजर

देवभूमि व्यापार संघ का शपथग्रहण समारोह आज

अल्मोड़ा : देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को होगा। विगत दिनों देवभूमि नगर उद्योग व्यापार मंडल के त्रिवार्षिक आम चुनाव में नगर कार्यकारिणी का निर्विरोध निर्वाचन संपन्न हो गया था। व्यापार मंडल के सदस्यता प्रमुख राजेंद्र तिवारी ने बताया कि में 25 फरवरी को दिन में 12 बजे से माल रोड स्थित एक होटल सभागार में नगर कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को देवभूमि उधोग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष हुकुम सिंह कुंवर शपथ दिलाएंगे। उन्होंने नगर के सभी व्यापारियों से शपथ ग्रहण कार्यक्रम में प्रतिभाग करने बात कही है।

धौलछीना में पांच लोग पुलिस एक्ट में गिरफ्तार

अल्मोड़ा : धौलछीना पुलिस ने शनिवार को थानाध्यक्ष सुशील कुमार के नेतृत्व में क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान पुलिस टीम को पांच लोग सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते हुए पाए गए। जिस पर पुलिस टीम ने पांचों को पुलिस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर उनके खिलाफ चालानी कार्रवाई की है। साथ ही भविष्य में इस तरह का कोई कृत्य ना करने की चेतावनी भी दी है। थानाध्यक्ष सुशील कुमार ने बताया कि नियमों के उल्लघंन पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

पुलिस हेड कांस्टेबल का आकस्मिक निधन

बागेश्वर : जनपद के शामा चौकी में तैनात पुलिस हेड कांस्टेबल का

आकस्मिक निधन हो गया। वह 45 वर्ष के थे। कपकोट थाना अंतर्गत शामा चौकी में तैनात हेड कांस्टेबल उमा शंकर टम्टा का गत रात्रि निधन हो गया। उनके निधन का समाचार मिलते ही थानाध्यक्ष कैलाश बिष्ट वहां पहुंचे तथा परिजनों को इसकी सूचना दी। वह बागेश्वर कोतवाली अंतर्गत अड़ौली के रहने वाले थे। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया तथा परिजनों को अंतिम दर्शनों के लिए उनके पैतृक गांव ले गए। इसके बाद सरयू गोमती तट में पुलिस सम्मान के साथ अंत्येष्टि की गई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अक्षय कुमार, पुलिस उपाधीक्षक अंकित कंडारी, कोतवाल कैलाश नेगी समेत विभिन्न पुलिस अधिकारी व कर्मचारी शामिल थे।

किसानों के साथ क्रूरता का व्यवहार कर रही सरकार

अल्मोड़ा : उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी ने किसान आंदोलन के दौरान किसानों के दमन की साजिश करने का कड़ा विरोध किया है। उपपा ने कहा कि सरकार किसानों के लोकतांत्रिक आंदोलन के साथ दुश्मनों जैसा व्यवहार कर रही है, जिससे देश में आक्रोश बढ़ रहा है। इसलिए केंद्र सरकार का कार्यकाल किसानों के खिलाफ क्रूरता के रूप में जाना जाएगा। उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष पीसी तिवारी ने कहा कि केंद्र सरकार जनता की गाढ़ी कमाई को अपने उद्योगपतियों के साथ लुटा रही है। जबकि दूसरी ओर सरकारी नौकरियों को समाप्त करने की साजिश कर अग्निवीर जैसी योजना लाकर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। उपपा ने किसानों के रास्ते में कांटे बिछाने, सड़कों पर अवरोध खड़े करने, ड्रोन से आंसू गैस छोड़ने एवं युवा किसानों की हत्या करने की कठोर निंदा कर कहा कि इन घटनाओं से केंद्र सरकार का लोकतंत्र विरोधी, जनविरोधी चेहरा जनता के सामने बेनकाब हो चुका है। इधर किसान आंदोलन के दौरान प्रदर्शनकारी किसान शुभकरण सिंह की मृत्यु पर केंद्रीय ट्रेड यूनियन व जनवादी प्रोग्रेसिव संगठनों ने भी गहरा दुख व्यक्त किया है।

संपत्ति कर लेने के विरोध में बंद रहा रानीखेत का चिलियानौला बाजार

नगर पालिका कार्यालय में प्रशासन और लोगों की बैठक, अधिकारियों के समझाने पर माने

संवाददाता, रानीखेत

अमृत विचार : नगर पालिका परिषद चिलियानौला की ओर से संपत्ति कर के विरोध को लेकर शनिवार को चिलियानौला बाजार बंद रहा। इस दौरान यहां नगर पालिका परिषद कार्यालय में आहूत प्रशासन और क्षेत्रीय लोगों के बीच बैठक में मौजूद लोगों ने संपत्ति कर लेने व उसके निर्धारण का प्रबल विरोध किया।

लोगों का कहना था कि जब नगर पालिका परिषद का गठन किया गया उस समय तत्कालीन सरकार द्वारा घोषणा की गई थी कि 10 वर्ष तक कोई भी कर नहीं लिया जाएगा, लेकिन 5 वर्ष का समय पूरा होने के उपरांत ही संपत्ति कर लेने की प्रक्रिया प्रारंभ किया जाना आमजन के साथ छलावा है, जिसका पुरजोर विरोध किया जाएगा।

प्रशासन की ओर से संयुक्त मजिस्ट्रेट व प्रशासक वरुणा अग्रवाल ने अवगत कराया कि संपत्ति कर सरकार के निर्देश अनुसार लेने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। उन्होंने कहा कि संपत्ति कर नियमानुसार ही लेने की प्रक्रिया की जाएगी, जिसमें व्यावसायिक व गैर व्यावसायिक भवनों को चिन्हित किया जाएगा। उसके उपरांत ही कर निर्धारण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद भी अगर किसी को कोई समस्या हो तो उसका भी समाधान किया जाएगा।

जिस पर मौजूद लोगों ने अपनी सहमति व्यक्त कर कहा कि संपत्ति कर के नाम से परिषद भ्रमित ना करे और स्पष्ट नियमों को जनता तक पहुंचाए। बैठक में नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी प्रवीण सक्सेना, व्यापार मंडल अध्यक्ष कमलेश बोरा, पूर्व परिषद अध्यक्ष कल्पना देवी, पूर्व सभासद अरुण रावत, लक्ष्मण सिंह, कमला बिष्ट, उमा रावत, कविंद्र कुंवार्वी, मदन कुवार्वी, चंदन सिंह, जीवन सिंह मेहरा, संजय जोशी, रमेश बोरा, दीवान सिंह, गोपाल राम, प्रताप सिंह कुर्वाबी, समस्त व्यापार मंडल के पदाधिकारी, सदस्य सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

चिलियानौला नगर पालिका परिषद क्षेत्र में संपत्ति कर को लेकर बैठक में प्रशासन और आमजन। ● अमृत विचार

संपत्तिकर के विरोध में चिलियानौला बाजार रहा बंद। ● अमृत विचार

विधानसभा सत्र का आयोजन गैरसैंण में नहीं करने पर रोष

अल्मोड़ा : प्रदेश सरकार द्वारा 27 फरवरी से हो रहे विधानसभा सत्र का आयोजन गैरसैंण के बजाय देहरादून में करने का कांग्रेस ने कड़ा विरोध किया है। कांग्रेस ने कहा है कि भाजपा ने अपने इस निर्णय से शहीदों और राज्य आंदोलनकारियों का अपमान किया है।

कांग्रेस पार्टी के सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव घनानंद शर्मा ने कहा है कि उत्तराखंड राज्य का निर्माण आंदोलनकारियों की शहादत से संभव हो सका। आंदोलनकारियों की भावनाओं का सम्मान करते हुए कांग्रेस ने गैरसैंण में विधानसभा का निर्माण कर कई बार वहां सत्र आयोजित कराए। लेकिन वर्तमान भाजपा सरकार शहीदों के सम्मान के प्रति जरा भी गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार के इस निर्णय के खिलाफ प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा के आह्वान पर 27 फरवरी को गैरसैंण में कांग्रेस द्वारा आयोजित प्रतीकात्मक विधानसभा में अल्मोड़ा के प्रत्येक विकास खंड के कार्यकर्ता भाग लेंगे।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नारायण रावत ने बताया कि इस प्रतीकात्मक विधानसभा में अंकिता हत्याकांड, मूल निवास, भू कानून, बढ़ती बेरोजगारी और महंगाई प्रदेश में आ रही आपदाओं व भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं ने भारी संख्या में प्रतिभाग करने की बात कही है।

कसार देवी में छात्रों में मारपीट, दो घायल

- प्रेम-प्रसंग का बताया जा रहा मामला, पुलिस कर रही जांच

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : जिला मुख्यालय से लगे कसारदेवी क्षेत्र में एक विवाह समारोह के दौरान नगर के एक कालेज में पढ़ने वाले दो छात्र गुटों के बीच जबर्दस्त मापीट हो गई। मामला खूनी संघर्ष जा पहुंचे गया। बीच बचाव में लोग आए तो बमुश्किल मामला शांत हुआ। पुलिस के अनुसार भी दोनों पक्षों में से किसी ने भी कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई है।

शुक्रवार को कसारदेवी क्षेत्र में एक बारात आई हुई थी। बारात में वर अथवा कन्या पक्ष की ओर से नगर के एक कालेज के कुछ छात्र छात्राएं भी बुलाए गए थे। बारात पहुंचने के बाद सब कुछ सामान्य चल रहा था। इसी दौरान अचानक छात्रों के दो गुटों के बीच मारपीट शुरू हो गई। हो हल्ला सुन बारात में पहुंचे लोग भी वहां एकत्र हो गए। काफी देर की मारपीट के बाद दोनों गुटों को समझाने के बाद बमुश्किल मामला शांत हुआ। बारात में शामिल कुछ लोगों ने बताया कि बारात में शामिल होने आई एक छात्रा अपने ही कालेज के एक छात्र के साथ घूम रही थी। दोनों को उसी कालेज की एक छात्रा ने देख दिया और उसने यह बात दूसरे छात्र के साथ घूम रही छात्रा के कथित प्रेमी को फोन से बता दी, जिसके कुछ देर बाद ही छात्रा का कथित प्रेमी अपने साथियों के साथ बारात में आ धमका और दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। बताया जा रहा है कि मारपीट के इस मामले में दो छात्र घायल भी हो गए।

जल जीवन मिशन का लाभ नहीं मिलने पर दी आंदोलन की चेतावनी

अल्मोड़ा : जिला मुख्यालय से लगे हवालबाग ब्लॉक के ग्रामीणों ने सरकार की आली समेत क्षेत्र के अनेक गांवों का जल जीवन मिशन योजना का लाभ ना मिल पाने आरोप लगाया। स्थानीय लोगों ने कहा कि अगर उन्हें योजना से वंचित रखा गया तो वह उग्र आंदोलन शुरू कर देंगे। हवालबाग के ग्रामीणों ने आयुक्त कुमाऊं को भेजे एक ज्ञापन में कहा है कि विकास खंड हवालबाग के अनेक गांवों को सरकारी अधिकारियों की लापरवाही के कारण जल जीवन मिशन योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीण इस योजना का लाभ दिलाने के लिए कई बार अधिकारियों से गुहार लगा चुके हैं, लेकिन अधिकारी ग्रामीणों की मांग पर कोई कार्रवाई करना मुनासिब नहीं समझते हैं। विकास खंड के सरकार की आली गांव के लोगों ने कहा है कि वह कई बार इन गांवों के लिए योजना के तहत बनाए गए इस्टीमेट के पुनर्गठन की मांग कर चुके हैं। ग्रामीणों ने कहा है कि अगर उनकी मांग पर शीघ्र कोई कार्रवाई नहीं की गई तो वह उग्र आंदोलन शुरू कर देंगे, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित विभाग के अधिकारियों की होगी।

अंतर्मन की आवाज है संगीत

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : राजकीय महाविद्यालय में संगीत विभाग के कार्यक्रम की धूम मची, जिसमें विभिन्न रागों और भजनों पर श्रोता झूमने को मजबूर हो गए। प्राचार्य डा. अनुपमा तिवारी की अध्यक्षता में हुए आयोजन का शुभारम्भ सरस्वती वंदना से हुआ।

मुख्य अतिथि शिक्षाविद् जानकी खर्कवाल ने टनकपुर में सांगीतिक अभियान के लिए संगीतज्ञ डा. पंकज उप्रेती की प्रशंसा की। कहा संगीत अंतर्मन की आवाज होती है।

विशिष्ट अतिथि संगीतज्ञ लीला तिवारी ने कहा कि संगीत विभाग ने टनकपुर में सुंदर माहौल तैयार किया है। नितीश कुमार ने राग कामोद, कोमल रौतेला ने राग यमन की अवतारणा की। दिनेश कुमार की तबला संगत में कोमल राय व आकांक्षा राय ने भजनों की प्रस्तुति दी।

रिया चन्द व विद्यांशु विश्वकर्मा ने कर्णप्रिय जुगलबंदी की। प्रत्यक्ष भंडारी ने वाद्ययंत्र में मधुर संगत की। संगीतज्ञ डा. पंकज उप्रेती ने राग खमाज की प्रस्तुति दी। इस मौके पर वरिष्ठ चिकित्सक डा. विनोद जोशी, सौरभ कलखुड़िया, डा. एसके कटियार, डा. सुमन कुमारी, डा. होशियार सिंह, डा. किरन दानू, डा. विजय डालाकोटी मौजूद रहे।

टनकपुर महाविद्यालय में संगीत की प्रस्तुति देते कलाकार। ● अमृत विचार

निर्वाचन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी : डीएम

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी नवनीत पांडेय ने आगामी लोकसभा चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष व शान्तिपूर्ण ढंग से कराने के लिए शनिवार को चम्पावत जिला कार्यालय सभागार में नोडल अधिकारियों और निर्वाचन से संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा की चुनाव में किसी भी लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि निर्वाचन को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए विभिन्न कार्यों एवं व्यवस्थाओं को समय से पूर्ण करने के लिए विभिन्न नोडल अधिकारी बनाए गए हैं, जो निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य को समयावधि में पूर्ण करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी

जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट बूथो में जाकर प्रत्येक बूथ में आवश्यक न्यूनतम सुविधा जिसमें पेयजल, विद्युत व्यवस्था, रैंप, फर्नीचर व सेड की व्यवस्था आदि सुनिश्चित करा लें यदि किसी भी बूथ में कोई कमी शेष है, तो एक सप्ताह के भीतर उसे ठीक करा लें। बैठक में पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, अपर जिलाधिकारी हेमंत कुमार वर्मा, वरिष्ठ कोषाधिकारी सीमा बंगवाल, उप जिलाधिकारी सदर सौरभ असवाल, लोहाघाट रिंकु बिष्ट, टनकपुर आकाश जोशी आदि मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

स्काउट-गाइड में प्रथम स्थान पर रही विजयलक्ष्मी टोली

बनबसा में दो दिवसीय शिविर में टैंट बनाने का गुर सीखते छात्र।

बनबसा। भारत स्काउट्स एंड गाइड संस्थान की ओर से मैक्सन स्ट्रांग विद्यालय में दो दिवसीय शिविर लगाया गया। शिविर में हुए कार्यक्रम में स्काउट गाइड को प्राथमिक सहायता आपदा प्रबंधन, विभिन्न प्रकार की तालियां, खेल-खेल के माध्यम से बच्चों में सर्वांगीण विकास, मार्च पास्ट, ध्वजारोहण, मीनारें, स्ट्रेचर बनाना आदि क्रियाकलाप कराए गए। कार्यक्रम में प्रथम स्थान पर विजयलक्ष्मी टोली, द्वितीय स्थान पर सावित्रीबाई टोली तृतीय स्थान पर रानी पद्मिनी, चतुर्थ स्थान पर वीर भगत सिंह, पंचम स्थान पर सुभाष चंद्र बोस की टोली रही। इस अवसर पर प्रबंधक गिरीश जोशी ने कहा कि स्काउट गाइड सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। कार्यक्रम का निर्देशन प्रादेशिक संगठन आयुक्त स्काउट हिमांशु सक्सेना एवं सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त गाइड अलका मिश्रा के नेतृत्व में किया गया। शिविर का संचालक प्रशिक्षक विकास बाबू के द्वारा किया गया। शिविर में मैक्सटन स्ट्रांग स्कूल के डायरेक्टर क्लिफटन शिपफे, विद्यालय प्रबंधक गिरीश जोशी सहित शिक्षक उपस्थित रहे।

सोनीपत के छात्र शैक्षिक भ्रमण पर जागेश्वर धाम पहुंचे

अल्मोड़ा : हरियाणा के सोनीपत स्थित वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन के छात्र-छात्राएं छह दिवसीय शैक्षिक भ्रमण अभियान के तहत जागेश्वर धाम पहुंचे हैं। यहां पहुंचकर उन्होंने जागेश्वर धाम के इतिहास, पुरातात्विक दृष्टि से महत्वपूर्ण अवशेषों और वर्तमान में मंदिर के पुनर्निर्माण के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। विश्वविद्यालय के आर्किटेक्चर और विजुअल आर्ट्स स्कूल की ओर से आयोजित शैक्षिक यात्रा में 57 छात्र और छह प्राध्यापक जागेश्वर धाम पहुंचे हैं। प्रो. शालीन शर्मा और राजन श्रीपाद फुलारी ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के तहत एक संरक्षित धरोहर स्थल जागेश्वर धाम भ्रमण के रहन सहन, आवास पारिस्थितिकी तंत्र और सांस्कृतिक संरचना की प्रत्यक्ष समझ हासिल करने में छात्रों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने जागेश्वर मंदिर समूह में 100 से अधिक प्राचीन मंदिरों के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर यूनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन के कुलपति डा. संजय गुप्ता ने भी छात्र-छात्राओं को रोचक जानकारी उपलब्ध कराई। जागेश्वर धाम पहुंचने पर सभी छात्र-छात्राओं में खासा उत्साह देखा गया।

सरकारी योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाने का संकल्प

अल्मोड़ा : जिले के द्वाराहाट विकास खंड में भाजपा ने लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन किया। इस सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि राज्यमंत्री रमेश गढ़िया ने प्रतिभाग किया। सम्मेलन के दौरान वक्ताओं ने केंद्र और प्रदेश सरकार की सभी योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाने और अधिक से अधिक लोगों को पार्टी संगठन से जोड़ने का संकल्प भी लिया। नगर पंचायत सभागार में हुए कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने मुख्य अतिथि राज्यमंत्री रमेश गढ़िया का जोरदार खैरमकदम किया। सम्मेलन को भाजपा प्रदेश विभाग प्रभारी अनिल शाही, पूर्व विधायक महेश नेगी, घनश्याम भट्ट, जिला महामंत्री विनोद भट्ट तथा मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र मठपाल ने भी संबोधित किया। सम्मेलन में पार्टी के अनेक कार्यकर्ता व लाभार्थी मौजूद रहे।

नामांकन वापसी के दिन दो प्रत्याशियों ने मैदान छोड़ा

अल्मोड़ा : प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के नगर इकाई की चुनाव प्रक्रिया के तहत शनिवार को व्यापार मंडल भवन में मुख्य चुनाव अधिकारी दीप डांगी की देखरेख में नामांकन वापसी की प्रक्रिया संपन्न हुई। कोषाध्यक्ष पद के प्रत्याशी मनोज अधिकारी एवं महिला उपाध्यक्ष पद की प्रत्याशी लीला जोशी ने अपना नामांकन वापस ले लिया है। नाम वापसी प्रक्रिया के बाद अब नगर व्यापार मंडल चुनाव में 14 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। अध्यक्ष पद पर चार दावेदार दीपक वर्मा, संजय अग्रवाल, प्रत्येश कुमार पांडे, अजय कुमार वर्मा हैं। वहीं उपाध्यक्ष व उपसचिव पद पर त्रिकोणीय मुकाबला है। उपाध्यक्ष पद पर मुकुल जोशी, नरेंद्र लाल साह व राजेंद्र प्रसाद तो उपसचिव में आशीष कुमार, नरेंद्र कुमार व अश्वनी नेगी के बीच मुकाबला होगा। महासचिव पद पर प्रयाग चंद्र जोशी व वकुल साह में सीधी टक्कर है। मुख्य चुनाव अधिकारी डांगी ने बताया कि 25 फरवरी को सुबह 11 से दो बजे तक चुनाव चिन्ह आवंटन की प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी।

टनकपुर में व्यापार मंडल के चुनाव आज

टनकपुर : टनकपुर व्यापार मंडल के चुनाव रविवार को पंचमुखी धर्मशाला में सुबह आठ बजे से शुरू होंगे। मतदान प्रक्रिया दोपहर दो बजे तक चलेगी। मतदान के तुरंत बाद मतगणना शुरू कर विजयी प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की जाएगी। अध्यक्ष पद पर कांटे का मुकाबला होने की उम्मीद है। मुख्य चुनाव अधिकारी भगवत सरन ने बताया कि कुल 814 मतदाता अपने मतों का प्रयोग करेंगे। बताया कि मतदान के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि अध्यक्ष पद पर वैभव अग्रवाल व मोहित गड़कोटी के बीच सीधी टक्कर होगी। जबकि महामंत्री पद पर संजय पांडेय व भूपेश चड्ढा मैदान में हैं। बताया कि उपाध्यक्ष पद के लिए अंकित अग्रवाल व कोषाध्यक्ष पद के लिए गिरीश वर्मा का निर्विरोध चुनाव हुआ है।

पेयजल व सीवर कार्य जल निगम को न देने पर प्रदर्शन

- कार्यों का क्रियान्वयन यूयूएसडीए से कराने का विरोध
- जल निगम और संस्थान के कर्मचारियों ने फिर खोला मोर्चा

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : पेयजल और सीवरेज के कार्यों को जल निगम को ना दिए जाने और इन कार्यों का क्रियान्वयन यूयूएसडीए से कराने के विरोध में अल्मोड़ा के जल निगम व संस्थान के कर्मचारियों ने फिर से विरोध शुरू कर दिया है। कर्मचारियों ने शासन के इस निर्णय को अव्यवहारिक बताया।

विरोध में कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार किया और सरकार के खिलाफ जारदार नारेबाजी भी की। शनिवार को जल निगम व संस्थान संयुक्त मोर्चे के बैनर तले कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार कर निगम कार्यालय परिसर के बाहर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। धरना सभा को संबोधित कर वक्ताओं ने कहा कि सरकार उनकी मांगों पर कार्रवाई करने के बजाय उन्हें झूठे आश्वासन देकर गुमराह करने की कोशिश कर रही है। जिसे वह किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेंगे। वक्ताओं ने कहा कि शहरी विभाग अंतर्गत संचालित यूयूएसडीए की तरफ से मूल अभियांत्रिकी विभाग के कार्यक्षेत्रों में अतिक्रमण किया जा रहा है, जिसका कर्मचारी लंबे समय से विरोध कर रहे हैं, लेकिन कोई भी उनकी सुध लेने को तैयार नहीं है। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि सरकार और सरकारी मशीनरी जल निगम कर्मियों की खुलेआम उपेक्षा पर उतर आई है। वक्ताओं ने कहा कि इसके अलावा सरकार द्वारा जल संस्थान और जन निगम के एकीकरण की मांग पर भी आज तक कोई कार्रवाई नहीं की है, जिससे कार्मिकों का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो वह 27 फरवरी को विधानसभा का कूच करेंगे। प्रदर्शन और धरना सभा में अरुण कुमार, नरेंद्र बिष्ट, राहुल बिष्ट, जया चौबे, अरुण कठैत, लता दुर्गापाल, दीपक तिवारी, मनीता देवी, कुंदन अधिकारी, राजेंद्र बिष्ट, रणजीत बिष्ट, संगीता, राजू बिष्ट, दिनेश तिवारी, गंगा देवी, दिनेश भट्ट, पंकज आर्या, शुभम बेलवाल, अरुण नेगी, पंकज शर्मा समेत अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।

अल्मोड़ा में कार्य बहिष्कार कर धरना देते जल निगम व संस्थान के कर्मचारी। ● अमृत विचार

अनदेखी अल्मोड़ा जिले के चौखुटिया विकास खंड में मरीजों को हो रही परेशानी, ग्रामीणों ने आंदोलन की धमकी दी

सीएचसी में विशेषज्ञ चिकित्सक और रेडियोलॉजिस्ट नहीं

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : स्वास्थ्य महकमा जिले के दूरस्थ क्षेत्रों में ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लाख दावे करते क्यों ना थकता हो, लेकिन सच्चाई बिल्कुल इस उलट है।

इसकी बानगी अल्मोड़ा जिले के चौखुटिया विकास खंड में देखी जा सकती है, जहां कहने भर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तो खोला गया है, लेकिन वहां आज तक विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती नहीं की गई। लाखों रुपये खर्च कर अल्ट्रासाउंड मशीन भी स्थापित की गई, लेकिन उसे चलाने के लिए रेडियोलॉजिस्ट ही तैनात नहीं है। ऐसी स्थिति में यहां रोगियों का उपचार कैसे हो रहा होगा, समझा जा सकता है।

चौखुटिया कस्बा कुमाऊं और गढ़वाल के मध्य में स्थित है। साथ ही यह प्रदेश की ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण के काफी करीब भी है, इसलिए कुमाऊं और गढ़वाल दोनों मंडलों के गांवों के हजारों लोगों के उपचार कराने का एकमात्र विकल्प सीएचसी चौखुटिया है। रोगियों के तीमारदार उन्हें बड़ी उम्मीद के साथ यहां उपचार के लिए लाते हैं, लेकिन विशेषज्ञ चिकित्सकों के ना होने के कारण उन्हें या तो रेफर कर दिया जाता है या फिर उन्हें उपचार के लिए बड़े महानगरों के महंगे निजी अस्पतालों की शरण लेनी पड़ती है। स्वास्थ्य महकमे और जनप्रतिनिधियों की बेरुखी का आलम यह है कि यहां लाखों रुपये खर्च कर अल्ट्रासाउंड मशीन तो स्थापित करवा दी गई। लेकिन आज तक उसे चलाने के लिए सीएचसी को एक रेडियोलॉजिस्ट नहीं मिल पाया। जिस कारण यह मशीन यहां धूल फांक रही है। गेवाड़ विकास समिति के अध्यक्ष गजेंद्र नेगी बताते हैं कि सीएचसी में जनरल सर्जन, बाल रोग, हड्डी रोग, नेत्र रोग व महिला रोग विशेषज्ञ समेत अनेक विशेषज्ञ चिकित्सकों और रेडियोलॉजिस्ट का पद रिक्त चल रहे हैं, लेकिन कई बार की मांग के बाद भी विभाग के अधिकारी इस अस्पताल की सुध लेने को तैयार नहीं हैं।

जिस कारण स्थानीय लोगों में सुलग रही आक्रोश की चिंगारी कभी भी बड़े आंदोलन का रूप ले सकती है। इधर सीएमओ डा. आरसी पंत का कहना है कि विशेषज्ञ चिकित्सकों और तकनीशियनों की कमी के बारे में निदेशालय को जानकारी दी है। निदेशालय से नियुक्ति होते ही प्राथमिकता से रिक्त पदों को भरा जाएगा।

सीएचसी चौखुटिया। ● अमृत विचार

पाइपलाइन क्षतिग्रस्त पेयजल संकट बढ़ा

टनकपुर : नगर के वार्ड नंबर-9 इंडियन पेट्रोल पंप के सामने कई दिनों से जल संस्थान की पानी की लाइन क्षतिग्रस्त होने से एक ओर जहां स्कूली बच्चों और लोगों को आने-जाने में दिक्कतें हो रही हैं वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में पानी सुचारु ढंग से नहीं पहुंच पा रहा है, जिससे ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा।

इस संबंध में ग्रामीणों ने जल संस्थान के अवर अभियंता को ज्ञापन देकर क्षतिग्रस्त हुई पाइप लाइन को शीघ्र ठीक किए जाने की मांग उठाई है। ज्ञापन में नायकगोठ की ग्राम प्रधान भवानी देवी, संजय पाठक, नारायण सिंह अधिकारी, पुष्कर सिंह बोहरा, रविंद्र पांडे, सुंदर सिंह, गिरधर पांडे धन सिंह, सतीश पांडे आदि लोगों के हस्ताक्षर हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज उत्तराखंड को देंगे 9 योजनाओं की सौगात, हरिद्वार में शहरी सीएचसी भी खुलेगी

पांच जनपदों में खुलेंगे ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार (आज) को उत्तराखंड में 9 चिकित्सा स्वास्थ्य सुविधाओं का वर्चुअल लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे। स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री प्रदेश के पांच जनपदों में ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट और हरिद्वार में शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन करेंगे।

इसके अलावा जिला अस्पताल रुद्रपुर में क्रिटिकल केयर ब्लॉक और उप जिला अस्पताल श्रीनगर में ट्रांजिट हॉस्टल के निर्माण का शिलान्यास करेंगे। सभी आठ सेवाओं पर 36.26 करोड़ की लागत आई है। स्वास्थ्य सचिव ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी देश को आयुष्मान भारत, विकसित भारत की सौगात देने जा रहे हैं। जिसके अंतर्गत प्रदेश के सभी जनपदों में 25 फरवरी को कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन देहरादून में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत की अध्यक्षता में होगा। जिसमें जनप्रतिनिधियों, स्वास्थ्य अधिकारियों/कर्मचारियों, आम जनमानस को आमंत्रित कर लाइव प्रसारण किया जाएगा।

▸▸ श्रीनगर में ट्रांजिट हॉस्टल और रुद्रपुर अस्पताल में क्रिटिकल केयर ब्लॉक का होगा शिलान्यास

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री राजकोट से वर्चुअल माध्यम से आठ परियोजनाओं प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन (पीएम-अभिम) के तहत जनपद उत्तरकाशी के पुरोला, नैनीताल के भवाली, रुद्रप्रयाग के जखोली, बागेश्वर के कपकोट, चंपावत के बाराकोट में ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट (बीपीएचयू) एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत जनपद हरिद्वार में शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण करेंगे।

यह परियोजनाएं 13.93 करोड़ की लागत से निर्मित की गई हैं। डॉ. आर. राजेश कुमार के अनुसार प्रधानमंत्री पीएम-अभिम के अंतर्गत जनपद उधमसिंह नगर के जिला अस्पताल रुद्रपुर में क्रिटिकल केयर ब्लॉक एवं एनएचएम के अंतर्गत जनपद पौड़ी स्थित उप जिला अस्पताल श्रीनगर में चिकित्साधिकारियों हेतु ट्रांजिट हॉस्टल के निर्माण का शिलान्यास करेंगे। यह 22.33 करोड़ की लागत से निर्मित होंगी। बताया कि भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण नई दिल्ली ने आम जनमानस को सुरक्षित, पौष्टिक एवं गुणवत्ता युक्त खाद्य पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए उत्तराखंड को 2 सचल खाद्य परीक्षण विश्लेषणशालायें (फूड सेफ्टी ऑन व्हील), जिनकी कुल लागत रूपये 87.40 लाख है उपलब्ध कराई है। जिससे विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थों का मौके पर ही परीक्षण किया जायेगा तथा विश्लेषणशाला में स्थापित डिस्पले स्क्रीन एवं पब्लिक एड्रेस सिस्टम द्वारा खाद्य सुरक्षा से संबधित जानकारी प्रदान की जायेगी।

ईडी का नोटिस जांच प्रक्रिया का हिस्सा

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार : भाजपा ने विपक्षी पार्टियों में चल रही कश्मकश पर स्पष्ट किया कि जो भी विपक्षी विधायक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास के विजन से प्रभावित होकर विकास नीति को बढ़ाना चाहते हैं भाजपा उनका स्वागत करती है और पार्टी उन्हें कमल के निशान पर सदन में पुनः भेजेगी।

प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा की जीत निश्चित है, इसलिए समझदार कांग्रेस नेता मैदान में उतरने से बच रहे हैं। साथ ही हरक प्रकरण में ईडी के नोटिस को सामान्य प्रक्रिया बताते हुए जांच में सहयोग की सलाह दी। यमुना कालोनी स्थित आवास पर पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में देश और प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने हरक सिंह रावत और उनकी बहू को ईडी ने नोटिस पर पूछे सवाल पर स्पष्ट किया कि यह ईडी की कार्यप्रणाली का एक तरीका है, जिसमें इस तरह से नोटिस दिया जाता है। ऐसा नहीं है कि यह भाजपा के शासनकाल में हो रहा है सभी सरकारों में इसी तरह से ईडी काम करती है। बेहतर हो कि कांग्रेस पार्टी नेताओं को ईडी की कार्रवाई में सहयोग देना चाहिए।

प्रखर राष्ट्रवादी संत थे जगद्गुरू स्वामी प्रकाशानंद

हरिद्वार। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री और जनपद के प्रभारी मंत्री सतपाल महाराज ने ब्रह्मलीन जगद्गुरू, महामंडलेश्वर स्वामी प्रकाशानंद महाराज की षोडस पुण्यतिथि पर आयोजित भागवत सप्ताह में शिरकत की।

उसके बाद बीएचईएल (रानीपुर) में आयोजित संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के जन्मोत्सव समारोह में पहुंचकर गुरु रविदास मंदिर में पूजा-अर्चना भी की। जनपद के प्रभारी मंत्री और प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने शनिवार को कनखल स्थित जगतगुरु आश्रम पहुंचकर जगद्गुरू स्वामी प्रकाशानन्द महाराज की षोडस पुण्यतिथि पर आयोजित भागवत सप्ताह एवं भण्डारे में भी प्रतिभाग किया।

एक नजर

मुख्यमंत्री ने जगदगुरू से लिया आशीर्वाद

हरिद्वार। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को कनखल स्थित जगद्गुरु शंकराचार्य आश्रम में जगदगुरू शंकराचार्य स्वामी राजराजेश्वराश्रम महाराज से भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। जगद्गुरु शंकराचार्य आश्रम में, शंकराचार्य स्वामी राजराजेश्वराश्रम महाराज के साथ मुख्यमंत्री हवन यज्ञ में भी शामिल हुए। जगद्गुरु शंकराचार्य आश्रम कनखल में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के अवसर पर शनिवार को स्वामी प्रकाशानंद के षोडश निर्वाण महोत्सव के अवसर पर यज्ञ व भंडारे का आयोजन किया गया।

महिलाएं ले रहीं हैं मोमबत्ती बनाने का प्रशिक्षण

टनकपुर। नेपाल सीमा से लगे जनपद चम्पावत के दूरस्थ तामली क्षेत्र की महिलाएं प्रशिक्षण में मोमबत्ती बनाने के तौर तरीके सीख रही हैं। 30 महिलाएं मोमबत्ती बनाने का प्रशिक्षण ले रही हैं। एसबीआई आरसेटी (ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान) की ओर से दिए जा रहे दस दिनी प्रशिक्षण के जरिए एनआरएलएम स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को हुनर मंद बनाया जा रहा है। शनिवार को प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ आरसेटी के निदेशक प्रांशु मैठाणी और तामली की ग्राम प्रधान सरिता देवी ने किया।

मानवतावादी मूल्यों के पुरोधा थे संत रविदास

गुरु रविदास मन्दिर पहुंचकर पूजा अर्चना के बाद बोले मुख्यमंत्री, इंटरलॉकिंग टाइल्स निर्माण कार्य का लोकार्पण किया

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार : आज का दिन ऊंच, नीच, छुआछूत, भेदभाव को मिटाकर सबको साथ लेकर चलने के लिए संकल्प लेने का दिन है। सामाजिक बुराइयों और कुरीतियों को दूरकर आपसी भाईचारे को ही सच्चा धर्म माना जाना चाहिए। यह बात शनिवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सन्त शिरोमणी गुरु रविदास मन्दिर पहुंचकर पूजा अर्चना के बाद कही।

मुख्यमंत्री ने सन्त की जयंती पर और देश व प्रदेश की खुशहाली की कामना की। उसके बाद मुख्यमंत्री ने 10.77 लाख रुपये से निर्मित इंटरलॉकिंग टाइल्स निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। गुरु रविदास मंदिर दीर्घा का भी शुभारंभ किया। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले 6 प्रतिभागियों को सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि संत रविदास जी सामाजिक समरसता और मानवतावादी मूल्यों के पुरोधा थे, जिन्होंने समाज में फैली बुराइयों तथा कुरीतियों को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारत का इतिहास रहा है, जब भी देश को जरूरत हुई है, कोई न कोई संत या ऋषि भारत में जन्म लेते रहे हैं।

सन्त शिरोमणि रविदास को नमन करते मुख्यमंत्री धामी। ● अमृत विचार

संत रविदास जी उस भक्ति आंदोलन के महान संत थे, जिन्होंने कमजोरों को नई ऊर्जा दी। संत रविदास जी ने समाज को आजादी का महत्व भी बताया और सामाजिक विभाजन को भी पाटने का काम किया। संत रविदास ने एक ऐसे समाज की कल्पना की थी जहां किसी भी प्रकार का लोभ, लालच, दुख, दरिद्रता, भेदभाव नहीं हो, उनके बताये रास्तों पर चलते हुए हम सुखी जीवन के सूत्र सीख सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महान संत गुरु रविदास जी के संदेशों को अपनाकर ही आज का भारत और उत्तराखंड विकास पथ पर तेजी से अग्रसर है।

गुरु रविदास के स्मरण से मिलती है प्रेरणा

सांसद डॉ.रमेश पोखरियाल "निशंक" ने कहा कि संत शिरोमणी गुरु रविदास जी का स्मरण करने से भी मानव कल्याण की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि संत रविदास साहित्यकार, संत परम्परा के शिरोमणि थे। इस अवसर पर विधायक आदेश चौहान, पूर्व विधायक देशराज कर्णवाल, मन्दिर कमेटी से जयपाल ने भी विचार रखे। इस दौरान विधायक मदन कौशिक, आदेश चौहान, पूर्व विधायक स्वामी यतीश्वरानंद, देशराज कर्णवाल, अध्यक्ष अनुसूचित जाति मुकेश कुमार, डीएम धीराज सिंह गर्ब्याल, एसएसपी प्रमेंद्र डोभाल, सीडीओ प्रतीक जैन, एडीएम पीएल शाह, एसडीएम मनीष सिंह, सहित सुखलाल, नंदपाल, आदेश पालीवाल, मलखान सिंह, डॉ.स्वराज विद्वान, अनिल कुमार, विनय दावडे, मोक्कम सिंह, पवन कुमार, कमल सिंह, भगवान दास के अलावा बड़ी संख्या में श्रद्धालु आदि उपस्थित थे।

रविदास का कृतित्व व व्यक्तित्व सभी के लिए आदर्श

चम्पावत। राजकीय महाविद्यालय अमोड़ी में संत रविदास जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य प्रो. अजिता दीक्षित की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में संयोजक संजय कुमार गंगवार ने संत रविदास द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतों का वर्णन कर उनके बताए रास्ते पर चलने का आह्वान किया। कहा कि रविदास ने सामाजिक एकता को मजबूत कर छुआछूत की भावना का हमेशा विरोध किया। प्राध्यापक अतुल कुमार मिश्र ने रविदास की महानता एवं विद्वता से संबंधित कहानियां विद्यार्थियों को सुनाईं। कहा कि उनका पूरा जीवन हमें सदम्मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। प्राचार्य प्रो. दीक्षित ने सभी को संत रविदास जयंती की शुभकामनाएं दीं। कहा कि रविदास का कृतित्व एवं व्यक्तित्व हम सभी के लिए प्रेरणाश्रोत है। बाद में स्वीप के नोडल अधिकारी संजय कुमार गंगवार ने सभी युवा मतदाताओं को लोकतंत्र में मतदान का महत्व समझाया और अधिक से अधिक संख्या में मतदान के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं कार्यालय स्टाफ के साथ कर्मचारी भी मौजूद रहे।

पर्यटन गतिविधि से जोड़ा जाए राजकीय गार्डनों को

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार : प्रदेश के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने शनिवार को कैंप कार्यालय में कृषि एवं उद्यान विभाग की विभागीय समीक्षा बैठक की। विभागीय मंत्री गणेश जोशी ने अधिकारियों को केंद्र पोषित एवं राज्य पोषित योजनाओं की प्रगति की विस्तार से जानकारी ली तथा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन की भी जानकारी ली। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने अधिकारीयों केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

मंत्री ने बैठक के दौरान अधिकारियों को प्रदेश के उद्यान विभाग के अंतर्गत राजकीय उद्यानों को हार्टी टूरिज्म के रूप में विकसित किए जाने के संबंध में भी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा जो राजकीय गार्डन की स्थिति ठीक नहीं है, उनको पर्यटन गतिविधि से जोड़कर एक बेस्ट डेस्टिनेशन के रूप में उभारकर हार्टी टूरिज्म के रूप में विकसित किया जाए, जिसके दृष्टिगत मंत्री ने अधिकारियों को ठोस रणनीति बनाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

बैठक में अधिकारियों द्वारा अवगत किया गया कि कृषि में स्वीकृत बजट 201 करोड़ के सापेक्ष 154 करोड़ रुपये खर्च हो चुका है। उद्यान विभाग का स्वीकृत बजट रुपये 369.75 करोड़ इसके सापेक्ष जनवरी माह तक 274.04 करोड़ खर्च किया जा चुका है। कृषि मंत्री ने अधिकारियों को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ किसानों को मिले, इसके लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

इस अवसर पर सचिव कृषि विनोद सुमन, कृषि महानिदेशक रणवीर सिंह चौहान, अपर सचिव आनंद स्वरूप, कृषि निदेशक कैसी पाठक सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

सार-संक्षेप

मांगों के समर्थन में आशाओं ने किया प्रदर्शन

टनकपुर उप जिला चिकित्सालय परिसर में प्रदर्शन करते आशा वर्कर। ● अमृत विचार

टनकपुर। तमाम मांगों के समर्थन में आशा कार्यकर्ताओं ने शनिवार को भी उपजिला चिकित्सालय परिसर में प्रदर्शन कर धरना दिया। बाद में उन्होंने सीएम कैम्प कार्यालय में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। आशाओं का कहना था कि जब तक उनकी मांगे पूर्ण नहीं होती है तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि पूर्व में आशा कार्यकर्ताओं का एक दल खटीमा में मुख्यमंत्री से मिला था। जहां सीएम ने मानदेय बढ़ाने का आश्वासन दिया था, लेकिन अभी तक मानदेय में बढ़ोत्तरी नहीं हुई है। धरना प्रदर्शन करने वालों में बबली महर, उर्मिला सिंह, निर्मला शर्मा, सीता देवी, मीना चन्द, शकुंतला भंडारी, जानकी देवी, आशा जोशी, पूजा चौड़ाकोटी, कविता बसेड़ा, इन्दु सिंह, भुवनेश्वरी भट्ट, शमशाद आदि मौजूद रहीं।

पहली बार फुल यात्रियों को लेकर उड़ा हेलीकॉप्टर

चम्पावत। चम्पावत से शुरू हवाई सफर के लिए शनिवार का दिन बेहतर रहा। तीन दिन में पहली बार शत-प्रतिशत यात्री चम्पावत से हल्द्वानी के लिए उड़े। हल्द्वानी की दूसरी उड़ान में तीन यात्री रवाना हुए। हल्द्वानी से आने वालों में मुसाफिरों की संख्या कम रही। दोनों उड़ान में महज दो यात्री चम्पावत पहुंचे। नेपाल सीमा से लगे चम्पावत जिले के साथ ही पिथौरागढ़ और मुनस्यारी में 22 फरवरी से हवाई सफर की सौगात मिली है लेकिन चम्पावत में इसकी शुरुआत अच्छी नहीं रही थी। शुरुआती दो दिन में महज एक यात्री आया और एक गया। लेकिन शनिवार को तीसरे दिन हालात बदले हुए थे और यात्रियों की संख्या में भी बढ़ोत्तरी हुई। हेरिटेज एविएशन के चम्पावत के प्रभारी सूबेदार मेजर शेर सिंह यादव ने बताया कि शनिवार को पूर्वान्ह 11.45 बजे वाली उड़ान में चम्पावत से सात यात्री हल्द्वानी गए, जबकि शाम 4.30 बजे वाली उड़ान में तीन यात्री रवाना हुए। हेलीकॉप्टर में एक बार सात यात्री सफर कर सकते हैं, 2625 रुपये किराये में महज 30 मिनट में चम्पावत से हल्द्वानी का सफर कर सकते हैं। यह हवाई सेवा न केवल समय बचाएगी, बल्कि आपदा से बचाव और हेल्थ इमरजेंसी में भी बेहद मददगार है।

हल्द्वानी से चम्पावत पहुंचे हेलीकॉप्टर के यात्री। ● अमृत विचार

थारू जनजाति परिवारों के जाति प्रमाण पत्र बनाने की मांग

बनबसा। ग्राम प्रधान बमनपुरी भावना नेगी ने राज्य अनुसूचित जनजाति अध्यक्ष को ज्ञापन भेजकर ग्राम सभा में निवास करने वाले थारू जनजाति परिवारों के जाति प्रमाण पत्र बनाने की मांग की। ग्राम प्रधान भावना नेगी ने अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष को भेजे ज्ञापन में कहा कि उनकी ग्राम सभा में अधिकांश परिवार थारू जनजाति के निवास करते हैं। उनके परिवार लगभग 50 वर्षों से ग्राम सभा से लगे जंगल के किनारे निवास कर रहे हैं। रजिस्टर्ड भूमि एवं 35 वर्ष पुराना साक्ष्य ना होने के कारण उनके परिवारों के जाति एवं अन्य प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहे है। जिस कारण उनके बच्चों को छात्रवृत्ति और उनके परिवारों के सदस्यों को सरकार द्वारा चलाई जा रहीं जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा। ग्राम प्रधान ने कहा कि सरकार द्वारा वन भूमि क्षेत्र में बसे जनजाति परिवारों को मालिकाना हद देने संबंधी आदेश पारित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि जनजाति परिवारों की 68 फाइलें 2 वर्ष पूर्व से उप जिलाधिकारी टनकपुर में जमा की गई है लेकिन जाति प्रमाण पत्र संलग्न ना होने के कारण फाइलें निरस्त कर दी गई हैं। जिस कारण जनजाति परिवार काफी परेशान हैं। ग्राम प्रधान ने अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष से ग्राम सभा में पिछले 50 वर्षों से अधिक समय से निवास करने वाले थारू जनजाति परिवारों के जाति एवं अन्य प्रमाण पत्र बनाने के लिए संबंधित विभाग को आदेश करने की मांग की है।

उत्तर प्रदेश

किशोरी का शव ले गई उत्तराखंड पुलिस

रामपुर। उत्तराखंड पुलिस किशोरी के शव को अपने साथ ले गई। उत्तराखंड में उसकी संदिग्ध हालात में मौत हुई थी और घर वाले उसका अजीमनगर थाना क्षेत्र में दफन कर रहे थे।

अजीमनगर थाना क्षेत्र के गांव बजावाला निवासी शफी अहमद उत्तराखंड के रुद्रपुर में रहकर मजदूरी करता है। शुक्रवार देर रात शफी अहमद की पुत्री शबाना (18) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। परिजन रुद्रपुर से उसका शव लेकर अजीमनगर के बजावाला गांव आ गए और यहां दफन करने की तैयारी करने लगे। इस दौरान किसी ने रुद्रपुर पुलिस को सूचना दी कि किशोरी की हत्या की गई है। उत्तराखंड पुलिस ने रामपुर पुलिस से संपर्क किया और बजावाला गांव पहुंच गई।

बेटे की गिरफ्तारी का डर दिखा फर्जी इंस्पेक्टर ने की ठगी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : साइबर ठग ने खुद को इंस्पेक्टर बताकर एक पिता को व्हाट्सएप काल कर बेटे की गिरफ्तारी का डर दिखाकर ठगी कर ली। उसने बेटे को छोड़ने के बहाने 15 हजार रुपये अपने खाते में ऑनलाइन जमा करा लिए। जब पिता ने घर पर बेटे को देखा तो ठगी का पता चला। इसके बाद एसपी सिटी से शिकायत की। एसपी सिटी के आदेश पर सुभाषनगर थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

▸▸ ठग ने कहा कि लड़की के साथ गलत काम में पकड़ा गया है बेटा

▸▸ एसपी सिटी के आदेश पर पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

सुभाषनगर के गंगानगर कॉलोनी निवासी अरुण कुमार ने बताया कि वह प्राइवेट नौकरी करते हैं। उनका बेटा नौवीं कक्षा में पढ़ता है। 19 फरवरी को उनके व्हाट्सएप नंबर पर एक व्यक्ति ने कॉल करके खुद को इंस्पेक्टर बताया। उसने कहा तीन लड़कों के साथ तुम्हारा बेटा पकड़ा गया है। तीनों लड़कों ने किसी लड़की के साथ गलत काम किया है और लड़की के परिजनों ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसने कहा कि तुम्हारा बेटा निर्दोष लग रहा है। अभी उसकी पिटाई की है, इसलिए बात नहीं करा सकता हूं। बेटे को बचाना चाहते हो तो 50 हजार रुपये दो। डर के चलते अरुण ने रुपये 10 हजार रुपये की व्यवस्था की और आरोपी द्वारा भेजे गए रेखा देवी के क्यूआर कोड पर रुपये भेज दिए।

इसके बाद आरोपी ने प्रदीप शर्मा के खाता संख्या पर पांच हजार रुपये का यूपीआई कराया। इसके बाद आरोपी ने किसी बच्चे से बात कराई। बच्चा रोते हुए कह रहा था कि पापा मुझे बचा लो। इसके बाद आरोपी ने बताया कि 20 हजार रुपये मुंशी को देने होंगे, वही नाम काटेगा।

नौकरी के बहाने विदेश बुलाकर तीन लाख ठगे

संवाददाता, बरेली/सीबीगंज

अमृत विचार : सीबीगंज क्षेत्र के एक युवक को चार लोगों ने नौकरी लगवाने के बहाने सउदी अरब बुलाया और तीन लाख रुपये ठग लिए। तीन महीने तक नौकरी न लगने पर युवक ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

गांव खना गौटिया निवासी गुलफान खान ने बताया कि दोस्त के माध्यम से उसकी मुलाकात जुल्फिकार और तहसीम खान से हुई। जुल्फिकार सऊदी अरब में नौकरी करता है। उसने कहा कि वह सऊदी में उसकी नौकरी लगवा देगा। इसके बदले उसे तीन लाख रुपये खर्च करने होंगे। उसने पहले 50 हजार रुपये दो बार में लेकर उसका पासपोर्ट और वीजा बनवाया। वीजा और पासपोर्ट देने के लिए शब्बू और गुड्डू ने भी रुपये लिए। आरोप है कि जुल्फिकार ने फोन कर कहा कि सऊदी आ जाओ नौकरी का इंतजाम हो गया है। वह 28 सितंबर 2023 को सऊदी अरब गया और दूसरे दिन जुल्फिकार के पास पहुंच गया। उसने एक से दो दिन में नौकरी लगवाने की बात कही। तीन माह बीतने के बाद भी आरोपी टाल मटोल करता रहा। उसके बाद जुल्फिकार ने कहा कि घर से कुछ और रुपये मंगा लो, जिससे घर जा सको। विरोध पर जुल्फिकार ने जान से मारने की धमकी दी।

सड़क हादसे में फतेहगंज के सत्संग प्रमुख की मौत

रामपुर। मिलक क्षेत्र में सड़क हादसे में मीरगंज निवासी सत्संग प्रमुख की मौत ही गई। मौत से संत्संगियों में शोक व्याप्त है। सूचना के बाद सीएचसी में सत्संगियों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। जिला बरेली में मीरगंज थाना क्षेत्र के गांव मुगलपुर निवासी अंगनलाल शर्मा (60) शनिवार दोपहर 12 बजे बाइक से रामपुर जा रहे थे। गांव क्योरार बाईपास पर किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे अंगनलाल की मौके पर ही मौत हो गई। सड़क पर पड़े शव को देख राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। घटना स्थल पर पड़े मोबाइल से किसी ने आए हुए नंबर पर फोन कर घटना की जानकारी दी। हालांकि हादसे के बाद अज्ञात वाहन चालक मौका पाकर फरार हो गया था। सत्संग प्रमुख की मौत की सूचना के बाद कुछ स्थानीय सत्संगी घटना स्थल पर पहुंचे। शव सरकारी अस्पताल लाया गया। इस बीच अस्पताल में लोगों की भीड़ जमा हो गई।

दोस्तों ने घर बुलाकर छत से फेंका, गंभीर

बरेली। कोतवाली क्षेत्र में ख्वाजा कुतुब बिहारीपुर निवासी युवक को दोस्तों ने कहासुनी होने पर घर की छत से नीचे फेंक दिया। परिजनों ने हालात गंभीर होने पर युवक को भोजीपुरा स्थित मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने तीन दोस्तों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ख्वाजा कुतुब निवासी श्रीनिवास देवल ने बताया कि उनके भाई जगमोहन के ख्वाजा कुतुब निवासी मुकेश, सुदेश और रंजीत दोस्त हैं। 20 फरवरी की शाम तीनों ने जगमोहन को अपने घर बुलाया। वहां किसी बात को लेकर तीनों से जगमोहन की कहासुनी हो गई तो आरोपियों ने जगमोहन को छत से फेंक दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। चोट लगने के काफी देर बाद आरोपियों ने सूचना दी। पुलिस ने मुकेश, सुदेश और रंजीत के खिलाफ जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

नेपाल के विदेश मंत्री परिवार के साथ पहुंचे अयोध्या

अयोध्या। जनकपुर से अयोध्या और पशुपतिनाथ से काशी के बीच धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है। यह बात शनिवार को अयोध्या पहुंचे नेपाल के विदेश मंत्री नारायण प्रसाद सऊद कही। नेपाल विदेश मंत्री नारायण प्रसाद सऊद परिवार के साथ दिल्ली से महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पहुंचे। जहां उनका प्रशासनिक अधिकारियों ने स्वागत किया। दो दिवसीय प्रवास के दौरान वह रविवार को हनुमान गढ़ी और रामलला का दर्शन पूजन करेंगे। इसके बाद सड़क मार्ग से वापस नेपाल की रवाना होंगे। विदेश मंत्री नारायण प्रसाद सऊद ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर बहुत ही महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल है। भारत और नेपाल के बीच बहुत ही गहरा सांस्कृतिक संबंध रहा है। दोनों सरकार के बीच में ही नहीं जनता के बीच में भी उतना ही गहरा संबंध रहा है। कहा भगवान राम की शादी माता जानकी से जनकपुर के राम जानकी मंदिर में हुई थी।

आईफोन निकाल पैकेट में रखे साबुन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : बारादरी क्षेत्र में डिलीवरी ब्वॉय ने पैकेट से आईफोन निकालकर साबुन पैक कर दिए। उसके बाद वह कंपनी से दो मोबाइल लेकर फरार हो गया। कंपनी के हब इंचार्ज ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

▸▸ कंपनी से दो मोबाइल लेकर फरार हो गया डिलीवरी ब्वॉय

▸▸ आरोपी के खिलाफ हब इंचार्ज ने दर्ज कराई रिपोर्ट

उत्तराखंड निवासी खड़क सिंह ने बताया कि वह स्टेडियम रोड स्थित इन्स्टाकार्ट सर्विस कंपनी के हब इंचार्ज हैं। उन्होंने बताया उनकी कंपनी कोरियर सेवाएं देती है। आरोप है कि एक मई 2023 से 15 मई 2023 के मध्य ऑडिट के दौरान पता चला कि कोरियर से आईफोन मोबाइल चोरी हो गए हैं और उनकी जगह साबुन रख दिए गए। सीसीटीवी कैमरों की जांच में पता चला कि उनके यहां तैनात डिलीवरी ब्वॉय सुनील कुमार आईफोन की डिलीवरी लेकर गया था लेकिन दूसरे दिन से काम पर नहीं लौटा। उसने डिलीवरी से पहले आईफोन के दो पैकेट में साबुन रख दिए।

जब पैकेट खोले तो इसका पता चला। उन्होंने 20 मई को ऑनलाइन आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत की थी। उसके बाद आईजी से भी शिकायत की। आईजी के आदेश पर थाना बारादरी पुलिस ने डिलीवरी ब्वॉय सुनील कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

माल पुराना मगर पैकिंग नई जैसा है गठबंधन

बरेली। यूपी में माल पुराना मगर पैकिंग नई जैसा गठबंधन है। क्षेत्रीय दल गठबंधन कर चुनाव लड़ें या अलग-अलग, इससे कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। सत्ता में रहने का नशा अभी तक कुछ लोगों का उतरा नहीं है। उनका नशा इस बार के चुनाव में युवा उतारने के लिए तैयार हैं। लोगों ने तीसरी बार केंद्र की सत्ता नरेंद्र मोदी को सौंपने का मन बना लिया है। भाजपा 370 तो एनडीए 400 प्लस सीटें लेकर आएगी और राज्य की भी 80 में से 80 सीटें जीतेंगे। यह कहना है जिले के प्रभारी मंत्री और पर्यटन एवं सांस्कृतिक मंत्री जयवीर सिंह का। मंत्री शनिवार को जिले की कानून व्यवस्था, विकास कार्यों की समीक्षा बैठक करने पहुंचे थे। सर्किट हाउस में जनप्रतिनिधियों और भाजपा नेताओं से मुलाकात के बाद वह पत्रकारों से बात कर रहे थे। जयवीर सिंह ने कहा कि भाजपा सरकारों में युवा, किसान, गरीब हर वर्ग का कल्याण हुआ है। 500 साल का सपना पूरा हुआ है। श्रीराम अपने घर में विराजमान हो गए। राज्य में सनातन संस्कृति का परचम लहरा है। इस मौके पर सांसद संतोष गंगवार, सांसद धर्मेंद्र कश्यप, मेयर डॉ. उमेश गौतम, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा, डॉ. डीसी वर्मा, डॉ. एमपी आर्य, प्रो. श्याम बिहारी, एमएलसी कुंवर महाराज सिंह, जिला प्रभारी चौधरी देवेंद्र सिंह, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, जिलाध्यक्ष बरेली पवन शर्मा, जिलाध्यक्ष आंवला आदेश प्रताप सिंह, ब्लॉक प्रमुख योगेश पटेल, विमल भारद्वाज, वीरपाल गंगवार आदि नेता भी मौजूद थे।

कोचिंग संचालक की फर्जी आईडी बना ठगी की कोशिश

बरेली। कोतवाली क्षेत्र के रामपुर गार्डन स्थित श्रेष्ठ आईएएस क्लासेज के नाम से ठगों ने फेसबुक, इंस्टाग्राम समेत अन्य सोशल साइट पर फर्जी आईडी से मेसेज भेजकर ठगी की कोशिश की। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। रामपुर गार्डन निवासी डॉ. केबी त्रिपाठी ने बताया कि वह श्रेष्ठ आईएएस कोचिंग चलाते हैं। वह कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता हैं और पूर्व महापौर प्रत्याशी भी रह चुके हैं। आरोप है कि ठग श्रेष्ठ आईएएस क्लासेज के नाम से सोशल मीडिया पर फर्जी आईडी बनाकर कुछ लोगों को लगातार मेसेज भेज कर पैसों की मांग कर रहा है। इसके अलावा कुछ लोगों को पुराना फर्नीचर समेत अन्य सामान बेचने के नाम पर भी ठगी की कोशिश की गई।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 985 फ्लैग 1095 डीएमओ 865 बोल्ड 1130, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन : तुलसी 1835, राज श्री 1335, फ़ॉर्चून कि. 1710, रविन्द्रा 1750, फॉर्चुन ली0 1555, जय जवान 1405, सचिन 1455, सूरज 1430, अवसर 1560, राग गोल्ड 1535, गृहणी 1445, क्लासिक (किलो) 1655, मोर 1550, चक्र टिन 1650, ब्लू 1555, आशीर्वाद मस्टर्ड 1660, स्वास्तिक 1805। किराना-(प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 14700, जीरा 41000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-10000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 15000-20000, सोंठ 41500, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950। चावल-(प्रति कु0)डबल चाबी सेला 10300, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4650, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती (1 किलो,5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 8000, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350। दाल दलहन- मूंग दाल इंदौर 10800, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 6850-7700, मलका छांटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 10000-10800, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-11900, दाल चना 7250, लाल हिंदुस्तान 7450।

प्रधानमंत्री मोदी ने लॉन्च की दुनिया की सबसे बड़ी खाद्यान्न भंडारण योजना

नई दिल्ली, एजेंसी

● योजना के तहत 1.25 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को 11 राज्यों में प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) में अनाज भंडारण के लिए 11 गोदामों का उद्घाटन किया। ये गोदाम सहकारी क्षेत्र में सरकार की दुनिया की सबसे बड़ी अनाज भंडारण योजना का हिस्सा हैं। इस योजना में 1.25 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश शामिल है।

मोदी ने गोदामों और अन्य कृषि बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए देश भर में अतिरिक्त 500 पैक्स की आधारशिला भी रखी। इन पहलों का मकसद नाबार्ड और राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) की मदद से पैक्स गोदामों को खाद्यान्न

आपूर्ति श्रृंखला के साथ निर्बाध रूप से जोड़ना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सहकारी क्षेत्र एक लचीली अर्थव्यवस्था को आकार देने और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को गति देने में सहायक है। उन्होंने कहा, 'आज हमने किसानों के लिए दुनिया की सबसे बड़ी भंडारण योजना शुरू की है। इसके तहत देश भर में हजारों वेयरहाउस और गोदाम बनाए जाएंगे।' उन्होंने कहा कि इसके तहत 700 लाख टन भंडारण क्षमता बनाई जाएगी।

मोदी ने सहकारी क्षेत्र से आग्रह किया कि वे खाद्य तेलों व उर्वरकों सहित कृषि उत्पादों के लिए आयात निर्भरता कम करने में मदद करें। उन्होंने अफसोस जताया कि देश में भंडारण बुनियादी ढांचे की कमी के कारण किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा, 'पिछली सरकारों ने इस समस्या पर कभी ध्यान नहीं दिया, लेकिन आज पैक्स के जरिए इस समस्या का समाधान किया जा रहा है।'

विकसित भारत के लिए विकसित कृषि जरूरी: मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए कृषि क्षेत्र का विकसित और आधुनिक होना आवश्यक है। प्रधानमंत्री ने प्रगति मैदान के भारत मंडपम में सहकारिता मंत्रालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, "कृषि प्रणालियों का आधुनिकीकरण भी विकसित भारत के निर्माण के लिए बराबरी का महत्व रखता है।" उन्होंने कहाकि कृषि और खेती-बाड़ी की नींव को मजबूत करने में सहकारिता व सहयोग की शक्ति की बहुत बड़ी भूमिका है। इसीलिए उनकी सरकार ने सहकारिता के लिए एक अलग मंत्रालय बन गया है।

अब भी सीईओ हूं, बर्खास्तगी की खबर अफवाह: रविंद्रन

नई दिल्ली। संकट से जूझ रही शिक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी बायजू के संस्थापक बायजू रवींद्रन ने कर्मचारियों को एक पत्र लिखकर कहा है कि वह सीईओ बने रहेंगे और प्रबंधन में कोई बदलाव नहीं होगा। निवेशकों द्वारा नेतृत्व परिवर्तन के लिए मतदान करने के एक दिन बाद उन्होंने पत्र में शुक्रवार की ईजीएम को तमाशा करार दिया।

कर्मचारियों के लिए यह पत्र महत्वपूर्ण है, क्योंकि बायजू के शेयरधारकों ने शुक्रवार को शिक्षा प्रौद्योगिकी स्टार्टअप में कथित 'कुप्रबंधन और विफलताओं' के चलते संस्थापक-सीईओ रवींद्रन और उनके परिवार को बोर्ड से हटाने के लिए मतदान किया था। रवींद्रन ने कंपनी संस्थापकों की अनुपस्थिति में की गई वोटिंग को अमान्य और अप्रभावी बताया है।

अडाणी समूह उबर के साथ कर सकता है कारोबारी करार

नई दिल्ली, एजेंसी

● गौतम अडाणी ने उबर के सीईओ से मुलाकात के बाद दिए संकेत

अरबपति गौतम अडाणी ने शनिवार को उबर के सीईओ दारा खोसरोशाही से मुलाकात की, जो इस समय भारत के दौरे पर हैं। इसके साथ ही उन्होंने अपने समूह और उबर के बीच भविष्य में सहयोग की संभावना के संकेत भी दिए। सोशल मीडिया मंच एक्स पर दोनों व्यापारिक नेताओं ने भारत की वृद्धि गाथा और उपमहाद्वीप के लिए उनके नजरिए पर चर्चा की।

अडाणी ने एक्स पर एक पोस्ट पर कहा, 'उबर के सीईओ दारा खोसरोशाही के साथ बेहद दिलचस्प बातचीत हुई। भारत में उबर के विस्तार के लिए उनका दृष्टिकोण वास्तव में प्रेरणादायक है, विशेष रूप से भारतीय ड्राइवरों और उनकी गरिमा बढ़ाने के लिए उनकी प्रतिबद्धता। दारा और उनकी टीम के साथ भविष्य में सहयोग के लिए उत्साहित हूं।' उबर के सीईओ ने कहा कि उन्होंने 'बेहद शानदार बातचीत'' के लिए नाश्ते पर अडाणी समूह के प्रमुख से मुलाकात की। उन्होंने भारत में ईवी रूपांतरण में तेजी लाने के लिए अपनी कंपनी की प्रतिबद्धता का भी जिक्र किया।

अडाणी ने मुलाकात की तस्वीरें भी पोस्ट कीं, लेकिन यह नहीं बताया कि मुलाकात कहां हुई। तस्वीरों से ऐसा लग रहा है कि बैठक अहमदाबाद में हुई थी। दारा ने अडाणी की पोस्ट का जवाब देते हुए लिखा, 'स्वादिष्ट नाश्ते के साथ भारत की अभूतपूर्व वृद्धि और बढ़ती उद्यमशीलता के बारे में गौतम अडाणी के साथ एक बहुत ही शानदार बातचीत हुई।'

सर्राफा

कानपुर	
चांदी 999 (प्रति किलो)	72,300
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	64,000
गिन्नी (प्रति नग)	47,650-47,850
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	64,200
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	64,050
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42,500
चांदी (999)	72,500
चांदी तैयार	72,600
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	64,000
सोना जेवरात गिन्नी	63,000
चांदी पक्की	714 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	64,050
चांदी आभूषण	72,100।

जेमिनी संकेतों का जवाब देने में हमेशा भरोसेमंद नहीं: गूगल

नई दिल्ली, एजेंसी

● प्रधानमंत्री मोदी पर चैटबॉट की प्रतिक्रिया के बाद दी सफाई

सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी गूगल ने कहा है कि उसका एआई चैटबॉट वर्तमान घटनाओं और राजनीतिक विषयों से संबंधित कुछ संकेतों का जवाब देने में हमेशा भरोसेमंद नहीं हो सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर एक सवाल के जवाब में एआई टूल 'जेमिनी' की आपत्तिजनक प्रतिक्रिया और पूर्वाग्रह को लेकर गूगल को आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है।

गूगल ने शनिवार को कहा कि उसने इस मुद्दे का समाधान करने के लिए तेजी से काम किया है। केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने चेतावनी दी थी कि प्रधानमंत्री से जुड़े एक सवाल पर गूगल के एआई टूल जेमिनी की प्रतिक्रिया आईटी नियमों के साथ ही आपराधिक संहिता के कई प्रावधानों का सीधा उल्लंघन है। एक पत्रकार के सत्यापित खाते से लिखा गया था कि मोदी पर एक सवाल के जवाब में गूगल जेमिनी की प्रतिक्रिया पक्षपात से भरी है। इस पर संज्ञान लेते हुए चंद्रशेखर ने यह बात कही। जेमिनी से जब इसी तरह का सवाल ट्रंप या जेलेंस्की के बारे में पूछा गया, तो उसने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया।

एमईएनए देशों को स्वास्थ्यकर्मी भेजने में केरल सबसे आगे: रिपोर्ट

मुंबई। भारत से पश्चिम एशिया और उत्तरी अफ्रीकी (एमईएनए) देशों को स्वास्थ्यकर्मी भेजने के मामले में केरल सबसे आगे हैं। विशेष रूप से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में ऐसा हैं, जहां पिछले साल मांग 3.3 गुना बढ़ी। नौकरी दिलाने में मदद करने वाले मंच हंटर के आंकड़ों के अनुसार केरल, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश एमईएनए देशों में नर्सों, डॉक्टरों और प्रयोगशाला तकनीशियनों सहित स्वास्थ्यकर्मियों को भेजने के लिहाज से अग्रणी हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि केरल से यूएई को स्वास्थ्यकर्मियों का प्रवासन 2023 में बढ़कर 3.3 गुना हो गया।

भारत एकमात्र अर्थव्यवस्था, जो तेजी से बढ़ रही आगे

मुंबई, एजेंसी

● 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया ने एक कार्यक्रम को किया संबोधित

सोलहवें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया ने शनिवार को कहा कि दुनिया में तूफान लाने के लिए भारत की परिस्थितियां बिल्कुल सही हैं और भारत अब एकमात्र ऐसी अर्थव्यवस्था है, जो मजबूती से आगे बढ़ रही है।

डॉ. पनगढ़िया ने यहां एक निजी टेलीविजन चैनल के आइडियाज ऑफ इंडिया समिट 3.0 में 'द इकोनॉमिक व्हिस्परर: हाउ टू फ्यूल ग्रोथ विद जॉब्स' विषय पर अपने विचार साझा करते हुये भारत और नए भारत के बारे कहा, "1980 के दशक में मैं भारत को लेकर बहुत निराशावादी हुआ करता था।

1991 में हालात बदल गए। रुझान उदारीकरण की ओर हो गया। यदि हम कोविड काल को हटा दें, तो पिछले 20 वर्षों में वास्तविक डॉलर में लगभग 8.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिसकी हम 1980 के दशक में कल्पना भी नहीं कर सकते थे।' उन्होंने कहा कि बेरोजगारी वास्तव में भारत के लिए कोई समस्या नहीं है। अल्परोजगार है, चुनौती अच्छी तनख्वाह वाली, उच्च उत्पादकता वाली नौकरियां पैदा करने की है। जनसंख्या बड़ी है और जनसंख्या युवा है। यह हमारी मदद करेगा। हमारे पास उस तरह का निर्भरता अनुपात नहीं है, जैसा चीन के पास है।

डॉ. पनगढ़िया ने कहा, "हम एक श्रम प्रचुर देश और पूंजी की कमी वाला देश हैं। हमने अपनी अधिकांश पूंजी कुछ चुनिंदा पूंजी-गहन क्षेत्रों में लगाई है। बहुत सारे कर्मचारी कृषि और एमएसएमई जैसे क्षेत्रों में काम कर रहे हैं, जिनमें बहुत कम पूंजी है।"

राष्ट्रीय

मंदिरों पर टैक्स लगाने का विधेयक विधान परिषद में गिरा

कर्नाटक में सत्तारूढ़ कांग्रेस को झटका, विपक्षी भाजपा-जद (एस) गठबंधन ने विरोध में किया मतदान

बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक में 10 लाख से अधिक वार्षिक आय वाले मंदिरों से कोष एकत्र करने संबंधी कांग्रेस सरकार का एक विधेयक विधान परिषद में विपक्षी भाजपा-जद (एस) गठबंधन के चलते गिर गया।

कर्नाटक हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती (संशोधन) विधेयक 2024 को इस सप्ताह की शुरुआत में विधानसभा से मंजूरी मिल गई थी। शुक्रवार को उच्च सदन में ध्वनिमत से विधेयक गिर गया, जहां विपक्षी दलों के पास बहुमत है।

विधेयक में 10 लाख रुपये से एक करोड़ रुपये के बीच वार्षिक आय वाले मंदिरों से पांच प्रतिशत और एक करोड़ रुपये से अधिक आय वाले मंदिरों से 10 प्रतिशत

राशि एकत्रित करने का प्रस्ताव है। विधेयक में कहा गया है कि एकत्रित धन को 'राज्य धार्मिक परिषद' द्वारा प्रशासित एक साझा कोष में डाला जाएगा, जिसका उपयोग पांच लाख से कम आय वाले 'सी' श्रेणी के मंदिरों (राज्य नियंत्रित) के अर्चकों (पुजारियों) के कल्याण के लिए किया जाएगा।

विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष कोटा श्रीनिवास पुजारी ने पुजारियों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के कदम का स्वागत किया। हालांकि मंदिरों द्वारा अर्जित राजस्व के दुरुपयोग का विरोध किया। उन्होंने सवाल किया कि सरकार उनके कल्याण के लिए बजट के तहत धन क्यों नहीं दे सकती। विपक्ष ने विधेयक में मंदिर समिति के अध्यक्ष को सरकार द्वारा मनोनीत करने के प्रस्ताव का भी विरोध किया। 'मुजराई' मंत्री रामलिंगा रेड्डी ने विपक्ष को समझाने की कोशिश करते हुए सदन को आश्वासन दिया कि सरकार मंदिर समिति के अध्यक्ष के मनोनयन में हस्तक्षेप नहीं करेगी और मंदिरों से साझा कोष में दी जाने वाली प्रस्तावित राशि को भी कम करेगी।

विपक्ष ने विधेयक पारित करने से पहले इसमें संशोधन किए जाने पर जोर दिया, जिसको देखते हुए रेड्डी ने सोमवार तक का समय मांगा और कहा कि उन्हें मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के साथ इस पर चर्चा करने की जरूरत है, क्योंकि इसमें वित्तीय निहितार्थ शामिल हैं।

हालांकि, सभापति के रूप में मौजूद उप सभापति एमके प्रणेश ने सोमवार तक का समय न देते हुए कहा कि ऐसा कोई प्रावधान नहीं है, क्योंकि सदन पहले ही विधेयक पर विचार कर चुका है। इसके बाद विधेयक पर मतदान हुआ और यह विपक्षी भाजपा-जद(एस) गठबंधन के संख्या बल की वजह से गिर गया। भाजपा ने इस विधेयक के बाद कांग्रेस पर हिंदू विरोधी होने के आरोप लगाए हैं, जबकि इन आरोपों को खारिज करते हुए कांग्रेस ने कहा है कि यह एक्ट पहली बार 2003 में ही लाया गया था। वहीं राज्य के स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव ने कहा है कि भाजपा इस बारे में भ्रांति फैला रही है।

विधान परिषद में राजग का संख्या बल ज्यादा

कर्नाटक विधान परिषद में राजग यानी भाजपा के गठबंधन के पास सत्ताधारी कांग्रेस से अधिक संख्या बल है। कांग्रेस के 30 एमएलसी हैं, जबकि भाजपा के 35 एमएलसी हैं। इसके अलावा 8 एमलसी भाजपा की गठबंधन सहयोगी जेडीएस के हैं। कर्नाटक में लाए जा रहे 'कर्नाटक हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती संशोधन विधेयक 2024' कानून के तहत सरकार सालाना एक करोड़ से अधिक आय वाले मंदिरों से आय पर दस प्रतिशत टैक्स ले सकेगी, जबकि दस लाख से एक करोड़ तक की आय वाले मंदिरों से 5 प्रतिशत टैक्स लिया जा सकेगा।

शरद पवार ने अपनी पार्टी के चुनाव चिह्न का किया अनावरण

मुंबई। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के संस्थापक शरद पवार ने अपने नेतृत्व वाले पार्टी के गुट के चुनाव चिह्न 'तुरहा (पारंपरिक तुरही) बजाते हुए आदमी' का शनिवार को अनावरण किया और इसे लोगों के कल्याण के लिए एक नया संघर्ष शुरू करने और उनके उत्थान के वास्ते काम करने वाली सरकार बनाने के लिए प्रेरणा बताया।

अजित पवार और आठ अन्य विधायकों के पिछले वर्ष जुलाई में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार में शामिल हो जाने के बाद शरद पवार नीत राकांपा विभाजित हो गई थी। बाद में निर्वाचन आयोग ने उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट को असल राकांपा घोषित किया था और उसे पार्टी का चिह्न 'घड़ी' आवंटित किया था।

भ्रष्टाचार छिपाने को आप ने कांग्रेस के सामने टेके घुटने

नई दिल्ली, एजेंसी

● भाजपा ने दोनों पार्टियों के गठजोड़ को भ्रष्टाचारियों का गठबंधन बताया

भाजपा ने कांग्रेस-आप गठजोड़ की आलोचना करते हुए शनिवार को इसे भ्रष्टाचारियों का गठबंधन करार दिया और कहा कि आप ने भ्रष्टाचार छिपाने के लिए कांग्रेस के सामने घुटने टेक दिए। यह (गठजोड़) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का किसी भी तरह से मुकाबला नहीं कर पाएगा।

केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी और भाजपा की दिल्ली इकाई के प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जिन राज्यों में यह गठजोड़ किया गया है चाहे वह गुजरात, हरियाणा, चंडीगढ़, गोवा या दिल्ली हो, भाजपा को 2019 के लोकसभा चुनावों में 50 प्रतिशत से अधिक वोट मिले थे। लेखी ने अतीत में कांग्रेस के खिलाफ आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं द्वारा लगाए गए भ्रष्टाचार के कई आरोपों का हवाला देते हुए कहा कि यह भ्रष्ट गठबंधन उन लोगों के खिलाफ सफल नहीं होगा, जो जनता की सेवा करने के लिए जाने जाते हैं। लेखी ने कहा कि केजरीवाल न केवल 2004-14 के दौरान केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व वाली संप्रग सरकार के अधिकांश मंत्रियों पर भ्रष्ट होने का आरोप लगाते थे, बल्कि उन्होंने दिवंगत राजीव गांधी से भारत रत्न सम्मान वापस लेने की भी मांग की थी।

एक नजर

तमिलनाडु में कांग्रेस की विधायक विजयधरानी भाजपा में शामिल

नई दिल्ली। तमिलनाडु में लगातार तीन बार से विधायक कांग्रेस की नेता एस. विजयधरानी शनिवार को भाजपा में शामिल हो गईं और कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का नेतृत्व देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। विजयधरानी के भाजपा में शामिल होने को पार्टी के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि वह राज्य में अपना जनाधार बनाने के लिए संघर्ष कर रही है। विजयधरानी कन्याकुमारी लोकसभा क्षेत्र की विलावनकोड सीट से विधायक हैं। भाजपा कन्याकुमारी से अतीत में लोकसभा चुनाव जीत चुकी हैं।

पहलवान से दुष्कर्म के आरोप में कोच गिरफ्तार

जींद। जिले में नाबालिग कुश्ती पहलवान के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में एक कोच को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान सुनील के तौर पर हुई है। उन्होंने बताया कि पीड़िता ने 22 फरवरी को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि खेल अकादमी में कोच सुनील के पास कुश्ती का अभ्यास करती थी। गत 7 व 8 फरवरी को कोच उसे गांव मिर्चपुर में आयोजित प्रतियोगिता में ले गया। उसने 8 फरवरी को वापसी के दौरान कोच ने गाड़ी में उससे दुष्कर्म किया।

प्रधानमंत्री 27 फरवरी को केरल की यात्रा पर आएंगे

तिरुवनंतपुरम। लोकसभा चुनाव से पहले केरल में राजनीतिक पैठ मजबूत करने की भाजपा की कोशिशों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 फरवरी को राज्य की यात्रा पर आ रहे हैं। यह इस साल राज्य की उनकी तीसरी यात्रा है। मोदी आधिकारिक कार्यक्रम के लिए मंगलवार को केरल राज्य की राजधानी तिरुवनंतपुरम पहुंचेंगे। वह भाजपा की राज्य इकाई द्वारा आयोजित 'पदयात्रा' के समापन समारोह में भाग लेंगे।

बरकती व उसकी पत्नी के खिलाफ चार्जशीट

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर पुलिस की राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने गैरकानूनी गतिविधियों और आतंकवादी वित्तपोषण के एक मामले में सरजन अहमद वागे उर्फ सरजन बरकती, उसकी पत्नी और अब पाकिस्तान में सक्रिय एक आतंकवादी के खिलाफ आरोप पत्र पेश किया। शोपियां के ज़ैनापोरा के निवासी सरजन बरकती और एक प्रमुख क्लर्क पर हिजबुल मुजाहिदीन कमांडर बुरहान वानी के निष्कासन के बाद 2016 की अशांति में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन आयोजित करने का आरोप लगाया गया था। एसआईए की कश्मीर इकाई ने बरकती, उसकी पत्नी शबरोजा बानो और हिजबुल मुजाहिदीन के एक सक्रिय आतंकी अब्दुल हामिद लोन के खिलाफ कुलगाम में विशेष यूएपीए अदालत के समक्ष शुक्रवार को आरोप पत्र पेश किया, जो पाकिस्तान में स्थित है और फरार है।

झारखंड में माओवादियों ने मुखबिरी के शक में एक शख्स की हत्या की

चाईबासा। झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में माओवादियों ने पुलिस का मुखबिर होने के संदेह में 35 वर्षीय एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक, यह घटना टोंटो थाना क्षेत्र के बंदाबेड़ा गांव में शुक्रवार देर रात घटी। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि जितेन लागुरी नामक व्यक्ति के शुक्रवार शाम को घर लौटने के बाद नक्सलियों का एक समूह उनके घर पर पहुंचा और गोली मारकर उनकी हत्या कर दी।

सिंघू और टीकरी बॉर्डर को खोला जाएगा

नई दिल्ली। किसानों के 'दिल्ली चलो' मार्च के मद्देनजर दिल्ली-हरियाणा सीमा पर सिंघू और टीकरी सीमा मार्गों को करीब दो सप्ताह तक बंद रखने के बाद प्रशासन ने शनिवार को उन्हें आंशिक रूप से खोलने की प्रक्रिया शुरू की। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सिंघू सीमा मार्ग के 'सर्विस लेन' और टीकरी सीमा मार्ग के एक लेन को खोला जा रहा है, ताकि वाहनों की आवाजाही हो सके। सिंघू और टीकरी सीमा मार्गों के खुलने से दिल्ली से हरियाणा जाने वाले वालों को बहुत राहत मिलेगी। इन दोनों सीमा मार्गों को 13 फरवरी को सील कर दिया गया था, क्योंकि पंजाब से प्रदर्शनकारी किसानों ने फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी तथा कृषि ऋण माफी समेत अपनी मांगों पर दबाव डालने के लिए अपना 'दिल्ली चलो' मार्च शुरू किया था।

एडीआर ने विश्लेषण के बाद दी जानकारी

राज्यसभा के 36% प्रत्याशियों पर आपराधिक मामले

नई दिल्ली, एजेंसी

राज्यसभा चुनाव के 36 फीसदी उम्मीदवारों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं, जबकि विश्लेषण किए गए उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 127.81 करोड़ रुपये है। चुनाव अधिकारों के लिए काम करने वाली संस्था 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' (एडीआर) ने यह जानकारी दी।

एडीआर और 'नेशनल इलेक्शन वॉच' ने 15 राज्यों की 56 सीटों के लिए मैदान में उतरे 59 उम्मीदवारों में से 58 के हलफनामों का विश्लेषण किया। राज्यसभा चुनाव 27 फरवरी को होंगे। एडीआर के विश्लेषण के अनुसार, भाजपा के 30 उम्मीदवारों में से आठ (27 प्रतिशत), कांग्रेस के नौ उम्मीदवारों में से छह (67 प्रतिशत), तृणमूल कांग्रेस के चार उम्मीदवारों में से एक (25 प्रतिशत), सपा उम्मीदवारों में से एक (33 प्रतिशत), वाईएसआर कांग्रेस के तीन उम्मीदवारों में से एक (33 प्रतिशत) और राजद के दो उम्मीदवारों में से एक (50 प्रतिशत) प्रत्याशी के खिलाफ आपराधिक केस दर्ज है। इसके अलावा इनमें से 17 प्रतिशत उम्मीदवारों पर गंभीर आपराधिक आरोप हैं।

वोटर्स को चुनावी वादों के पूरा होने के बारे में जानने का हक: सीईसी

चेन्नई। मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने शनिवार को कहा कि मतदाताओं को राजनीतिक दलों द्वारा किए गए चुनावी वादों को पूरा करने की व्यवहार्यता के बारे में जानने का अधिकार है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह मामला विचाराधीन है।

कुमार ने कहा कि राजनीतिक दलों को अपने चुनाव घोषणापत्रों में वादे करने का अधिकार है और मतदाताओं को यह जानने का अधिकार है कि क्या ये व्यावहारिक हैं और इन कार्यक्रमों को कैसे वित्त पोषित किया जा सकता है। राजीव कुमार ने कहा कि निर्वाचन आयोग ने पार्टियों को अपने चुनावी वादों को बताने के लिए एक 'प्रारूप' तैयार किया है।

असम में मुस्लिम विवाह अधिनियम खत्म

गुवाहाटी, एजेंसी

● राज्य कैबिनेट ने दी मंजूरी दी, विपक्ष ने सरकार के फैसले को बताया मुस्लिम विरोधी

असम मंत्रिमंडल ने बाल विवाह को समाप्त करने के लिए असम मुस्लिम विवाह और तलाक पंजीकरण अधिनियम, 1935 को रद करने की मंजूरी दे दी है। राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने 'एक्स' पर लिखा, 'इस अधिनियम में ऐसी स्थिति में भी विवाह पंजीकरण की अनुमति दिए जाने के प्रावधान शामिल हैं, जब वर की आयु 21 वर्ष और वधू की आयु 18 वर्ष न हो, जो कि विवाह के लिए वैध आयु होती है। यह कदम (कानून को निरस्त किया जाना) राज्य में बाल विवाह पर रोक लगाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है।'

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कानून को निरस्त किए जाने पर जिला आयुक्तों और जिला रजिस्ट्रार को इस समय 94 मुस्लिम विवाह रजिस्ट्रार के पास मौजूद 'पंजीकरण रिकॉर्ड को अपने संरक्षण' में लेने के लिए अधिकृत किया जाएगा

यह यूसीसी की ओर पहला कदम: अजमल

गुवाहाटी। एआईयूडीएफ अध्यक्ष बदरुद्दीन अजमल ने शनिवार को दावा किया कि असम मुस्लिम विवाह और तलाक पंजीकरण अधिनियम, 1935 को निरस्त करना समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लाने की दिशा में पहला कदम है, लेकिन यह राज्य में भाजपा सरकार की ताबूत में आखिरी कील साबित होगा। अजमल ने कहा, 'वे मुसलमानों को भड़काने और मतदाताओं को ध्रुवीकृत करने की कोशिश कर रहे हैं।'

मध्य प्रदेश में ट्रक से लहसुन की लूट, 11 बदमाश गिरफ्तार

बड़वानी। जिले के सेंधवा ग्रामीण थाना क्षेत्र में ट्रक से ले जा रहे लहसुन लूटने के मामले में पुलिस ने महाराष्ट्र के 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बड़वानी के पुलिस अधीक्षक पुनीत गहलोद ने लहसुन से भरे ट्रक की डकैती के मामले में अंतर्राज्यीय गैंग के 11 सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है। पुनीत ने बताया कि देर रात आगरा मुंबई हाईवे पर लहसुन से भरे वाहन को 15 हथियार बंद लोगों ने अपना ट्रक अड़ाकर रोका था। इसके बाद कांच तोड़ते हुए उसके ड्राइवर को उतार कर उसके हाथ पैर बांध दिए थे। उसे अपने वाहन में मारपीट करते हुए 2 घंटे तक घुमाते रहे। आरोपियों ने उससे 15 हजार रुपये छीन कर नेशनल हाईवे पर छोड़ दिया था।

खेल डायरी

सुमित नागल को दुबई चैंपियनशिप के मुख्य ड्रा के लिए वाइल्डकार्ड मिला

दुबई, एजेंसी। भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल को एटीपी 500 टूर्नामेंट दुबई चैंपियनशिप के मुख्य ड्रा के लिए वाइल्डकार्ड मिला है। टूर्नामेंट के क्वालीफायर शनिवार को शुरू हो गए और मुख्य ड्रा के मैच सोमवार से आरंभ होंगे। नागल का सामना पहले दौर में इटली के लोरेंजो सोनेगो से होगा, जिनकी मौजूदा विश्व रैंकिंग 49 है। इस 26 साल के भारतीय का यह साल शानदार रहा है, उन्होंने पिछले महीने आस्ट्रेलियाई ओपन के मुख्य ड्रा के लिए क्वालीफाई किया था, जिसमें वह कजाखस्तान के एलेक्जैंडर बुबलिक को हराकर दूसरे दौर में पहुंचे थे। वह 1989 के बाद ग्रैंडस्लैम में वरीय खिलाड़ी को हराने वाले पहले भारतीय बने थे। इस महीने नागल ने करियर की सर्वश्रेष्ठ 98 रैंकिंग हासिल की थी लेकिन पिछले हफ्ते एटीपी चैलेंजर टूर्नामेंट चेन्नई ओपन जीतने के बावजूद 101वें स्थान पर खिसक गये थे। दुबई चैम्पियनशिप में रूस के दानिल मेदवेदेव शीर्ष वरीय हैं।

कैमरन नोरी रियो ओपन के सेमीफाइनल में

रियो डी जनेरियो, एजेंसी। गत चैंपियन कैमरन नोरी ने ब्राजील के थियागो सेबोथ वाइल्ड को तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में पराजित करके रियो ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दूसरी वरीयता प्राप्त नोरी ने वाइल्ड को हराया। सेमी फाइनल में उनका सामना अर्जेंटीना के मरियानो नवोन से होगा जिन्होंने ब्राजील के जोआओ फोंसेका को हराया। इससे पहले अर्जेंटीना के दो खिलाड़ियों ने क्वार्टर फाइनल में जीत दर्ज की और सेमीफाइनल में वह एक दूसरे के आमने-सामने होंगे। चौथी वरीयता प्राप्त फ्रांसिस्को सेरुंडोलो ने सर्बिया के दुसान लाजोविच को हराया। सेमीफाइनल में उनके प्रतिद्वंद्वी सेबेस्टियन बेज़ होंगे, जिन्होंने ब्राजील के थियागो मोंटेइरो को पराजित किया।

कलिंस्काया दुबई ओपन के फाइनल में

दुबई, एजेंसी। क्वालीफायर अन्ना कलिंस्काया ने इगा स्वियातेक को उलटफेर का शिकार बनाकर दुबई ओपन टेनिस चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश किया। कलिंस्काया ने स्वियातेक को सीधे सेटों में पराजित किया। यह एक वर्ष में पहला अवसर है जबकि स्वियातेक को सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा। कलिंस्काया पहली क्वालीफायर हैं जिन्होंने शीर्ष 10 में शामिल तीन खिलाड़ियों को हराकर दुबई ओपन के फाइनल में प्रवेश किया। इससे पहले उन्होंने येलेना ओस्टापेंको और कोको गाफ को हराया था। कलिंस्काया फाइनल में इटली की विश्व में 26वें नंबर के खिलाड़ी जैसमीन पाओलिनी से भिड़ेगी। पाओलिनी ने सेमीफाइनल में सोराना क्रिस्टिया को हराया।

जेडन शॉ के दो गोल, अमेरिका ने गोल्ड कप में अर्जेंटीना को 4-0 से रौंदा

कार्सन (अमेरिका), एजेंसी। जेडिन शॉ के दो गोल से अमेरिका ने शुक्रवार रात कोनकाकॉफ महिला गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट में अर्जेंटीना को 4-0 से शिकस्त दी। अमेरिका ने पहले 20वें मिनट तक 3-0 से बढ़त बना ली थी। उसके लिए 19 साल की शॉ ने 10वें और 18वें मिनट में गोल दागे जबकि अनुभवी एलेक्स मोर्गन ने 19वें मिनट में हेडर के जरिए तीसरा गोल किया। टीम के लिए अंतिम गोल लिंडसे होरान ने 77वें मिनट में पेनल्टी किक पर दागा। अमेरिका अब ग्रुप चरण के अंतिम मैच में सोमवार को मेक्सिको के सामने होगा, जिसने डोमिनिक गणराज्य को 8-0 से मात दी।

स्पिन में फंसा भारत, बढ़त के करीब इंग्लैंड

चौथे टेस्ट के दूसरे दिन भारत की पहली पारी लड़खड़ाई, 219 रन पर गवांए 7 विकेट

भारत-इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला

रांची, एजेंसी

शोएब बशीर (84 रन देकर 4 विकेट) और टॉम हार्टली (47 रन देकर 2 विकेट) ने भारतीय बल्लेबाजों को अपने स्पिन में फंसाकर इंग्लैंड को चौथे टेस्ट के दूसरे दिन शनिवार को पहली पारी में बढ़त हासिल करने की तरफ अग्रसर किया। भारत ने इंग्लैंड के पहली पारी के 353 रन के जवाब में दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 7 विकेट पर 219 रन बनाए।

भारत अभी इंग्लैंड से 134 रन पीछे है। यशस्वी जायसवाल को छोड़कर अन्य बल्लेबाजों को स्पिनरों के लिए सामंजस्य बिठाने में परेशानी हुई। जायसवाल ने 117 गेंद पर 73 रन बनाए, जिसमें 8 चौके और 1 छक्का है। वह 55 रन पर पहुंचते ही 1 टेस्ट श्रृंखला में 600 या इससे अधिक रन बनाने वाले पांचवें भारतीय बल्लेबाज बने। उन्होंने दो मैच में दोहरे शतक जमाए थे। भारत का स्कोर एक समय 7 विकेट पर 177 रन था, लेकिन इसके बाद विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल (58 गेंद पर नाबाद 30) और कुलदीप यादव (72 गेंद पर नाबाद 17) ने दिन के बाकी बचे 17.4 ओवर में कोई झटका नहीं लगने दिया। दोनों ने आठवें विकेट के लिए 42 रन की साझेदारी की है। भारत ने पहले सत्र में कप्तान रोहित शर्मा (02) तथा दूसरे सत्र में शुभमन गिल (38), रजत पाटीदार (17) और रविंद्र जडेजा (12) के विकेट गंवाए। इंग्लैंड की तरफ से दूसरे सत्र में तीनों विकेट बशीर ने लिए। जायसवाल, सरफराज खान (14) और रविचंद्रन अश्विन (01) तीसरे सत्र में पवेलियन लौटे। इससे पहले इंग्लैंड की पारी का आकर्षण जो रूट का शतक रहा। वह 274 गेंद पर 10 चौकों की मदद से 122 रन बनाकर नाबाद रहे।

उन्होंने ओली रॉबिंसन (96 गेंद पर 58 रन) के साथ आठवें विकेट के लिए 102 रन की साझेदारी की। भारत के जडेजा ने 67 रन देकर 4 विकेट लिए। भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ओवर में ही रोहित का विकेट गंवा दिया। जेम्स एंडरसन की ऑफ स्टंप से बाहर जाती गेंद रोहित के बल्ले का किनारा लेकर विकेटकीपर बेन फॉक्स के दस्तानों में समा गई। जायसवाल ने गिल के साथ दूसरे विकेट के लिए 82 रन की साझेदारी की लेकिन 44 रन के अंदर 3 विकेट गंवाने से भारत फिर बैकफुट पर चला गया।

गिल शुरू में सतर्कता बरतने के बाद जब अपने अंदाज में बल्लेबाजी कर रहे थे तब बशीर की गेंद पर अंपायर ने उन्हें पगबाधा आउट दे दिया। जायसवाल जब 40 रन पर थे तब कप्तान बेन स्टोक्स ने उन्हें जीवनदान दिया। इस बल्लेबाज ने इसके बाद रॉबिंसन के खिलाफ कदमों का अच्छा इस्तेमाल किया और बशीर पर छक्का भी जमाया। पाटीदार फिर से मौके का फायदा उठाने में असफल रहे। वह बशीर की गेंद पर पगबाधा आउट होने से पहले अपनी पारी के दौरान किसी भी समय सहज नहीं दिखे। जडेजा ने हार्टली पर लगातार दो छक्के लगाए लेकिन बशीर ने अगले ओवर में उन्हें ओली पोप के हाथों कैच करा दिया।

बशीर ने जायसवाल को बड़ी पारी नहीं खेलने दी और नीची रहती गेंद पर उन्हें बोल्ड करके भारत को करारा झटका दिया। अपने पदार्पण टेस्ट मैच की दोनों पारियों में अर्धशतक जड़ने वाले सरफराज को भी रन बनाने के लिए संघर्ष करना पड़ा। हार्टली की गेंद पर रूट ने स्लिप में उनका शानदार कैच लिया। हार्टली ने अश्विन को भी ज्यादा देर तक नहीं टिकने दिया। इंग्लैंड ने सुबह अपनी पहली पारी 7 विकेट पर 302 रन से आगे बढ़ाई।

जडेजा ने पहले सत्र में बाकी बचे तीन विकेट लेकर भारत को वापसी दिलाई। रूट के शतक और रॉबिंसन के अपने करियर के पहले अर्धशतक की मदद से इंग्लैंड पहले दिन लंच तक 112 रन पर 5 विकेट गंवाने के बावजूद चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा करने में सफल रहा। इंग्लैंड ने इसके बाद 241 रन जोड़े।

यशस्वी एक टेस्ट श्रृंखला में 600 से ज्यादा रन बनाने वाले 5वें भारतीय

रांची, एजेंसी

यशस्वी जायसवाल शनिवार को इंग्लैंड के खिलाफ चौथे मैच के दूसरे दिन एक टेस्ट श्रृंखला में 600 या इससे ज्यादा रन बनाने वाले पांचवें भारतीय बन गए। पिछले साल वेस्टइंडीज दौरे पर पदार्पण करने वाले बाएं हाथ के बल्लेबाज जायसवाल ने मौजूदा 5 मैच की टेस्ट श्रृंखला में अपनी सातवीं पारी के दौरान यह उपलब्धि अंतिम सत्र में शोएब बशीर पर एक रन लेकर नाबाद 55 रन तक पहुंचने के बाद हासिल की। जायसवाल ने मौजूदा श्रृंखला के दूसरे और तीसरे टेस्ट में दो दोहरे शतक जमाये हैं। इस तरह 22 साल का यह खिलाड़ी एक टेस्ट श्रृंखला में 600 से ज्यादा रन बनाने के कारनामे में भारत के महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर, विराट कोहली, राहुल द्रविड़ और दिलीप सरदेसाई के साथ शामिल हो गया। पूर्व भारतीय कप्तान गावस्कर, कोहली और द्रविड़ ने अपने करियर में एक टेस्ट श्रृंखला में दो बार 600 से ज्यादा रन बनाए। वहीं सरदेसाई ने यह उपलब्धि 1970-71 में वेस्टइंडीज में हुई श्रृंखला में हासिल की थी। गावस्कर ने 1970-71 की इस श्रृंखला में ही 4 शतक और तीन अर्धशतकों से 774 रन जुटाकर एक टेस्ट श्रृंखला में किसी भारतीय बल्लेबाज का सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड बनाया था। गावस्कर ही एकमात्र भारतीय हैं जो एक टेस्ट श्रृंखला में दो मौकों पर 700 से ज्यादा रन जुटा सके हैं। 'लिटिल मास्टर' ने 1978-79 में वेस्टइंडीज के भारत दौरे पर चार शतक और एक अर्धशतक से छह टेस्ट में 732 रन बनाये थे। एक टेस्ट श्रृंखला में सर्वाधिक रन बनाने का विश्व रिकॉर्ड आस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज डॉन ब्रैडमैन के नाम है जिन्होंने 1930 में इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट में चार शतकों से 974 रन बनाए थे।

स्कोर बोर्ड

इंग्लैंड (पहली पारी)			353/10 (104.5 ओवर)
खिलाड़ी	रन	गेंद	4/6
जाक क्रॉली बो आकाश दीप	42	42	6/1
बेन डकेट का जुरेल बो आकाश दीप	11	21	1/0
ओली पोप पगबाधा बो आकाश दीप	00	02	0/0
जो रूट नाबाद	122	274	10/0
जॉनी बेयरस्टो पगबाधा बो अश्विन	38	35	4/1
बेन स्टोक्स पगबाधा बो जडेजा	03	06	0/0
बेन फोक्स का जडेजा बो सिराज	47	126	4/1
टॉम हार्टली बो सिराज	13	26	1/1
ओली रॉबिनसन का जुरेल बो जडेजा	58	96	9/1
शोएब बशीर का पाटीदार बो जडेजा	00	02	0/0
जेम्स एंडरसन पगबाधा बो जडेजा	00	04	0/0

अतिरिक्त: 19, **विकेट पतन:** 1-47, 2-47, 3-57, 4-109, 5-112, 6-225, 7-245, 8-347, 9-349, 10-353, **गेंदबाजी:** मोहम्मद सिराज 18-3 -78-2, आकाश दीप 19-0-83-3, रवीन्द्र जड़ेजा 32 .5-7-67-4, रविचंद्रन अश्विन 22-1-83-1, कुलदीप यादव 12-4 -22-0, यशस्वी जायसवाल 1-0 -6-0

भारत (पहली पारी)			219/7 (73 ओवर)
खिलाड़ी	रन	गेंद	4/6
यशस्वी जायसवाल बो बशीर	73	117	8/1
रोहित शर्मा का फोक्स बो एंडरसन	02	09	0/0
शुभमन गिल पगबाधा बो बशीर	38	65	6/0
रजत पाटीदार पगबाधा बो बशीर	17	42	4/0
रविंद्र जडेजा का पोप बो बशीर	12	12	0/2
सरफराज खान का रूट बो हार्टले	14	53	1/0
ध्रुव जुरेल खेल रहे हैं	30	58	2/1
रविचंद्रन अश्विन पगबाधा बो हार्टले	01	13	0/0
कुलदीप यादव खेल रहे हैं	17	72	1/0

अतिरिक्त: 15, **विकेट पतन:** 1-4, 2-86, 3-112, 4-130, 5-161, 6-171, 7-177, **गेंदबाजी:** एंडरसन 12-4-36-1, रोबिन्सन 9-0-39-0, बशीर 32-4-84-4, हार्टले 19-5-47-2, रूट 1-0-1-0

कुक ने 'बैजबॉल' शैली के विपरीत अंदाज में बल्लेबाजी करने के लिए रूट की प्रशंसा की

लंदन, एजेंसी। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एलिस्टर कुक ने 'बैजबॉल' शैली के विपरीत अंदाज में बल्लेबाजी करने के लिए जो रूट की प्रशंसा की। रूट पहले तीन मैच में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे लेकिन रांची में चल रहे चौथे टेस्ट की पहली पारी में उन्होंने नाबाद 122 रन बनाए, जिससे इंग्लैंड 5 विकेट पर 112 रन के स्कोर से उबरकर 353 रन बनाने में सफल रहा। कुक ने कहा कि जो रूट ने अपने बेसिक्स पर लौटकर बल्लेबाजी की। आप जो रूट जैसे बल्लेबाज से इसी तरह के शॉट की उम्मीद करते हैं। उनके रिवर्स स्कूप को लेकर काफी चर्चा हुई, लेकिन रूट ने यह पारी अपने विशिष्ट अंदाज में खेली। उन्होंने कहा कि यह सामान्य से थोड़ा धीमी पारी थी लेकिन वह अपनी पूरी लय में थे। जब वह लय में होते हैं तो फिर रोहित की तरह उनके लिए बल्लेबाजी करना आसान हो जाता है।

डब्ल्यूपीएल अलग शहरों में कराने से टीमों को नए दर्शक बनाने में मिलेगी मदद : मिताली

बेंगलुरु, एजेंसी

पूर्व भारतीय कप्तान और गुजरात जायंट्स की 'मेंटोर' मिताली राज ने कहा कि महिलाओं की प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) को एक से ज्यादा शहर में आयोजित करने से टीमों को नए दर्शक बनाने में मदद मिलेगी और इससे टूर्नामेंट के 'प्रोफाइल' में भी इजाफा होगा।

डब्ल्यूपीएल का पहला चरण केवल मुंबई में कराया गया था लेकिन इस बार भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) टूर्नामेंट का आयोजन दिल्ली और बेंगलुरु में कर रहा है। मिताली ने कहा कि अगर डब्ल्यूपीएल प्रत्येक शहर में आयोजित होगा तो इससे फ्रेंचाइजी को नए दर्शक बनाने का मौका मिलेगा जो स्टेडियम में आकर उन्हें खेलते हुए देखेंगे। इससे सिर्फ टूर्नामेंट और फ्रेंचाइजी का 'प्रोफाइल' ही सुधरेगा। अपनी मार्गदर्शक की भूमिका पर उन्होंने कहा कि मैं मेंटोर की भूमिका का लुत्फ उठा रही हूं, युवा खिलाड़ियों के साथ काम कर रही हूं और अपना ज्ञान साझा कर रही हूं तथा उन्हें अपनी भूमिका सर्वश्रेष्ठ तरीके से निभाने में मदद कर रही हूं। आस्ट्रेलिया की 'रन मशीन' बेथ मूनी की कप्तानी में गुजरात जायंट्स रविवार को गत चैम्पियन मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपना अभियान शुरू करने के लिए तैयार है।

कश्मीर के दिव्यांग क्रिकेटर से मिले सचिन

श्रीनगर, एजेंसी। मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर में दिव्यांग क्रिकेटर आमिर हुसैन लोन से मुलाकात की और उन्हें हस्ताक्षर किया हुआ बल्ला भेंट दिया। तेंदुलकर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर आमिर (33) के साथ अपनी बातचीत का वीडियो पोस्ट किया और कैप्शन दिया, "आमिर असली हीरो हैं, प्रेरणा देते रहो! आपसे मिल कर अच्छा लगा।" क्रिकेट के दिग्गज ने आमिर को एक हस्ताक्षरित बल्ला उपहार में दिया। दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के निवासी आमिर के दोनों हाथ न होने के बावजूद बल्लेबाजी, गेंदबाजी और फील्डिंग अन्य क्रिकेटरों की तरह ही करते हैं। दरअसल, आमिर ने आठ साल की उम्र में एक दुर्घटना में उन्होंने अपने दोनों हाथ खो दिए। आमिर ने पूर्व क्रिकेटर से कहा कि आज, मैं इतना खुश हूं। मैंने अपने जीवन में कभी आशा नहीं खोई है। सर, इसी सोच के साथ आगे बढ़ाता रहा हूं।

जीत के लिए संघर्ष

फ्रांस के ल्योन में फ्रांस और जर्मनी के बीच शनिवार को खेले जा रहे नेशंस लीग महिला सेमीफाइनल फुटबॉल मैच के दौरान जर्मनी की मरीना हेगरिंग के साथ गेंद के लिए चुनौती पेश करतीं फ्रांसे की कादि दियातोउ डायनी।

बॉलीवुड हलचल

हर्ष और प्रणव का जय जय राम रिलीज



मुंबई, एजेंसी। भगवान श्रीराम चन्द्र की जय जयकार करता हुआ भजन जय जय राम रिलीज़ हो गया है। भजन जय जय राम प्रणव वत्स ने लिखा है और संगीत कम्पोजिशन हर्ष उपाध्याय ने दिया है। इस भजन का कोरस राहुल चिटनीस, विवेक नाइक, सन्तोष बोटे, और सागर लेले ने गाया है। इस भजन में प्रयुक्त अतिरिक्त पंक्तियों को श्रुति शुक्ला ने कलमबद्ध किया है। वाइब म्यूजिक और एंटरटेनमेंट प्रेजेंट्स हर्ष उपाध्याय और जय मवानी द्वारा निर्मित इस भजन का वोकल सुकृति भारद्वाज और जय मवानी ने डिजाइन किया है। भजन जय जय राम के यूट्यूब के रिलीज टॉपिक चैनल पर सुना जा सकता है।

संजय लीला भंसाली ने मनाया 61वां जन्मदिन

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड के जाने-माने फिल्मकार संजय लीला भंसाली आज 61 वर्ष के हो गए। 24 फरवरी 1963 को मुंबई में जन्में संजय लीला भंसाली ने अपने करियर की शुरुआत विदु विनोद चोपड़ा के सहायक के तौर पर की। भंसाली ने विदु विनोद चोपड़ा की फिल्म परिन्दा, 1942 अ लव स्टोरी और करीब में सहायक निर्देशक के तौर पर काम किया। बतौर स्वतंत्र निर्देशक संजय लीला भंसाली ने अपने करियर की शुरुआत 1996 में प्रदर्शित फिल्म खामोशी से की। इस फिल्म में नाना पाटेकर, सलमान खान और मनीषा कोइराला ने मुख्य भूमिकायें निभायी थी। यूं तो फिल्म टिकट खिड़की पर कोई खास कमाल नही दिखा सकी लेकिन संजय लीला भंसाली ने अपने बेहतरीन निर्देशन के जरिये दर्शकों के साथ हीं समीक्षकों का भी दिल जीत लिया। वर्ष 1999 में प्रदर्शित फिल्म हम दिल दे चुके सनम संजय लीला भंसाली के करियर की पहली सुपरहिट साबित हुयी। इस फिल्म में भी संजय लीला भंसाली ने सलमान खान का चुनाव किया। फिल्म में सलमान खान के अलावा ऐश्वर्या राय और अजय देवगन ने मुख्य भूमिका निभायी थी।

दक्षिण भारतीय फिल्मों में डेब्यू करेंगी जाह्नवी

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर दक्षिण भारतीय फिल्मों में डेब्यू को लेकर उत्साहित है। जाह्नवी कपूर एनटीआर जूनियर की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'देवरा : भाग 1' के जरिए दक्षिण भारतीय फिल्मों में डेब्यू करने जा रही है। यह फिल्म कोराताला शिव द्वारा निर्देशित और युवासुधा आर्ट्स और एनटीआर आर्ट्स द्वारा संयुक्त रूप से निर्मित और नंदमुरी कल्याण राम द्वारा प्रस्तुत की गई है। जाह्नवी कपूर फिल्म 'देवरा : भाग 1' के जरिए दक्षिण भारतीय फिल्मों में डेब्यू को लेकर उत्साहित है। जाह्नवी कपूर ने बताया कि उन्हें बहुत खुशी है कि वह इस फिल्म का हिस्सा हैं क्योंकि इस फिल्म के जरिए वह केवल अपनी जड़ों के करीब आ रही हैं और तेलुगु सीख रही हैं।

सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में नजर आएगी वरुण धवन-जाह्नवी कपूर की जोड़ी

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन और जाह्नवी कपूर की जोड़ी फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में नजर आएगी। बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर ने अपनी अगली फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी की घोषणा कर दी है। इस फिल्म में वरुण धवन और जाह्नवी कपूर की मुख्य भूमिका होगी।इस फिल्म में वरुण धवन 'सनी संस्कारी' के किरदार में नजर आएंगे। जाह्नवी कपूर फिल्म में 'तुलसी कुमारी' का किरदार अदा करेंगी। फिल्म का टाइटल शेयर करने के साथ ही मेकर्स ने कैप्शन में लिखा, अपनी कुमारी को लेने के लिए संस्कारी आ रहा है। ये लव स्टोरी आपका मनोरंजन करने के लिए जल्द ही स्क्रीन पर आ रही है। यह फिल्म 18 अप्रैल 2025 को रिलीज होगी।

समीर ने दिए कई सुपरहिट फिल्मों में गीत

मुंबई। बॉलीवुड के गीतकार समीर आज 66 वर्ष के हो गये। शीतला पांडेय उर्फ समीर का जन्म 24 फरवरी 1958 को बनारस में हुआ। उनके पिता अंजान फिल्म जगत के मशहूर गीतकार थे। बचपन से ही समीर का रूझान अपने पिता के पेशे की ओर था। वह भी फिल्म इंडस्ट्री में गीतकार बनना चाहते थे लेकिन उनके पिता चाहते थे कि वह अलग क्षेत्र में अपना भविष्य बनायें। समीर ने बनारस हिंदु विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर की पढाई पूरी की। इसके बाद परिवार के जोर देने पर उन्होंने अपने कैरियर की शुरूआत बतौर बैंक ऑफिसर शुरू की। बैंक की नौकरी उनके स्वभाव के अनुकूल नहीं थी। कुछ दिनों के बाद उनका मन इस काम से उचट गया और उन्होंने नौकरी छोड़ दी। अस्सी के दशक में गीतकार बनने का सपना लिये समीर ने मुंबई की ओर रूख कर लिया। लगभग तीन वर्ष तक मुंबई में रहने के बाद वह गीतकार बनने के लिये संघर्ष करने लगे। आश्वासन तो सभी देते रहे लेकिन उन्हें काम करने का अवसर कोई नहीं देता था। अथक परिश्रम करने के बाद 1983 में उन्हें बतौर ..बेखबर ..फिल्म के लिये गीत लिखने का मौका मिला। इस बीच समीर को इंसाफ कौन करेगा, जवाब हम देगें, दो कैदी, रखवाला, महासंग्राम, बीबी हो तो ऐसी, बाप नंबरी बेटा दस नंबरी जैसी कई बड़े बजट की फिल्मों में काम करने का अवसर मिला लेकिन इन फिल्मों की असफलता से वह फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने में नाकामयाब रहे।

पूजा भट्ट ने मनवाया था कभी अपने अभिनय का लोहा

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री -फिल्मकार पूजा भट्ट 42 वर्ष की हो गई। 24 फरवरी 1972 को मुंबई में जन्मी पूजा भट्ट ने बतौर अभिनेत्री अपने कॅरियर की शुरूआत अपने पिता महेश भट्ट के निर्देशन में बनी फिल्म डैडी से की। इस पिल्म में पूजा भट्ट के पिता की भूमिका अनुपम खेर ने निभाई थी। अपनी पहली ही फिल्म के जरिए पूजा भट्ट ने दर्शकों के बीच अपने अभिनय का लोहा मनवा लिया। 1991 में प्रदर्शित फिल्म दिल है कि मानता नहीं पूजा भट्ट के कॅरियर की एक और सुपरहिट फिल्म साबित हुई। महेश भट्ट निर्देशित इस फिल्म में पूजा भट्ट के अपोजिट आमिर खान थे। फिल्म की कहानी हॉलीवुड फिल्म ..इट हैपेंड वन नाईट ..पर आधारित थी। फिल्म में पूजा भट्ट और आमिर खान ने अपने चुलबुले अंदाज से दर्शकों का दिल जीतकर फिल्म को सुपरहिट बना दिया। 1991 में पूजा भट्ट की एक और सुपरहिट पिल्म सड़क प्रदर्शित हुई। महेश भट्ट के निर्देशन में बनी इस फिल्म में पूजा भट्ट की जोड़ी संजय दत्त के साथ काफी पसंद की गई।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

ईडी की कार्रवाई से इतनी बेचैन क्यों तमिलनाडु सरकार: कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

● ईडी के खिलाफ तमिलनाडु सरकार की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने उठाए सवाल

मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय की जांच के खिलाफ मद्रास हाईकोर्ट में याचिका दायर करने पर तमिलनाडु सरकार से सुप्रीम कोर्ट ने सवाल किए है। गौरतलब है कि केंद्रीय जांच एजेंसी ने अवैध रेत खनन मामले की जांच के सिलसिले में वेल्लोर, तिरुचिरापल्ली, करूर, तंजावुर और अरियालुर के जिला कलेक्टरों को तलब किया था।

राज्य सरकार ने अधिकारियों के साथ मद्रास हाईकोर्ट का रुख किया था, जिसने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा जारी समन पर रोक लगा दी थी। इसको लेकर जांच एजेंसी ने आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया था। पीठ ने तमिलनाडु सरकार के वकील से पूछा कि राज्य यह रिट याचिका कैसे दायर कर सकता है। किस कानून के तहत। आप हमें बताएं कि राज्य की रुचि कैसे है और वह प्रवर्तन निदेशालय के खिलाफ यह रिट याचिका कैसे दायर कर सकता है।

पीठ ने कहा कि अधिकारियों को ईडी के साथ सहयोग करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से नोटिस जारी तक तीन दिनों के भीतर जवाब मांगा है। कोर्ट ने 26 फरवरी को सुनवाई के लिए यह याचिका सूचीबद्ध करने का आदेश दिया है।

शादी का झांसा देकर बलात्कार के आरोप में अभिनेता गिरफ्तार

दुर्ग। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में करीबी रिश्तेदार को शादी का झांसा देकर 13 साल से बलात्कार करने के आरोप में पुलिस ने क्षेत्रीय सिनेमा के अभिनेता को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया कि छत्तीसगढ़ी फिल्म के अभिनेता मनोज राजपूत को 29 वर्षीय पीड़िता की शिकायत पर गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि पीड़िता ने रेलवे पुलिस थाने में शिकायत की है। पीड़िता ने बताया कि, मनोज 2011 से उसका यौन शोषण कर रहा है। पीड़िता ने शिकायत में कहा- मनोज अब शादी से इनकार कर रहा है। पुलिस ने बताया कि आरोपी पर भारतीय दंड संहिता के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने कहा- आरोपी मनोज को शुक्रवार को गिरफ्तार कर एक स्थानीय अदालत में पेश किया गया।

रूस-यूक्रेन जंग के दो साल पूरे 4 लाख रूसी जवानों ने गंवाई जान

कीव/न्यूयॉर्क। रूस-यूक्रेन युद्ध को दो साल पूरे हो गए। फरवरी 2022 में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की ओर से यूक्रेन में सैन्य अभियान शुरू किए जाने के बाद 40 लाख से ज्यादा यूक्रेनी नागरिकों को देश छोड़ना पड़ा और ये लोग अन्य देशों में रिफ्यूजी के रूप में रह रहे हैं। वहीं, 65 लाख से ज्यादा यूक्रेनी देश में ही विस्थापित हो गए हैं। यूक्रेन के 10 हजार आम नागरिकों की मौत हुई है, जबकि 18,500 लोग घायल हुए हैं। यूक्रेन का दावा है कि रूस के 3.92 लाख सैनिक गंवा चुका है। पुतिन ने फादरलैंड डे के अवसर पर कहा कि रूस के 95% रणनीतिक परमाणु बलों का आधुनिकीकरण किया गया है। रूसी वायुसेना ने हाल ही में 4 नए सुपरसोनिक परमाणु सक्षम बमवर्षकों की डिलीवरी ली है।

यूक्रेन ने रूसी कब्जे वाले 54% क्षेत्र पर वापस कब्जा किया

यूक्रेन ने जवाबी कार्रवाई करते हुए रूस के कब्जे वाले 54% क्षेत्र पर वापस कब्जा हासिल कर लिया है, जबकि 18% हिस्से पर अभी भी रूस का कब्जा है। करीब 4.30 करोड़ की आबादी वाले यूक्रेन के 1.76 करोड़ यूक्रेनी लोगों को राहत सामग्री के भरोसे रह रहे हैं। रूस और यूक्रेन दोनों देश सैनिकों के संकट से जूझ रहे हैं। युक्रेन सरकार ने सेना में भर्ती होने की उम्र घटाने का प्रस्ताव रखा है। कई लोग इसका विरोध कर रहे हैं।

परिवार को गंवाने वाले बच्चे यूएन में रखेंगे दर्द

युद्ध की त्रासदी झेलने वाले 2 बच्चे शनिवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को संबोधित करेंगे। कीरा और इल्या मारियुपूल के हैं। कोरा का कहना है कि जब मैं स्कूल बस का इंतजार कर रही थी, तभी धमाका सुनाई दिया। एक माह तक बेसमेंट में छिपती रही। हमले में उसके पिता की मौत हो गई, लेकिन परिवार को शव ऐसे ही छोड़कर भागना पड़ा। इल्या का कहना है कि उसका घर हमले में टूट गया। उसे रूसी सैनिकों ने पकड़ लिया।

यूक्रेन के 30 हजार से ज्यादा युवा लापता

यूक्रेन में 30 हजार से ज्यादा यूक्रेनी अभी भी लापता है। उनके परिजन को उनकी रिहाई का इंतजार है। इरिना हमेशा फोन पर निगाह रखती है। करीब 19 माह पहले दोनेत्स्क में रूस से लड़ रहे उसके 25 वर्षीय बेटे व्लादिस्लाव से आखिरी बार बात हुई थी। वे कहती हैं कि बेटे की खोज के लिए उन्होंने सभी प्रयास कर लिए लेकिन अभी तक कोई खबर नहीं मिली है। मारियुपूल की एना उसेंको 2022 में युद्ध शुरू होने से पहले बिजनेस टूर के लिए घर से निकली थीं। उनके भाई हर्मन सिकोरस्की का कहना है कि मार्च 2022 के बाद एना से कोई संपर्क नहीं हो पाया है।

एक नजर

हरियाणा: पूर्व कुश्ती कोच को हत्या के जुर्म में सुनाई मौत की सजा

चंडीगढ़। रोहतक की एक अदालत ने फरवरी 2021 में चार वर्षीय लड़के समेत छह लोगों की हत्या के जुर्म में कुश्ती के पूर्व कोच को मौत की सजा सुनाई। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश गगन गीत कौर ने सुखविंदर को विभिन्न धाराओं में दोषी करार देते हुए 1.26 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। पुलिस ने कहा- सोनीपत जिले के बड़ौदा गांव के निवासी सुखविंदर ने 12 फरवरी, 2021 को मनोज मलिक, उनकी पत्नी साक्षी मलिक और बेटे सरताज, कुश्ती कोच सतीश कुमार तथा प्रदीप मलिक और पहलवान पूजा की गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने तब कहा था सुखविंदर ने गुस्से में आकर यह अपराध किया था। कोर्ट ने दोषी करार देते हुए मौत की सजा सुनाई।

मुंबई में अवैध तरीके से रह रहा अफगान नागरिक गिरफ्तार

मुंबई। क्राइम ब्रांच ने वडाला इलाके में अवैध तरीके से रह रहे 38 वर्षीय अफगान नागरिक को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान उसने स्वीकार किया कि वह अफगान का नागरिक है और 2007 से ही मुंबई में रह रहा है। अफगान नागरिक की पहचान जहीर अली खान के तौर पर की गई है। पुलिस ने उसके पास से अफगान पासपोर्ट, पैनकार्ड और टीकाकरण प्रमाणपत्र जब्त कर लिया है। गिरफ्तार करने के बाद अफगान नागरिक को अदालत के समक्ष पेश किया गया। अदालत ने 26 फरवरी तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

कोलंबिया: रोबोट ढूढ़ेगा 18वीं सदी का अरबों का डूबा खजाना

बोगोटा। कोलंबिया ने रोबोट की मदद से 316 साल पुराने सैन जोस गैलियन (नौकायन जहाज) के कैरेबियन सागर में डूबने से खोए हुए हीरा-जवाहरात के खजाने को खोजने की घोषणा की है। कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने कहा-1708 में अंग्रेजों ने डूबा दिया था, उसे वर्ष 2026 से पहले सतह पर लाया जाए। 20 बिलियन डॉलर की कीमत की लूट का माल ले जा रहा स्पेन के गैलियन अगले तीन वर्षों के भीतर कैरेबियन सागर से बरामद किया जाएगा। अरबों रुपये का पन्ना, चांदी और सोने को ले जाने वाला स्पेन का गैलियन 1708 में ब्रिटिश नौसेना के हमले के कारण डूब गया था।

इजराइल को अंतर्राष्ट्रीय कानून में छूट न दें आईसीजे : पाकिस्तान

इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) से आग्रह किया है कि वह इजराइल को पूर्वी यरुशलेम सहित अधिकृत फिलिस्तीनी क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय कानून के उल्लंघन की अनुमति न दे। पाकिस्तान के कार्यवाहक कानून एवं न्याय मंत्री अहमद इरफान असलम ने कहा, इजराइल का फिलीस्तीनी क्षेत्र पर कब्जा अवैध है। उसे इस तरह की कार्रवाइयों से लाभ उठाने की इजाजत देने से न्याय को बनाए रखने में आईसीजे की भूमिका कमजोर हो जाएगी और आईसीजे अपने न्यायिक कार्यों का निर्वहन करने में विफल हो जाएगा।

वैश्विक व्यवस्था में बदलाव से प्रेरित 'क्वाड' में कोई वीटो नहीं कर सकता : जयशंकर

उन्होंने कहा-बहुध्रुवीय व्यवस्था के विकास की सोच को दर्शाता है क्वाड का गठन

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने शनिवार को नई दिल्ली में आयोजित रायसीना डायलॉग कार्यक्रम के दौरान बताया कि आज के समय में क्वाड का गठन बहुध्रुवीय व्यवस्था के विकास और शीत युद्ध के बाद की सोच को दर्शाता है। विदेश मंत्री ने कहा कि 'क्वाड क्यों अहम है? इसका सीधा सा जवाब है कि ये पूरी दुनिया के हित में है। क्वाड का गठन वैश्विक व्यवस्था में बदलाव से प्रेरित है, जो समान विचारधारा वाले देशों के बीच ज्यादा से ज्यादा समन्वय को प्रेरित करता है।

चीन की बढ़ती आक्रामकता पर वैश्विक चिंताओं के बीच जयशंकर ने कहा- क्वाड इस बात की अभिव्यक्ति है कि समान विचारधारा वाले देशों की पसंद पर कोई अन्य वीटो का इस्तेमाल नहीं कर सकता और यह संगठन टिके रहने, विकास करने और वैश्विक समृद्धि में योगदान देने के लिए किया गया है। विदेश मंत्री ने बताया कि 'क्वाड के प्रमुख तौर पर पांच संदेश हैं। जिनमें पहला बहुध्रुवीय व्यवस्था के विकास को दर्शाता है। दूसरा यह शीत युद्ध के बाद की सोच, तीसरा किसी देश पर दबाव बनाने की प्रवृत्ति के खिलाफ, चौथा लोकतंत्रीकरण और सहयोग के दृष्टिकोण को दर्शाने वाला और पांचवां आज कोई भी हमारी पसंद पर मनमर्जी से वीटो नहीं कर सकता। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में चीन ने कई बार भारत के प्रस्ताव पर वीटो किया है। ऐसे में विदेश मंत्री के बयान को चीन से जोड़कर देखा जा रहा है। विदेश मंत्री ने कहा कि क्वाड हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र की चुनौतियों और इसके मुद्दों पर फोकस है।

भारत में महिला सशक्तिकरण से आया बदलाव: एंजेला रेनर

नई दिल्ली। ब्रिटेन की लेबर पार्टी की नेता और डिप्टी पीएम पद की दावेदार एंजेला रेनर भारत की तरक्की से काफी प्रभावित हैं। शनिवार को वे रायसीना डायलॉग सम्मेलन के सत्र में शामिल हुईं। सत्र से अलग मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि भारत ने बीते वर्षों में काफी तरक्की की है और भारत की तरक्की में महिला सशक्तिकरण की अहम भूमिका है। एंजेला रेनर ने कहा कि वह चाहती हैं कि ब्रिटेन और भारत के संबंध मजबूत होने चाहिए और दोनों देशों को व्यापार समझौते पर आगे बढ़ना चाहिए। एंजेला रेनर ने कहा कि 'मैं पहली बार भारत साल 2007 में आई थी और तब से अब तक भारत में काफी बदलाव आ गया है और भारत आज दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। ये दिखाता है कि भारत ने कमाल की प्रगति की है।' रेनर ने कहा कि भारत सरकार ने ऐसी नीतियां बनाई हैं, जिनसे महिलाओं की भूमिका को न सिर्फ समाज में बल्कि अर्थव्यवस्था में भी पहचान मिली है।

रेनर ने कहा कि अगर आपको आर्थिक रूप से मजबूत होना है तो महिलाओं को सशक्त करना होगा। लेबर पार्टी की नेता ने कहा कि ऐसे कानून बनाने की जरूरत हैं, जिससे महिलाओं को बढ़ावा मिल सके और कार्यस्थल, समाज और सत्ता के अन्य पदों पर उनकी सुरक्षा भी हो सके। एंजेला रेनर ने कहा कि हम ब्रिटेन में ऐसा ही कर रहे हैं। हमारे यहां ऐसे कानून हैं, जो महिलाओं को सुरक्षा देते हैं, उन्हें सशक्त करते हैं। हम ये सुनिश्चित भी करते हैं कि ये कानून ठीक से लागू भी हो।

मेटा वॉट्सएप पर डीपफेक हेल्पलाइन शुरू करेगा

नई दिल्ली। भारत में एआई जनरेटेड डीपफेक वीडियों का शिकार आम- खास सभी लोग हो रहे हैं। अब इसे काबू में करने के लिए वॉट्सएप फैक्ट चेक हेल्पलाइन शुरू करेगा। टेक दिग्गज कंपनी मेटा और मिसइन्फॉर्मेशन कॉम्बैट एलायंस (एमसीए) ने एआई से उत्पन्न डीपफेक के खतरे से निपटने के लिए साझेदारी कर इस की घोषणा की है।

मेटा ने कहा कि वॉट्सएप चैटबॉट पर डीपफेक कंटेंट को मार्क करने में मददगार होगा। यह अंग्रेजी के साथ तीन क्षेत्रीय भाषाओं हिंदी, तमिल और तेलुगु में उपलब्ध होगा। इसकी शुरुआत अगले महीने मार्च से की जाएगी। इसके लिए डीपफेक एनालिसिस यूनिट होगी। यूजर्स चैटबॉट के जरिए टेक्स्ट मैसेज, इमेज और वीडियो भेजकर रिपोर्ट कर सकेंगे। एमसीए के चेयरमैन भरत गुप्ता ने कहा कि गलत सूचना रोकने के लिए यह जरूरी है। वहीं, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि सभी इंटरनेट प्लेटफॉर्म को यह सुनिश्चित करना है कि उनके मंच पर कोई गलत या डीपफेक पोस्ट न हो।

यमन में पोत पर ड्रोन से हमला भारतीय नौसेना ने की मदद

नई दिल्ली, एजेंसी

● व्यापारिक पोत के चालक दल का एक सदस्य घायल, बीते दिनों में भारत ने कई हमले किए विफल

व्यापारिक जहाजों पर अदन की खाड़ी में हमले कोई नई बात नहीं है। इजराइल-हमास के बीच जारी जंग से समुद्री लुटेरे अक्सर इन जहाजों को निशाना बना रहे हैं। समुद्र में बढ़ रहे जहाजों पर हमले दुनिया भर के देशों के लिए चिंता का विषय बन गया है। बीते कुछ दिन पहले भारतीय नौसेना ने कई अभियानों के तहत व्यापारिक जहाजों को लुटेरो से बचाया है।

एक बार फिर अदन की खाड़ी में एक संदिग्ध ड्रोन से व्यापारिक जहाज पर हमला किया गया, इस दौरान भारतीय युद्धपोत ने जहाज की मदद की। भारतीय नौसेना लगातार समुद्री लुटेरो के हमलों विफल कर रही है।

भारतीय सैन्य अधिकारियों ने शनिवार को मामले की जानकारी देते हुए कहा कि पलाऊ के झंडे वाले जहाज एमवी आइलैंडर पर गुरुवार को हमला किया गया। इस दौरान जहाज के चालक दल के एक सदस्य को चोटें आईं। उन्होंने कहा कि नौसेना की एक टीम जहाज पर चढ़ गई और वहां मौजूद चालक दल को बचाया। यह ताजा घटना हूती विद्रोहियों द्वारा लाल सागर में कई व्यापारिक जहाजों पर हमलों पर बढ़ती वैश्विक चिंताओं के बीच सामने आई है। उन्होंने बताया कि भारतीय नौसेना की एक चिकित्सा टीम ने एमवी आइलैंडर पर सवार होकर घायल चालक दल के सदस्य को चिकित्सा सहायता दी।

मामले की जानकारी देते हुए अधिकारी ने कहा कि जहाज से एक इमरजेंसी कॉल आया, जिस पर प्रतिक्रिया करते हुए भारतीय नौसेना के बलों ने मालवाहक जहाज को बहादुर से बचा लिया। भारतीय नौसेना के प्रवक्ता कमांडर विवेक मधवाल ने कहा कि भारतीय नौसेना के जहाजों के प्रयास, व्यापारी जहाजों और नाविकों की सुरक्षा के प्रति भारतीय नौसेना की दृढ़ प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं।

फिर बढ़ी ठंड...

शिमला : हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति में फिर बर्फबारी होने से प्रदेश में ठंड बढ़ी है। कुछ जगह पारा माइनस 7 तक नीचे गिर गया। वहीं, बर्फबारी के बाद मौसम खुलते ही मनाली में सैलानियों की खासी भीड़ उमड़ी है। पर्यटन व्यवसाय पूरी तरह से गति पकड़ चुका है। यहां बड़ी संख्या में सैलानी पहुंच रहे हैं। ● एजेंसी

इमरान की पार्टी के नए अध्यक्ष होंगे अली जफर, गौहर को हटाया

इस्लामाबाद। बैरिस्टर गौहर अली खान को खराब प्रदर्शन के कारण इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष पद से हटा दिया गया है। अगले अध्यक्ष पद के उम्मीदवार बैरिस्टर अली जफर हैं और पार्टी के आंतरिक चुनाव तीन मार्च को होंगे।

पीपीपी, पीएमएल-एन और अन्य सहयोगी दलों के नवनिर्वाचित सदस्यों ने शनिवार को विपक्षी दलों के बहिष्कार के बीच सिंध प्रांतीय विधानसभा में शपथ ग्रहण किया। नवनियुक्त विधानसभा अध्यक्ष आगा सिराज दुर्रानी ने समारोह का आयोजन किया था। इसमें इमरान खान की पार्टी और अन्य विपक्षी दलों द्वारा समर्थित विधायक अनुपस्थित थे।

सुनक के खिलाफ बागी तेवर, इस्तीफा देंगे सांसद

● उपचुनाव में हार के बाद पीएम की पार्टी में नेतृत्व बदलने की मांग

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन में भारतवंशी पीएम ऋषि सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। सरकारी नीतियों के विरोध और भ्रष्टाचार के मामलों के कारण कंजर्वेटिव पार्टी उपचुनावों में लगातार हार की परंपरा तोड़ नहीं पा रही है। हार के चलते कंजर्वेटिव पार्टी में नेतृत्व परिवर्तन की मांग शुरू हो गई है।

कंजर्वेटिव पार्टी के 100 सांसदों ने चुनाव से पहले इस्तीफा देने का फैसला किया है। रिपोर्ट के मुताबिक सांसदों को लगता है कि आगामी चुनावों में वे अपनी सीट खो देंगे। साथ ही, इनमें से कई सांसदों ने राजनीति से संन्यास लेने का फैसला लिया है। इसी माह हाउस ऑफ कॉमन्स की जस्टिस कमेटी के प्रमुख सर बॉब नेइल और पूर्व चांसलर क्वासी क्वार्तेंग और डिप्टी प्रमुख निक्की एइकेन ने घोषणा की है कि वे संसद छोड़ रहे हैं और इस साल होने वाले चुनाव नहीं लड़ेंगे। ब्रिटेन में 2019 के आम चुनावों में तत्कालीन पीएम जॉनसन ने पार्टी को पर्याप्त बहुमत दिलाया था, लेकिन उसके बाद एक ही कार्यकाल में 10 से ज्यादा उपचुनाव पार्टी हार चुकी है। हाल में, दो सीटों वेलिंगबर्ग और किंग्सवुड में हार से कंजर्वेटिव सांसद चिंता में पड़ गए हैं। कंजर्वेटिव सांसद पीटर बोन को हटाने के बाद चुनाव हुए थे। यहां लेबर पार्टी के सांसद जेन किचेन को 45.8% वोट मिले, जो पिछली बार से 28.5% ज्यादा थे।

ब्रिटेन के हर क्षेत्र में हावी हो रहे मुस्लिम परस्त अतिवादी

लंदन। ब्रिटेन की पूर्व गृहमंत्री सुएला ब्रेवरमैन ने दावा किया है कि देश के हर क्षेत्र में मुस्लिमपरस्त अतिवादी हावी हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन की पहचान ऐसे देश के रूप में रही है, जहां विभिन्न धर्मों और नस्लों के लोग मिलजुल कर रहते रहे हैं, लेकिन ब्रिटेन अब अपनी पहचान खो रहा है। ब्रेवरमैन ने शुक्रवार को 'द डेली टेलीग्राफ' में लिखे लेख में अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने अपने लेख में ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक पर भी इस्लामवादियों के तुष्टीकरण को लेकर हमला बोला। ब्रेवरमैन ने लिखा, "सच्चाई यह है कि इस्लामवादी, अतिवादी और यहूदी-विरोधी अब हावी हो रहे हैं। हम अपनी न्यायपालिका, अपने विश्वविद्यालयों में भी उनका प्रभाव देखते हैं।

सीएम शिंदे और बेटे को धमकी देने वाला युवक पुणे से गिरफ्तार

मुंबई। मुंबई पुलिस की अपराध शाखा (क्राइम ब्रांच) ने पुणे से शनिवार को एक शख्स को गिरफ्तार किया। उस पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और सांसद श्रीकांत शिंदे को धमकी देने का आरोप है। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने सोशल मीडिया के जरिए धमकी दी थी और उसके खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 506 (2) और 505 (1) (बी) के तहत मामला दर्ज किया गया है। आगे की जांच जारी है।

मणिपुर की डीएम यूनिवर्सिटी में विस्फोट, 1 की मौत, एक घायल

इंफाल, एजेंसी

● धमाके के बाद सुरक्षा बल इलाके में किए तैनात, अपराधियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान जारी

इंफाल में डीएम विश्वविद्यालय परिसर के पास शुक्रवार देर रात हुए विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना की जानकारी पुलिस ने शनिवार को दी।

पुलिस ने कहा कि इंफाल पश्चिम जिले में डीएम यूनिवर्सिटी परिसर के पास एक शक्तिशाली बम, जिसके इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) होने का संदेह है, विस्फोट हो गया, जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उनमें से एक की बाद में चोटों के कारण मृत्यु हो गई। यह विस्फोट मणिपुर के प्रमुख छात्र संगठन ऑल मणिपुर स्टूडेंट्स यूनियन (एएमएसयू) के कार्यालय के पास हुआ। पुलिस ने अभी तक इस बात की पुष्टि नहीं की है कि विस्फोट के लिए कौन सा संगठन या कौन जिम्मेदार है, जिसका प्रभाव शहर के कुछ हिस्सों से सुना गया था।

विस्फोट के बाद सुरक्षा बल तुरंत इलाके में पहुंचे और अपराधियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू किया। इस बीच एक नागरिक समाज संगठन के परिसर में भी आगजनी और गोलीबारी भी की है।

विज्ञान ताजा रिपोर्ट के अनुसार, बेशुमार धूल कणों से भरे क्षेत्र से धुंधला नजर आता है सूर्य

हमारी कल्पना से बहुत बड़ा है कुइपर बेल्ट

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : अनगिनत पिंडों से भरे हमारे सौर मंडल का कुइपर बेल्ट हमारी सोच से कहीं बड़ा है। ताजा रिपोर्ट के अनुसार यह बेशुमार धूल कणों से भरा हुआ है। इस क्षेत्र से सूरज धुंधला नजर आता है। नासा का न्यू होराइजन्स मिशन इन दिनों सौर मंडल के इस हिस्से की खाक छान रहा है।

नासा के अनुसार न्यू होराइजन्स मिशन ने 2015 में प्लूटो के सामने से गुजरा था। अब कुइपर बेल्ट की गहराई से गुजर रहा है। यह अंतरिक्ष यान बेशुमार ब्रह्मांडीय धूल भरी आंधी का सामना कर रहा है। अंतरिक्ष धूल से भरा यह हिस्सा माइक्रोन के एक मीटर के लाखवें हिस्से से भी छोटे कणों से भरा हुआ है। यह सौर मंडल में अधिकांश धूल ग्रहों के निर्माण से बचा हुआ अवशेष है। अब इसमें क्षुद्रग्रहों और धूमकेतुओं की सतहों से सूक्ष्म उल्कापिंड के प्रभाव से निकली ताजा धूल भी शामिल हो गई है।

धूल से भरा कुइपर बेल्ट की तस्वीर।

कोलोराडो विश्वविद्यालय बोल्डर के खगोलशास्त्री एलेक्स डोनर ने अपने बयान में कहा है कि न्यू होराइजन्स नेप्च्यून और प्लूटो से परे अंतरग्रहीय धूल का पहला प्रत्यक्ष माप कर रहा है, इसलिए हर अवलोकन से एक खोज हो सकती है। जनवरी में कुइपर बेल्ट के बाहरी किनारे और सूर्य के बीच की दूरी 149.5 मिलियन किलोमीटर थी। वह निरंतर आगे बढ़ रहा है। जिसके चलते माना जा रहा है कि यह क्षेत्र बहुत बड़े हिस्से में फैला हो सकता है। न्यू होराइजन्स इन दिनों बाहरी सौर मंडल से होकर गुजर रहा है। डोनर के अनुसार हमने एक विस्तारित कुइपर बेल्ट का पता लगाया है। जिसमें छोटे पिंडों का बड़ा समूह टकराता रहता है। जिस कारण भारी मात्रा में धूल पैदा होती है। बड़ी बात यह है कि सौर मंडल के सबसे दूर के क्षेत्रों के रहस्यों को सुलझाने में यह खोज कई सुराग प्रदान करती है।

कुइपर बेल्ट का नाम खगोलविद जेरार्ड कुइपर और केनेथ एडगेवर्थ के नाम पर रखा गया है। उन्होंने स्वतंत्र रूप से इस क्षेत्र के अस्तित्व का प्रस्ताव इसकी खोज से भी पहले रखा था। यह हमसे बहुत दूर है और बर्फीला क्षेत्र है।

साल 2040 तक काम करेगा मिशन न्यू होराइजंस

न्यू होराइजन्स बहुत दूर अंतरिक्ष के खगोलीय पिंडों की खोज के लिए महत्वाकांक्षी योजना है। यह मिशन 2040 के दशक तक काम करेगा। इस अंतरिक्ष यान में अभी पर्याप्त ईंधन है। वैज्ञानिकों के अनुसार न्यू होराइजंस बाहरी सौर मंडल के मानचित्र को बनाने में मील का पत्थर साबित होगा।

समुद्र के नीचे देश की पहली ट्यूब रेल टनल का काम शुरू

मुंबई, एजेंसी

देश में पहली बार कोई ट्रेन समुद्र के नीचे सुरंग से होकर गुजरेगी। मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड कॉरिडोर पर बुलेट ट्रेन के लिए महाराष्ट्र में बांद्रा- कुर्ला कॉम्प्लेक्स और शिलफाटा के बीच सुरंग का निर्माण शुरू हो गया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने खुदाई का शुभारंभ किया। वैष्णव ने कहा, प्रोजेक्ट में तेजी लाने के लिए खुदाई एक साथ चार स्थानों से शुरू की गई है। टनल में तीन तल होंगे। निचले तल से ट्रेन चलेगी। उन्होंने कहा, कॉरिडोर के सूरत-बलिमोरा सेक्शन पर अगस्त 2026 तक बुलेट ट्रेन दौड़ने लगेगी।

ट्यूब में बिछेगी पटरी

समुद्र में 5 किमी की खुदाई न्यू ऑस्ट्रियन टनलिंग मेथड (एनएटीएम) तकनीक से होगी। अस्थाई दीवार से सुरंग बनने के बाद ट्यूब डाला जाएगा। फिर इसमें पटरी बिछेगी। ट्यूब को पानी के अंदर नीचे से जुड़े प्लेटफॉर्म पर फिक्स करेंगे। अस्थाई दीवार हटा ली जाएगी। फिर ट्यूब से ट्रेन गुजरेगी। 320 किमी/घंटा स्पीड टनल के अंदर ट्रेन की स्पीड 300 से 320 किमी प्रति घंटा होगी। 21 किलोमीटर की टनल में 7 किमी हिस्सा समुद्र के नीचे होगा।